विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएँ

▸ रीवा, बुधवार 27 अगस्त, 2025 ▸ भाद्रपद शुक्ल पक्ष 4, विक्रम संवत 2082 ▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए ▸ वर्ष 72 ▸ अंक 329 ▸ पृष्ठ 12+8=20

www.dainikjagranmpcg.com


### ओम गं गणपतये नमः



## बप्पा को विराजमान करने का शुभ समय

*भाद्र मास की शुक्ल पक्ष चतुर्थी को सिद्धि विनायक चतुर्थी मनाई जाती है। देश के अलग-अलग हिस्सों में में गणेश चतुर्थी से 10 दिनों तक गणेश उत्सव होता है। इस दिन गणपति की प्रतिमा स्थापित की जाती है। गणेश चतुर्थी के दिन गणेश प्रतिमा की स्थापना करके श्रद्धालु क्षमता और व्यवस्था के अनुरूप संकल्प लेते हैं कि वह कितने दिनों तक गणपति महाराज की सेवा पूजा करेंगे। इसमें डेढ़ दिन, ढाई दिन, पांच दिन, 11 दिन और कुछ स्थिति में 11 दिन तक श्रद्धालु गणपति प्रतिमा को स्थापित करके सेवा पूजा करते हैं। सभी विघ्नों का नाश करने वाले गणपति की प्रतिमा की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा पूजा शुभ मुहूर्त में करें तो यह और भी उत्तम फलदायी होगा।*

***गणपति स्थापना, पूजनः मुहूर्त-नियमः*** *इस साल यह शुभ संयोग 27 अगस्त बुधवार को बना है, क्योंकि भाद्र शुक्ल चतुर्थी तिथि का आरंभ दिन में 1.55 बजे से हो रहा है, जबकि 27 अगस्त को दिन में 3.45 बजे तक चतुर्थी तिथि व्याप्त रहेगी। शास्त्रों के मत और पंचांग की गणना के अनुसार 27 अगस्त को गणपति स्थापना का शुभ मुहूर्त 11.07 बजे से 12.42 बजे तक रहेगा। इस दौरान 12.30 से राहुकाल लग जाएगा। ऐसे में 11.07 से 12.30 बजे का समय गणपति स्थापना और पूजन के लिए उत्तम रहेगा। इसके बाद, दूसरा शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 39 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 05 मिनट तक रहेगा। ओम गं गणपतये नमः मंत्र से गणेशजी की स्थापना और पूजन करें।*

### आज से 50 फीसदी ट्रंप टैरिफ लागू, तोड़ निकालने की कवायद में जुटी सरकार

# यूएस टैरिफ से शेयर बाजार धड़ाम! निर्यात के साथ नौकरियों पर संकट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका ने मंगलवार को भारत पर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लगाने की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। भारतीय समय के अनुसार यह टैरिफ बुधवार यानी 27 अगस्त को सुबह 9.31 बजे लागू हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया था। यानी अब अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 फीसदी तक हो जाएगा। आदेश में लिखा है, जो ड्यूटी इस दस्तावेज की सूची में बताई गई है, वह भारत से आने वाली चीजों पर लागू होगी। ये चीजें या तो अमेरिका में इस्तेमाल के लिए लाई जाएंगी या गोदाम से इस्तेमाल के लिए निकाली जाएंगी।

## ट्रंप के खिलाफ 'पावर शो', जिनपिंग बोले- चीन पीएम मोदी-पुतिन के स्वागत को तैयार



भारत-चीन के बीच तनाव काफी हद तक खत्म हो गया है। दोनों देशों के रिश्ते मधुर हो रहे हैं, इसी बीच विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के निमंत्रण पर 31 अगस्त और 1 सितंबर को एससीओ राष्ट्राध्यक्षों की 25वीं बैठक के लिए चीन के तियानजिन का दौरा करेंगे। 7 सालों बाद मोदी चीन का दौरान करने जा रहे हैं। बैठक में पीएम मोदी के अलावा पुतिन सहित 20 दिग्गज कई नेता मौजूद रहेंगे। बैठक को लेकर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि चीन इन नेताओं की मेजबानी के लिए तैयार है, यह एकजुटता का भव्य प्रदर्शन होगा। चीन के सहायक विदेश मंत्री लियू बिन ने बताया कि बैठक में पुतिन, मोदी शामिल होंगे।

### टैरिफ का असर कम करने प्रधानमंत्री मोदी ने की बैठक, बनाई रणनीति

उधर, ट्रंप टैरिफ का तोड़ निकालने के लिए केंद्र सरकार मंथन में जुटी है। टैरिफ का किस सेक्टर्स पर कितना प्रभाव होगा इसको लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएमओ में बैठक की। इसमें वित्त मंत्री एवं वाणिज्य मंत्री सहित अहम विभागों से जुड़े आला अधिकारी शामिल हुए। माना जा रहा है कि सरकार का फोकस टैरिफ का असर कम करने के लिए जीएसटी सुधार सहित अन्य विकल्पों पर है। इन्हीं मुद्दों पर बैठक में चर्चा हो सकती है।

### बड़ी गिरावट: सेंसेक्स में 849 और निफ्टी में 255 अंक नीचे आए

शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार की शुरुआत के साथ शुरू हुई गिरावट मार्केट क्लोज होने तक बढ़ती ही चली गई। अंत में दोनों इंडेक्स बुरी तरह टूटकर बंद हुए। सेंसेक्स 849 अंक की तगड़ी गिरावट लेकर बंद हुआ, वहीं निफ्टी ने 255 अंक टूटकर क्लोजिंग की। इसमें लार्जकैप से स्मॉलकैप कंपनियों तक के शेयर भरभराकर टूटे। बाजार में अचानक ये बड़ी गिरावट ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25 फीसदी टैरिफ की अधिसूचना जारी होने के बाद आई।

### इन बड़ी कंपनियों के शेयर बिखरे

शेयर मार्केट में मंगलवार को बड़ी गिरावट के बीच देश की बड़ी कंपनियों के शेयर बिखर गए। मार्केट क्लोज होने पर लार्जकैप कैटेगरी में शामिल सनफार्मा 3.40 फीसदी, टाटा स्टील 2.88, बजाज फाइनेंस 2.67, ट्रेंट शेयर 2.45, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.02, बजाज फिनसर्व 2, रिलायंस 2 और एक्सिस बैंक के शेयर 2.86 फीसदी गिरे।

**जर्मन मीडिया का दावा**

## पीएम मोदी ने ट्रंप का फोन नहीं उठाया, 4 बार बातचीत से इनकार

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को चार कॉल किए थे, लेकिन मोदी ने उनसे एक बार भी बात नहीं की। इससे दोनों नेताओं में तनाव बढ़ गया। यह दावा जर्मन न्यूज पेपर एफएजेड ने किया है। हालांकि, रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि ये कॉल कब किए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी और भारत को 'डेड इकोनॉमी' कहने से मोदी नाराज हैं। पहले दोनों नेताओं के बीच अच्छे रिश्ते थे, लेकिन अब भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए होने वाली बातचीत रद्द कर दी है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को नई दिल्ली आने से रोक दिया गया।

## टैरिफ का किस पर पड़ेगा कितना असर

### उद्योग

ज्वेलरी, टेक्सटाइल, ऑटो, सीफूड सेक्टर की इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर अमेरिका के साथ ट्रेड डील नहीं होती है या टैरिफ कम नहीं होता है, तो 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा।

### आम आदमी


एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत से अमेरिका को सबसे ज्यादा ज्वेलरी, कपड़े, मशीनरी और केमिकल एक्सपोर्ट किए जाते हैं। 50 फीसदी टैरिफ से अमेरिका में ये चीजें महंगी हो जाएंगी और वहां से ऑर्डर मिलने कम हो जाएंगे। इसके चलते कंपनियों को प्रोडक्शन घटाना पड़ेगा, जिससे छंटनी हो सकती है। यानी इन सेक्टर्स में नौकरियां जाने का खतरा है। हालांकि, कितनी नौकरियां जाएंगी, इसका अंदाजा लगाना अभी मुश्किल है।

### अर्थव्यवस्था

अमेरिका को होने वाला निर्यात कम होगा। इससे सरकार को निर्यात से कमाई घटेगी। एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.2 फीसदी से 0.6 फीसदी तक कम हो सकती है। सरकार को अपनी व्यापार नीति में बदलाव करना पड़ सकता है।

### इन पर असर नहीं

टैरिफ का असर आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री पर नहीं होगा। अभी इलेक्ट्रॉनिक्स को सेक्शन 232 के तहत छूट मिली है। जब तक इसकी घोषणा नहीं होती, तब तक अमेरिकी निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं फार्मा पर मौजूदा टैरिफ 0 फीसदी है, लेकिन ट्रंप ने 18 महीने में 150 फीसदी और बाद में 250 फीसदी टैरिफ की धमकी दी है। जब तक ये लागू नहीं होता, तब तक छूट मिलती रहेगी। आईटी इंडस्ट्री सर्विस सेक्टर का पार्ट है, इसलिए वो भी इस 50 फीसदी टैरिफ के दायरे में नहीं आती है।



भारतीय नौसेना के जहाज उदयगिरि और हिमगिरि नौसेना में शामिल

## बिजली कंपनियों में 51 हजार नए पद भरे जाएंगे: मुख्यमंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस रहेगा। इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं, वहीं बिजली कंपनियों को भी मैनपॉवर से युक्त किया जा रहा है। जल्द ही बिजली कंपनियों में 51 हजार से अधिक नए पद भरे जाएंगे।



सीएम डॉ. यादव मंगलवार को रविंद्र भवन में राज्य की 6 विद्युत कंपनियों के नवनियुत 1060 कार्मिकों को नियुत-पत्र वितरण और अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि देश की राजधानी दिल्ली की मेट्रो ट्रेन मध्यप्रदेश की बिजली से चल रही है। हम उद्योगों, किसानों सहित सभी प्रदेशवासियों की बिजली की मांग के साथ देश की बिजली की जरूरत को भी पूरा कर रहे हैं। प्रदेश में विद्युत उत्पादन में सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। देश में क्लीन एनर्जी के लिए गतिविधियों का विस्तार हो रहा है। प्रदेश में पिछले 11 वर्षों में सौर ऊर्जा 30 प्रतिशत बढ़ी है। किसानों को 20 हजार 267 करोड़ रुपए की सब्सिडी इस वर्ष दी जा रही है। प्रदेश के एक करोड़ से अधिक परिवारों को बिजली विभाग ने 6445 करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान की है। प्रदेश में बिजली तैयार करने के लिए हर उपलब्ध संसाधन का उपयोग किया जा रहा है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सांची को प्रदेश की पहली सोलर सिटी बनाया गया है। राज्य के 32 लाख किसानों को सोलर पंप प्रदान किए जा रहे हैं।







# प्रिज्म जॉन्सन ने जिला प्रशासन को प्रदान किये 15 हजार फलदार पौधे



**जागरण, सतना।** प्रिज्म जॉन्सन लिमिटेड ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जिला प्रशासन सतना को 15 हजार उन्नत किस्म के फलदार पौधे उपलब्ध कराए। इनमें आम, आंवला, नींबू, कटहल, अमरूद और जामुन जैसी प्रजातियाँ शामिल हैं। ये पौधे मध्य प्रदेश शासन के जल गंगा अभियान में सहभागिता के अंतर्गत प्रदान किए गए। जिला प्रशासन और उद्यानिकी विभाग के सहयोग से ये पौधे संबंधित ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण परिवारों तक पहुँचाए जा रहे हैं ताकि घरेलू स्तर पर हरियाली बढ़े, मिट्टी एवं जल संरक्षण को प्रोत्साहन मिले और भविष्य में किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त हो सकें। इस जानकारी की पुष्टि करते हुए प्रिज्म जॉन्सन लिमिटेड के डीजीएम सीएसआर एंड जनसंपर्क देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की उपस्थिति में ये पौधे कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स डॉ मनीष कुमार सिन्हा द्वारा उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक अनिल सिंह और जिला उद्योग विभाग के आर एल पाण्डेय को सौंपे गए। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहाए श्जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए सामुदायिक भागीदारी और कॉर्पोरेट सहयोग आवश्यक है। उद्यानिकी एवं वन विभागों के साथ मिलकर चलाए जा रहे ऐसे पौधारोपण और संरक्षण कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण, दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।डॉ मनीष कुमार सिन्हा, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स ने कहा, कंपनी का उद्देश्य क्षेत्र को अधिक हरा.भरा बनाना और समुदाय को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना है। इसी उद्देश्य से हम लगातार ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का वितरण कर रहे हैं ताकि लोग इन्हें घर आँगन और खेतों में लगाएँ तथा उनकी देखभाल करें।

# ई-अटेन्डेंस के विरोध में 5 सितम्बर को गांधी प्रतिमा के समक्ष होगा सत्याग्रह



**जागरण, सतना।** सतना 26 अगस्त अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की आवश्यक बैठक मोर्चा के अध्यक्ष बालमीक शुक्ल की अध्यक्षता में लिपिक सन्घ कार्यालय धवारी चौराहे मे संपन्न हुई जिसमे आयुक्त लोकशिक्षण सन्चालनालय भोपाल द्वारा जारी शिक्षको को ई अटेन्डेस की सुविधा का लाभ ले मोबाइल से हाजिरी लगाने मंत्रालय वल्लभ भवन द्वारा शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया है जो नेटवर्क एवं एप परफेक्ट न होने के कारण बिलकुल भी व्यवहारिक नहीं है इस बात को जिले से लेकर भोपाल स्तर पर शिक्षा मंत्री को भी अवगत कराया जाकर विरोध दर्ज करवाया जा चुका है जिस पर कुछ शिक्षक मोबाइल से हाजिरी लगा रहे है कुछ नहीं लगा रहे है और दस से पांच विद्यालय मे पठन पाठन का नियमित कार्य करते हुए हस्ताक्षर पंजी पर हस्ताक्षर कर रहे है पर इसी बीच संभागीय कार्यालय से मोबाइल से हाजिरी लगाने प्राचार्यो एवं प्रधानाध्यापकों पर दवाब बनाया जा रहा है जो अनुचित है जबरन क्रियान्वयन कराने की गलत पहल की जा रही है जिसका व्यापक विरोध हो रहा है मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल का कौन सा आदेश है जिसमें ये कहा गया है जो शिक्षक मोबाइल से हाजिरी नहीं लगाते उन्हें हस्ताक्षर पंजी में हस्ताक्षर न करने दिया जाय और उनके साथ बदसलूकी की जाय कतिपय सन्कुल प्राचार्य जैसे शुकवाह ए कारीगोही ए कन्या जैतवारा आदि हस्ताक्षर पन्जी छुपा कर शिक्षको को परेशान कर रहे है इसकी जानकारी प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री से मिलकर अवगत करा दिया गया है साथ ही मोर्चे द्वारा इस तरह की घटना की पुनरावृति होने पर मोर्चा विरोध प्रदर्शन एवं न्यायालीन कार्य वही करने के लिए बाध्य होगा । आज की इस बैठक मे मे शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा शासकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष विवेक सिंह पेंशन संगठन अध्यक्ष विमलेंद्र सिंह तृतीय वर्ग कर्मणसंघ के प्रांतीय महामंत्री रामाधार द्विवेदी शासकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष अतुल सिंह परिहार तृतीय वर्ग के जिलाध्यक्ष विकल्प गौतम सपाक्स संघ के अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी आम अध्यापक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र विश्वकर्मा दिलकश जैव बी डी पांडे अतुल सिंह सुभाष निगम सहित अनेक संघों के शिक्षक मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर से प्रदेश मे सिर्फशिक्षको के ऊपर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लागू की जा रही जबकि सरकार शिक्षकों के नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता पुरानी पेंशन जैसे मुद्दों पर गंभीर नहीं है और इस अपमान जनक योजना के विरोध मे पांच सितंबर को 12 बजे से काली पट्टी बांध गांधी जी की प्रतिमा के सामने रघुपति राघव राजा राम सरकार को सम्मति दे भगवान का पाठ कर सत्या ग्रह किया जाएगा।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का फूंका पुतला



**जागरण, सतना।** भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की महिलाओं को लेकर की गई टिप्पणी को घोर आपत्तिजनक बताते हुए कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की मानसिकता इस स्तर की है तो पूरी कांग्रेस पार्टी की स्थिति समझी जा सकती है। जीतू पटवारी द्वारा की गई टिप्पणी सिर्फ मध्यप्रदेश की ही नहीं बल्कि देश की सभी महिलाओं का अपमान है। इस तरह की गंदी भाषा और दूषित सोच से कांग्रेस की सच्चाई जनता के सामने उजागर हो चुकी है।

श्रीपाण्डेय ने कहा कि जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव महिलाओं को सम्मान और वंदना देते हैं वहीं कांग्रेस के नेता बार.बार महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं। कांग्रेस का इतिहास भी महिलाओं का अपमान करने और उनके प्रति असम्मानजनक भाषा प्रयोग करने का रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व जीतू पटवारी पर कार्रवाई करेगाघ् साथ ही मांग की कि पटवारी और कांग्रेस को अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा एमपी की महिलाएं नशे में नहीं हैं बल्कि पटवारी की सोच नशे में है। हरतालिका तीज जैसे पावन पर्व के दिन महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस को भारी पड़ेगा। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के विवादित बयान के विरोध में जीतू पटवारी का भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में सेमरिया चौक में पूतला दहन किया गया 'पूर्व महापौर ममता पांडेय ने कहा कि लाड़ली बहनों एवं मातृशक्ति का भाजपा के प्रति बढ़ते विश्वास से कांग्रेस बौखला गई है। पुतला दहन के दौरान श्रीमती जान्हवी त्रिपाठी प्रभा पांडेय आशा शुक्ला वर्षा सिंह गायत्री सिंह अर्चना सिंह संगीता कोल श्रद्धा सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता मुरारी सोनी विजय तिवारी बालेन्द्र गौतम जिला महामंत्री ऋषभ सिंह रमाकांत गौतम श्रीकृष्ण दुबेदी शुभम तिवारी जयप्रताप गुप्ता अनिल सचदेवा सुनील सेनानी अभिषेक तिवारी जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामूए रामपाल यादव मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल एड अरविन्द मिश्रा उत्तम वाल्मीक अग्निवेश शुक्ला सौभाग्य केसरी श्रीराम मिश्रा परशुराम गुप्ता सुनील यादव हेमंत पांडेय अनमोल गुप्ता डोला सोनी यश अग्रवाल आनंद जयसवाल अभिषेक सोनी शिवेंद्र सिंह डॉ अमित पांडेय उपस्थित रहे।

# सांसद गणेश सिंह ने दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**सतना।** सांसद गणेश सिंह ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। जासो मंडल के अंतर्गत ग्राम चुनहा में महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष स्नेहलता तुलसीदास बैरागी के ससुर दयालदास बैरागी का निधन हो गया। निधन के पश्चात सांसद ने निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित दी। जासो मंडल के अंतर्गत ग्राम कोनी में पहुंचकर महेश प्रताप सिंह के भाई और राजू सिंह के चाचा स्वर्गीय सुरेश प्रताप सिंह और बृजकुमार पायासी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

# प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई



**जागरण, सतना।** जुलाई में सेवा निवृत्त हुए पेंशनर साथी अवधेश प्रसाद त्रिपाठी राकेश सिंह सुरेश रावत राजेंद्र गुप्ता को माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया गया इसके बाद प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश भोपाल के आवाहन अनुसार संभागीय एवं जिला स्तर पर संचालित पेंशन कार्यालय को समाप्त करने के एवं भोपाल में केंद्रीकृत व्यवस्था लागू करने के शासन के निर्णय के विरोध में एवं महंगाई भत्ता की मांग सहित अन्य मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को संबोधित कलेक्टर सतना के प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर बी के मिश्रा को सोपा गया बैठक में निम्न पदाधिकारी उपस्थित रहे । संरक्षक वाल्मीकि शुक्ला राजाराम गर्ग राजेंद्र कुमार खरे अध्यक्ष पूरन त्रिपाठी संभागीय सचिव देवेंद्र सिंह भदोरिया एवं अवधेश प्रसाद त्रिपाठी शिवाकांत पाठक राम सोहवान कुशवाहा हीरामणि मिश्रा पारस शर्मा मनमोहन लाल वर्मा दिनेश चतुर्वेदी राम सुजान शुक्ला आर के चतुर्वेदी राकेश बाबू सिंह श्रवण कुमार सतनामी अनिल कुमार निगम गोपाल शरण सिंह सुरेश रावत बालकृष्ण गुप्ता रामजी पांडे उपेंद्र पांडे नर्मदा प्रसाद त्रिपाठी अंजनी प्रसाद पटेल ओ पी पांडे सुरेश स्वर्णकार कमलेश कुमार पांडे रामायण प्रसाद पांडे आर एस भी अग्निहोत्री दादू प्रसाद गौतम जानकी प्रसाद लोधी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता सुरेंद्रनाथ चौरसिया आदि उपस्थित रहे ।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आये 17 आवेदन



**जागरण, सतना।** मंगलवार को महापौर योगेश ताम्रकार की मौजूदगी में सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान 17 आवेदन प्राप्त हुये । जनसुनवाई का आयोजन 11 बजे दिन से दोपहर 1 बजे तक हुआ इस दौरान उपायुक्त सत्यम मिश्रा के अलावा नगर निगम के विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जनकल्याणकारी योजना से संबंधित 01 , अतिक्रमण से संबंधित 02 , विकास कार्य से संबंधित 04 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटनए आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्योंए अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। महापौर द्वारा शहरवासियों को अवगत कराया गया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनः आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

# बीएसएफ की ट्रेनिंग लेकर वापस लौटी गांव की बेटी

## कोटर के लोगों ने पुष्पमालाओं से किया दिव्या सिंह का जोरदार स्वागत



**जागरण, कोटर।** सतना जिले के कोटर नगर परिषद के वार्ड नंबर 1पऊ गांव की बेटी दिव्या सिंह देश की रक्षा में योगदान दे रही हैं। बीएसएफकी ट्रेनिंग लेकर वापस घर लौटी बेटी का गांव के साथ क्षेत्र के लोगों ने फूल माला और बैंड बाजों से स्वागत किया है।वहीं बेटी ने अपनी टोपी पिता के सिर पर रख दी और भावुक हो गई। जिले की कोटर तहसील के ग्राम कोटर पऊ की बेटी दिव्या सिंह का बीएसएफमें चयन हो गया था। 6 महीने पहले दिव्या होशियारपुर पंजाब में बीएसएफ की ट्रेनिंग देने गई थी। आज ट्रेनिंग लेकर वापस घर गांव लौटी है। गांव की बेटी का ग्रामवासियों ने गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। बेटी ने अपनी टोपी पिता के सिर पर रख दी और आशीर्वाद लिया। नगर परिषद कोटर के पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह व ग्रामवासी राजीवलोचन सिंह ने बताया कि पऊ गांव के निवासी श्रीमती भारती ज्ञान सिंह की पुत्री दिव्या सिंह का करीब 8 महीने पहले बीएसएफ में चयन हुआ था। आज से 6 माह पहले दिव्या बीएसएफ की ट्रेनिंग लेने के लिए जिला होशियारपुर पंजाब गई थी। वहां से ट्रेनिंग पूरी कर अपने गांव में वापस लौटी दिव्या का आज ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया। डीजे व गाजे बाजे के साथ ग्रामवासियों ने पूरे गांव में रैली निकाली। जिसमें गांव के बच्चोंए युवाओए पुरुषों व महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान गांव की बेटी का कई स्थानों पर स्वागत किया और कई महिलाओं द्वारा बेटी की आरती उतारी गई। लोगों ने बताया कि गांव बेटी ने नाम रोशन किया है। हम सब गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। ऐसे देश की बेटियां आगे बढ़ें। सभी ने गांव की बेटी दिव्या के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# महर्षि कश्यप ऋषि जयंती समारोह की पूर्व संध्या पर वाहन रैली आज



**सतना।** श्री वैश्य परिषद द्वारा महर्षि कश्यप ऋषि जयंती की पूर्व संध्या पर विशाल वाहन रैली आज परिषद अध्यक्ष कमलेश प्रसाद गुप्ता एवं कार्यक्रम संयोजक छबि गुप्ता युवा वैश्य परिषद अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने जानकारी दी कि जयंती की पूर्व संध्या पर आज 27 अगस्त को दोपहर 3 बजे एक भव्य दोपहिया वाहन रैली निकाली जाएगी। यह रैली हनुमान नगर नई बस्ती से प्रारंभ होकर सेमरिया चौक, कृष्ण नगर, स्टेशन रोड, जय स्तंभ चौक, बिहारी चौक, पन्नीलाल चौक, अस्पताल चौक, कशोधन धर्मशाला, हनुमान चौक, लालता चौक, भैंसाखाना चौक, बांस नाका से होते हुए टिकुरिया टोला स्थित कश्यप चौक पूजन स्थल पर संपन्न होगी। मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता ने बताया कि समारोह को सफल बनाने के लिए परिषद अध्यक्ष कमलेश प्रसाद गुप्ता, महामंत्री घनश्याम केसरी एवं संयोजक छबि गुप्ता ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत रूपरेखा तैयार की है। इस अवसर पर कशोधन वैश्य समाज अध्यक्ष राधिका गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, केसरवानी नगर सभा अध्यक्ष विजय गुप्ता, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर परिषद ने हटाया अवैध अतिक्रमण



**जागरण, सतना।** नगर परिषद रामपुर बघेलान द्वारा हनुमानगंज स्थित हनुमानगंज से त्योधरी रोड में अवैध रूप से सब्जी और फल फूल की सजी दुकानों के कारण आवागमन में हो रहे अवरोध से दिनभर जाम की स्थिति से निजात पाने अनुविभागीय अधिकारी आर एन खरे की उपस्थिति में नगर परिषद सीएमओ अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा सड़क को आक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि हनुमानगंज में बने हॉकर कार्नर में ही दुकान संचालित करें ऐसा न करने पर दुकान तो हटेंगी ही साथ में अर्थ दंड के साथ दंडित भी किया जाएगा जिसके जवाबदार अवैध अतिक्रमणकारी स्वयं होंगे आयोजित अतिक्रमण कार्य में उपयंत्री विश्वजीत कुशवाहा अतिक्रमण प्रभारी राम विश्वास कुशवाहा इसराइल सौदागर राजमान अमर सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिन्धु विकास समिति को सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन ने किया सम्मानित



**जागरण, सतना।** विंध्य क्षेत्र की अग्रणी समाज सेवी संस्था सिन्धु विकास समिति की सेवाओं से प्रभावित होकर सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन परिवार ने आयोजित वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार संस्थाध्यक्ष मनोज शर्मा चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा अध्यक्ष फेरूमल तोलवानी एवं भागवत सिंह तिवारी महामंत्री अभिषेक जैन ने संस्था की सेवाओं को सम्मानित किया सम्मान संस्था के संरक्षक मनोहर डिगवानी अध्यक्ष विनोद गेलानी मंत्री संजय वाधवानी सहमंत्री दिलीप सोनी सदस्य मनीष सदानी एवं सहयोगी भरत आहूजा ने ग्रहण किया। संस्था 'पिछले 32 वर्षों से निरंतर सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है जिसमें सर्वसमाज को रक्त की सेवा प्रदान करना एवं नारायण मुक्तिधाम का नवनिर्माण प्रमुख है । संस्था के सम्मानित होने पर श्रीचन्द मनवानी गोपी गेलानी ज्ञान खटवानी इंद्रलाल आडवाणी घनश्याम मंघनानी दीपक वाधवानी रंजीत सेनानी बसंत खत्री महेश रावलानी गंगाराम सचदेव मनीष टेकवानी पंकज आहूजा अनिल मोटवानी जितेंद्र गावरी अमित कामरानी सहयोगी मनमोहन माहेश्वरी विभाष बनर्जी आकाश बनर्जी बसंत शर्मा जेठानंद वाधवानी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# लक्ष्मी यादव की स्मृति में ईनामी दंगल का आयोजन



## ऐसे आयोजन स्मृति को जीवंत रखने का एक शानदार प्रयासः गणेश सिंह

**जागरण, सतना।** मंगलवार को भटनवारा स्थित मां कालिका अखाड़े में स्वर्गीय लक्ष्मी यादव की स्मृति में एक भव्य ईनामी दंगल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सतना सांसद गणेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्व.लक्ष्मी यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की और पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह ने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और ग्रामीण खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कुश्ती जैसे खेल युवा पीढ़ी को अनुशासनए परिश्रम और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की प्रेरणा देते हैं। स्वर्गीय लक्ष्मी यादव को याद करते हुए उन्होंने कहाए लक्ष्मी यादव ने जल योगी के रूप में पूरे देश में अपनी पहचान बनाई थी। सांसद ने 2024 ओलंपिक में विनेश फोगाट और अन्य भारतीय पहलवानों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों ने विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियानों की सराहना की जो युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। साथ हीए उन्होंने हाल ही में संसद में पारित नए कानून का उल्लेख कियाए जिसके तहत सभी खेल अब पारदर्शी ढंग से आयोजित होंगेए और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलेगा। उन्होंने मंच से जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत सतना के दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम में तीन दिवसीय खेल आयोजन की जानकारी भी सांसद ने दी।

# कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन



**जागरण, सतना।** लवडेल सी से स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को मंच पर प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने कृष्ण, राधा, गोपियाँ, देवकी, यशोदा, नंदलाल, सुदामा एवं बलराम के रूप में सुसज्जित होकर मनमोहक झांकियाँ प्रस्तुत कीए जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। शिक्षिकाओं ने भी श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग एवं बाल लीलाओं का सजीव वर्णन कर विद्यार्थियों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान से अवगत कराया।इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर विद्यालय परिसर को कृष्णमय बना दिया। पूरे आयोजन में उल्लास एवं उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती श्रीति सोम एवं चेयरपर्सन श्रीमती पूजा सिंह उपस्थित रहीं और बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु सराहना की।

# दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में 29 से 31 अगस्त तक होगी खेलकूद प्रतियोगिता

**सतना।** राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रीय खेल दिवस फिट इंडिया के तहत दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सतना में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 अगस्त को प्रातः 7.15 बजे दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सतना में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, फिट इंडिया शपथ एवं फुटबाल, रस्साकशी मनोरंजन खेल का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 30 अगस्त को विद्यालय समय में महाविद्यालयों, विद्यालयों में खेल संवाद, खेल में फिट रहने के कार्यक्रम तथा 31 अगस्त को प्रातः 8 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सतना में संडे आन सायकल अंतर्गत सायकल दौड का आयोजन किया जायेगा। शाम को खेल प्रतियोगिता के समापन पर सभी वरिष्ठ खिलाडियों, अंतरार्ष्ट्रीय, राष्ट्रीय खिलाडियों को सम्मानित किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कुल सचिव ग्रामोदय महात्मा गांधी विश्वविद्यालय चित्रकूट, एकेएस विश्वविद्यालय सतना, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य पीएमश्री एक्सीलेंस महाविद्यालय, प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं समस्त खेल संघ, संस्थान को निर्देशित किया है कि निर्धारित गतिविधियों के अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन करें।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएँ

रीवा, बुधवार 27 अगस्त, 2025 · भाद्रपद शुक्ल पक्ष 4, विक्रम संवत 2082 · नगर · मूल्य 5 रुपए · वर्ष 72 · अंक 329 · पृष्ठ 12

www.dainikjagranmpcg.com

## गणेश चतुर्थी पर आज शासकीय अवकाश

*विसं भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गणेश चतुर्थी पर्व पर संपूर्ण प्रदेश में अवकाश रहेगा। उन्होंने राज्य शासन द्वारा निर्धारित अवकाश व्यवस्था की समीक्षा के लिए समिति गठित करने के निर्देश भी दिए। सीएम ने कैबिनेट की बैठक से पहले अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए।*

*इधर, गणेश चतुर्थी पर भोपाल जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। गणेश चतुर्थी पर कई श्रद्धालु घर के आसपास एवं घर में भी गणेश प्रतिमा स्थापित करते हैं। इसके चलते भोपाल में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। नगर निगम द्वारा शहर में संचालित होने वाली मांस की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी यदि कोई मांस विक्रेता नियमों के विरुद्ध जाकर दुकान का संचालन करता है, तो उनके लाइसेंस रद्द करवाकर मामले की शिकायत पुलिस में की जाएगी।*

### मोहन कैबिनेट : कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर, जांच से जुड़े पुलिस अधिकारियों को मिलेंगे टैबलेट

# निकायों में 'अविश्वास' रोकने अध्यादेश लाएगी सरकार

## शिकायतों के आधार पर पद से हटाने पर लगेगी रोक

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों के खिलाफ लाए जाने वाले अविश्वास प्रस्ताव को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार इसे रोकने के लिए जल्द ही अध्यादेश लाएगी। इसी तरह सरकार ने तय किया है कि राज्य के पुलिस थानों में तैनात सभी जांच अधिकारियों को टैबलेट दिए जाएंगे।

यह निर्णय मंगलवार को मंत्रालय में डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की बैठक में लिए गए। कैबिनेट में हुए निर्णय के बारे में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि सरकार ने तय किया है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शिकायतों के आधार पर पद से हटाने से रोकने के लिए सरकार ने अहम निर्णय लिया है। जल्द ही राज्य शासन इसको लेकर अध्यादेश लेकर आएगी। विजयवर्गीय ने कहा कि अभी जो निर्वाचन व्यवस्था है, उसमें अराजकता जैसी स्थिति बनती है। इसमें आर्थिक लेन-देन से भी इंकार नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं इससे निकायों के जनप्रतिनिधियों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है।



## प्रदेश के सभी थानों में दिए जाएंगे 25 हजार टैबलेट

विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट ने एक और अहम फैसले पर सहमति जताई है, जिसमें पुलिस थानों में जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को टैबलेट दिए जाएंगे, जो जीपीएस से जुड़े होंगे। इसके लिए क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के सभी थानों के लिए 25 हजार टैबलेट देने का निर्णय लिया गया है। इसके प्रथम चरण में 1 हजार 732 टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। इस चरण में शहरीय क्षेत्रों के थानों के जांच अधिकारियों को टैबलेट दिए जाएंगे। कैबिनेट ने इन टैबलेट को खरीदने के लिए 75 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। गृह विभाग इसके लिए अधिकारियों को प्रशिक्षित भी कराएगा। विजयवर्गीय ने बताया कि इन टैबलेट के जरिए पुलिस आधुनिक तरीके से अनुसंधान करेगी। टैबलेट से जहां वीडियोग्राफी की जा सकेगी, वहीं फोटो भी लिए जाए सकेंगे।

### उज्जैन-इंदौर-पीथमपुर के बीच चलेगी मेट्रो

विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट ने एक अहम प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए उज्जैन से पीथमपुर के बीच मेट्रो ट्रेन संचालन से जुड़े प्रस्ताव पर सहमति जताई है। कैनिबेट ने उज्जैन-इंदौर-पीथमपुर लाइन के प्रथम चरण में श्रीमहाकालेश्वर उज्जैन लवकुश चौराहा, इंदौर एवं द्वितीय चरण में लवकुश चौराहा से पीथमपुर, मेट्रो रेल परियोजना की डीपीआर बनाने के कार्य के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को परामर्श शुल्क 9 लाख रुपए प्रति किमी की दर का अनुमोदन किया गया।

### खुद का सोलर प्लांट लगाने प्रस्ताव मंजूर

विजयवर्गीय ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एक प्रस्ताव पर कैबिनेट सदस्यों ने सहमति जताई है। इस प्रस्ताव में पीएचई जल जीवन मिशन के तहत अपनी पेयजल प्रदाय परियोजनाओं को संचालित करने के लिए स्वयं का सोलर प्लांट लगाना चाहती है। इसके लिए विभाग 100 मेगावट से सोलर सौर ऊर्जा परियोजना एवं 60 मेगावट की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करेगी।

### वन कोर्ट वन अभियोजन अधिकारी के पद स्वीकृत

विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट ने लोगों को जल्द न्याय मिले, इसके लिए राज्य के हर कोर्ट में एक सरकारी वकील मौजूद रहे, इसको देखते हुए 610 पद स्वीकृत किए हैं। इसमें अतिरिक्त लोक अभियोजन के 185 पद, जिला लोक अभियोजन अधिकारी के 225 पद और सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के 100 पद सृजित करने का निर्णय लिया है। इस पर सरकार पर 60 करोड़ 24 लाख 72 हजार रुपए का भार आएगा।

### ग्रीन शू योजना पर भी सहमति

कैबिनेट में ग्रीन शू योजना के प्रस्ताव पर भी सहमति जताई है। विजयवर्गीय ने कहा कि इस योजना के तहत मप्र में स्थापित सभी ताप गृह अपनी क्षमता से ज्यादा बिजली का उत्पादन करें, इसके लिए पर्याप्त कोयले की आपूर्ति उपलब्ध कराने केंद्र सरकार से आग्रह किया जाएगा, जिससे यह ताप गृह की क्षमता बढ़ाई जा सके। उन्होंने इस बात से इंकार किया कि बिजली महंगी दर पर खरीदी जाती है, जबकि सस्ते दर पर बिजली की बिक्री होती है। विजयवर्गीय ने कहा, सरप्लस बिजली उस समय के बाजार दर के अनुसार बेची जाती है और जब हमें बिजली खरीदनी होगी, तब हम उस समय के बाजार दर से खरीदते हैं।

## शाहरुख, दीपिका के खिलाफ एफआईआर



**जयपुर, जेएनएन।** राजस्थान के भरतपुर जिले में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण पर एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर की कॉपी में एक कार कंपनी के 6 अन्य कर्मचारियों का भी नाम दर्ज किया गया है। यह केस एक उपभोक्ता की शिकायत पर के आधार पर भरतपुर पुलिस ने दर्ज किया है। इन पर 'मैन्यूफैक्चरिंग डिफेक्ट' वाली कार बेचने का आरोप लगा है। शिकायत कर्ता कीर्ति सिंह ने शिकायत में दावा किया है कि कार कंपनी से उन्होंने एक कार खरीदी थी, लेकिन उसमें कई कमियां सामने दिखी हैं, लेकिन इस पर कोई सुधार नहीं किया गया। मामले की जानकारी कंपनी को भी दी गई थी। कीर्ति सिंह ने पहले भरतपुर की सीजेएम कोर्ट-2 में एक इस्तगासा (निजी शिकायत) दायर किया। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया और मथुरा गेट पुलिस थाने को इस मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धारा 420 (धोखाधड़ी) सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

### महू के आर्मी वॉर कॉलेज में 'फ्यूचर वॉरफेयर' पर संवाद

# शांति चाहिए तो युद्ध के लिए तैयार रहें : सीडीएस चौहान

## बोले-भारत शांतिप्रिय देश, लेकिन शांतिवादी नहीं

**जागरण, इंदौर।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने कहा है कि भले ही भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम 'शांतिवादी' नहीं हैं। दुश्मन गलतफहमी में न रहे। देश की सेनाएं युद्ध के लिए हमेशा तैयार हैं। सीडीएस चौहान मंगलवार को मध्यप्रदेश के महू स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित रण संवाद-2025 कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के चीफ भी शामिल हो रहे हैं। जनरल चौहान ने कहा, शक्ति के बिना शांति एक 'यूटोपियन' धारणा है। जनरल चौहान ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां दोहराते हुए कहा, 'क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो, उसको क्या जो दंतहीन, विषरहित, विनीत, सरल हो।'



सीडीएस ने कहा, 'मैं एक लैटिन कोट कहना चाहूंगा, जिसका हिंदी अनुवाद है कि अगर आप शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहें। क्योंकि, शक्ति से ही शांति आ सकती है। ऑपरेशन सिंदूर एक न्यू एज वॉर था, जिससे हमने कई सबक सीखे। ऑपरेशन अभी जारी है।'

### शस्त्र और शास्त्र एक साथ फॉलो करेंगे

सीडीएस ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था, जिससे हमने कई सबक सीखे। उनमें से ज्यादातर पर अमल चल रहा है। सीडीएस ने कहा-गीता और महाभारत में युद्ध नीति के सबसे बेहतरीन उदाहरण हैं। चाणक्य की नीति ने चंद्रगुप्त को विजय दिलाई। उन्होंने कहा है शक्ति, उत्साह और युक्ति...। युद्ध नीति के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। शस्त्र और शास्त्र दोनों को एकसाथ फॉलो करने की जरूरत है।

### बेहद खतरनाक होगी भविष्य की जंग

जनरल चौहान ने कहा, निकट भविष्य की जंग बेहद खतरनाक होगी, उसमें हम मिलकर (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) ही जीत हासिल कर सकते हैं। सीडीएस चौहान ने कहा, हमें हर हालात में सशक्त और आत्मनिर्भर बनना है। उन्होंने साफ किया कि इस रण संवाद का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करना नहीं है। हम ऑपरेशन सिंदूर के आगे क्या है उस पर चर्चा कर रहे हैं यानी 'फ्यूचर वॉरफेयर' कैसा होगा।

# कैशलेस इलाज सुविधा संकट में निजी अस्पतालों ने किया मना

## इंश्योरेंस कंपनियों के कॉमन इम्पेनलमेंट का विरोध, 1 सितंबर से इलाज बंद करेंगे अस्पताल

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदकर कैशलेस इलाज की उम्मीद बांधे हुए लाखों लोगों को झटका लगने वाला है। एक सितंबर भोपाल सहित देश भर में निजी अस्पताल कैशलेस इलाज को बंद करने जा रहे हैं। इसकी वजह इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा तैयार किया कॉमन इम्पेनलमेंट एग्रीमेंट है। निजी अस्पताल इसका विरोध कर रहे हैं। निजी अस्पतालों का कहना है कि यह अनुबंध व्यवहारिक नहीं है, जबकि इंश्योरेंस कंपनियों का तर्क है कि इससे दायरा बढ़ेगा और छोटे अस्पताल भी कैशलेस इलाज की सुविधा दे सकेंगे। भोपाल में निजी नर्सिंग होम एसोसिएशन के सदस्यों ने बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की है। जानकारी अनुसार कैशलेस इलाज के प्रोसेस को आसान बनाने के लिए एक कॉमन इंपैनलमेंट (साझा पैनल) का प्रस्ताव रखा गया है। हालांकि, इस प्रस्ताव को लेकर पर्दे के पीछे हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों और प्राइवेट अस्पतालों के बीच ठनी हुई है। बीमा कंपनियों का मानना है कि इससे प्रक्रियाएं आसान होंगी, लोगों को ज्यादा अस्पतालों तक पहुंच मिलेगी और प्रीमियम भी कम रखने में मदद मिलेगी। वहीं, कई अस्पताल कहते हैं कि यह फ्रेमवर्क एकतरफा है।



### किन अस्पतालों को फायदा होगा

कॉमन इम्पेनलमेंट सिस्टम का छोटे अस्पताल पूरी तरह से विरोध नहीं कर रहे हैं। छोटे अस्पतालों को इसमें शामिल होने में फायदा दिख रहा है। इससे उनकी पहुंच बढ़ेगी। पर बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल चेन्स स्टैंडर्डाइज्ड प्राइसिंग को लेकर सतर्क हैं, क्योंकि उनकी ऑपरेशनल कॉस्ट अधिक होती है। वे रीइम्बर्समेंट में देरी और क्लेम रिजेक्शन पर बार-बार होने वाले विवादों की भी शिकायत करते हैं।

### क्यों चिंतित हैं अस्पताल

अस्पतालों का कहना है कि कॉमन इम्पेनलमेंट एग्रीमेंट का मौजूदा ड्राफ्ट उनसे ठीक से राय-मशविरा किए बिना तैयार किया गया है। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स असोसिएशन ऑफ इंडिया का कहना है कि पैकेज रेट्स, ऑपरेशन से जुड़े नियम और भुगतान की शर्तें अव्यवहारिक हैं और बीमा कंपनियों के पक्ष में झुकी हुई हैं। अस्पतालों का कहना है कि बढ़ती मेडिकल महंगाई के बावजूद इलाज की दरों को सालों से अपडेट नहीं किया गया है। इससे उन्हें खर्च में कटौती करनी पड़ती है, जिससे इलाज की क्वॉलिटी पर असर पड़ सकता है।

### बीमा कंपनियों का क्या कहना

इंश्योरेंस कंपनियां तर्क देती हैं कि कॉमन इम्पेनलमेंट को सिस्टम आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। हर बीमा कंपनी के साथ अलग-अलग एग्रीमेंट करने की बजाय, सिंगल एग्रीमेंट उन्हें सभी इंश्योरेंस कंपनियों तक पहुंच देगा। इससे मरीजों के लिए बिना किसी अडवांस पेमेंट के इलाज कराना आसान हो जाएगा।इससे उन्हें खर्च में कटौती करनी पड़ती है, जिससे इलाज की क्वॉलिटी पर असर पड़ सकता है।

### मरीजों को कितना होगा फायदा

मरीजों के लिए एक बड़ा अस्पताल नेटवर्क कैशलेस इलाज के अधिक विकल्प देगा। चाहे कोई इंश्योरेंस कंपनी बदले या किसी दूसरी कंपनी से टॉप-अप पॉलिसी ले, एक कॉमन प्लेटफॉर्म की उपलब्धता से इलाज तक आसान पहुंच सुनिश्चित होगी। कैशलेस मॉडल में इंश्योरेंस कंपनी सीधे अस्पताल से बिल का निपटारा करती है। इससे मरीजों को पहले पैसे देने और बाद में रीइम्बर्समेंट क्लेम करने के बोझ से मुक्ति मिल जाती है।

> कॉमन इम्पेनलमेंट ठीक से डिजाइन नहीं किया है। एक ही सर्जरी के लिए यदि एक कॉरपोरेट अस्पताल को और 10 बिस्तर वाले अस्पताल को एक समान भुगतान किया जाए तो यह कैसे न्यायसंगत हुआ। हम इसमें बदलाव चाहते हैं। ● **डॉ. रणधीर सिंह**, अध्यक्ष निजी नर्सिंग होम एसोसिएशन मप्र चैप्टर

# आप नेता भारद्वाज के घर सहित 13 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

## हॉस्पिटल निर्माण घोटाले में कई ठिकानों पर तलाशी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईडी ने मंगलवार सुबह आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर छापे मारे। उन पर हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन में करप्शन का आरोप है। दिल्ली एसीबी ने एक साल पहले आप सरकार में स्वास्थ्य ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू की थी। जांच एजेंसी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ जून में केस दर्ज किया था। एसीबी ने बाद में मामला ईडी को ट्रांसफर कर दिया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने जुलाई में केस दर्ज किया था, इस कारवाई पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा,सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड हुई। ये दिखाता है की मोदी सरकार आप के पीछे पड़ गई है। सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है। हम भाजपा से नहीं डरते। इस मामले में भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने 22 अगस्त 2024 को शिकायत के बाद उपराज्यपाल ने 25 जून को अस्पताल घोटाले की जांच को मंजूरी दी थी।



# ऑस्ट्रेलिया ने ईरान से तोड़े राजनयिक संबंध

## रिवोल्यूशरी गार्ड आतंकी संगठन घोषित

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया और ईरान के बीच रिश्तों में दरार बढ़ती नजर आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया ने ईरान से राजनयिक संबंध तोड़ दिए हैं। उसने ईरान के राजदूत को भी देश से निकाल दिया है। ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया की सुरक्षा खुफिया संगठन ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को देश में हुए दो अटैक के लिए जिम्मेदार माना है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने ईरान पर यहूदी विरोधी हमले करने का आरोप लगाया है। सिडनी में गत 20 अक्टूबर को लुईस कॉन्टिनेंटल किचन, 6 दिसंबर को मेलबर्न में अदास इजरायल सिनेगॉग पर अटैक हुआ था। दावा है कि इन हमलों में ईरानी सरकार का हाथ था। पीएम अल्बनीज ने इन हमलों को सामाजिक एकता को कमजोर करने वाला बताया है।

### कोर्ट बिलों को मंजूरी नहीं दे सकता: राज्य सरकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों के बिलों पर हस्ताक्षर करने डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने सुनवाई हुई। इस दौरान महाराष्ट्र, गोवा, उप्र, हरियाणा, छग ओडिशा व पुडुचेरी समेत भाजपा शासित राज्यों के वकीलों ने कहा, बिलों पर मंजूरी देने का अधिकार कोर्ट का नहीं है। महाराष्ट्र से सीनियर वकील हरीश साल्वे ने कहा, बिलों पर मंजूरी का अधिकार सिर्फ राज्यपाल या राष्ट्रपति को है। संविधान में डीम्ड असेंट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है।

# अर्धकुमारी में लैंडस्लाइड, 6 की मौत 14 घायल, वैष्णो देवी यात्रा रोकी

**जम्मू-कश्मीर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में अर्धकुमारी के पास लैंडस्लाइड में ६ लोगों की मौत हुई है। हादसे में 14 लोग घायल हैं। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कटरा ले जाया गया है। खराब मौसम की वजह से वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई थी। वैष्णो देवी से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार हुए। वहीं वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर काफी दूर तक लैंडस्लाइड का मलबा फैला हुआ है। इधर, डोडा जिले में मंगलवार को कई जगहों पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 10 से 15 घर बह गए। डोडा में पिछले 24 घंटे के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है।



### हिमाचल में नदी में समाए 20 घर

वहीं, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व मनाली में 20 से ज्यादा घर, दुकानें और रेस्टोरेंट ब्यास नदी और पहाड़ी नालों में समा चुके हैं। नदियों के किनारे बने 30 से ज्यादा घर भी खतरे में हैं। कुल्लू-मनाली रोड का एक हिस्सा ब्यास नदी में बह गया। इससे मनाली का कुल्लू जिला मुख्यालय से संपर्क कट चुका है।

### राजनीति — महिलाओं के सबसे ज्यादा शराब पीने के मामले में सियासत गरमाई

# बयान पर घिरे जीतू, सीएम बोले-बर्दाश्त नहीं

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश की सियासत में मंगलवार को विपक्षी दल कांग्रेस के प्रदेश मुखिया जीतू पटवारी अपने उस बयान पर बुरी तरह से घिर गए, जिसमें उन्होंने कहा, मप्र की महिलाएं देश में सबसे ज्यादा शराब पीती हैं। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा कि इस तरह के बयान बर्दाश्त योग्य नहीं। दैनिक जागरण की पड़ताल ने भी पटवारी के बयान को सिरे से खारिज किया है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5) के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा २६ फीसदी महिलाएं शराब का सेवन करती हैं, जबकि मप्र में यह औसत १.६ है, जो कि राष्ट्रीय औसत से सबसे कम है।

**महिलाएं पीती हैं सबसे ज्यादा शराब :** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने पीसीसी में कहा कि मप्र में महिलाएं देश के किसी भी अन्य राज्य की तुलना में सबसे ज्यादा शराब पीती हैं। सूबे की यह हालत भाजपा ने पैदा की है। प्रदेश जितना नशाखोरी का धंधा किसी और राज्य में नहीं है।



जीतू पटवारी के बयान के विरोध में बोर्ड ऑफिस चौराहे पर भाजपा महिला मोर्चा ने पुतला फूंका

स्थिति यह है कि हमारी बहनें, बेटियां नशा करने लगी हैं। उन्होंने कहा, मप्र कभी देश के समृद्ध राज्यों में आता था, लेकिन भाजपा सरकार ने नशे में डूबा राज्य बना दिया है। अगर आपका बेटा बेरोजगार है, नशे में घर आता है, तो मैं सौ प्रतिशत दावे के साथ कहता हूं कि इसके लिए जिम्मेदार भाजपा, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री मोहन यादव हैं। भाजपा ने लाड़ली बहना के नाम पर वोट लिए, लेकिन हकीकत में प्रदेश की महिलाएं देश में सबसे ज्यादा नशा करती हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव बोले- बेशर्मी की हद होती है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पटवारी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा, यह प्रदेश की आधी आबादी का अपमान है, जो किसी भी तरह से बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने कभी महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया और न ही लाड़ली लक्ष्मी या लाड़ली बहना जैसी योजनाएं बनाई। इसके बजाय, कांग्रेस हमारी बहनों को शराबी कहती है। यह 50 प्रतिशत आबादी का अपमान है। मुझे लगता है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को माफी मांगनी चाहिए। लाड़ली बहनों के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। हरतालिका तीज के पर्व के दिन बहनों का अपमान हमारी सरकार और पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

# हनीट्रैप में फंसे इंदौर के शराब ठेकेदार ने की खुदकुशी, मिला 5 पेज का सुसाइड नोट

## 25 लाख और आईफोन लेने के बाद भी रेप केस में फंसाने की धमकी दे रही थी युवती

**जागरण, इंदौर।** हनीट्रैप में फंसे इंदौर के एक शराब ठेकेदार और पब संचालक ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने घटनास्थल से पांच पन्नों का सुसाइड नोट बरामद किया है। इसमें भूपेंद्र ने युवती इति तिवारी का नाम लेकर लिखा है कि वह 25 लाख रुपए और आईफोन लेने के बाद भी ब्लैकमेल कर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देती थी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। अन्नपूर्णा थाना टीआई अजय नायर के मुताबिक भूपेंद्र ने देर रात जहर खा लिया, जिसके बाद सुबह हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गये। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि विजयनगर इलाके में भूपेंद्र का शोशा क्लब चलता है। पिछले कई दिनों से इति तिवारी नाम की महिला उन्हें लगातार ब्लैकमेल कर रही थी। कभी रेप केस की धमकी, तो कभी बदनाम करने की धमकी देकर वह उनसे लाखों रुपए वसूल चुकी थी। भूपेंद्र एक बार भी संचालित कर चुके हैं। पिछले कुछ दिनों से वे तनाव में थे। किसी से ज्यादा बात नहीं करते थे। परिवार में पत्नी, एक बेटा व एक बेटी है। तनाव में रहने के कारण वे कारोबार पर भी ध्यान नहीं दे पा रहे थे, उनके तीन पब बंद हो गए थे। बाद में एक रेस्त्रां खोला। वह भी बंद हो गया था। कर्ज के कारण भी भूपेंद्र परेशान थे।



### पांच पेज के सुसाइड नोट में लिखा- इति मुझे ब्लैकमेल कर रही थी

भूपेंद्र ने अपने पांच पन्नों के सुसाइड नोट में इति तिवारी नामक महिला का जिक्र किया और आत्महत्या के लिए उसे ही जिम्मेदार बताया। भूपेंद्र ने लिखा कि -'इति से मेरी दोस्ती दो साल पहले हुई थी। शुरू में सब ठीक ठाक चला। वह इंदौर में रहती थी, लेकिन बाद में मुंबई चली गई। वहां से उसने मुझे धमकियां देने शुरू कर दी। कहती थी कि दुष्कर्म का केस दर्ज करा दूंगी। एक दिन जब वह इंदौर आई तो उसने रात में खूब हंगामा किया। मामला 25 लाख रुपये में सुलझा, उसे कुछ लोग सपोर्ट कर रहे थे। मैं उसके खर्चे उठाता था। उसने मुझे पूरी तरह घर में कैद कर रखा था। वो मुझे हर वक्त जलील करती थी। मेरे मरने के बाद मेरे घर वालों और दोस्तों को कोई परेशान न करे।

# विजयराघवगढ़ में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित



## शराबियों पर होगी कार्रवाई, पवित्र कार्यों को अपवित्र न करें-रितेश शर्मा

**जागरण, कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना प्रांगण मे त्योहारों को लेकर प्रभारी रितेश शर्मा ने शांति समिति की बैठक आयोजित की। कटनी पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी विरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने नगर के प्रतिष्ठित जन प्रतिनिधियों गणमान्य नागरिको को आमंत्रित कर शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक मे श्री गणेश चतुर्थी व श्री गणेश विसर्जन की तैयारियो पर चर्चा हुई साथ ही अगामी 5 सितम्बर ईद मिलादुन्नबी त्योहार को लेकर भी उपस्थित जनो के बीच चर्चा की गयी। प्रमुख रूप से थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने कहा की धार्मिक आस्था और विश्वास के त्योहारों पर कुछ लोग शराब का सेवन कर व्यवस्था को भंग करते हैं किन्तु इस तरह की हरकत करने वालो के लिए तुरंत नशा जांच उपकरण से जांच कर मामला दर्ज किया जाएगा। भारी वाहनो को भी समय अनुसार प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। थाना प्रभारी ने मुख्य रूप से कहा की बरसात का मौसम चल रहा है इसलिए सभी लोग बिजली पोलो से दूर रहे, पंडालो की सजावट सावधानी पूर्वक करे विद्युत लाईन के साथ लापरवाही जानलेवा होगी।

### नगर परिषद ने जारी किया संदेश

विजयराघवगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे द्वारा गणेश चतुर्थी को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिसमे संदेश दिया जा रहा है की सभी सार्वजनिक गणेश स्थापना करने वाली कमेटिया समय पर अपने अपने कमेटी की सूचना नगर परिषद मे जमा कराए ताकि नगर परिषद द्वारा बिजली पानी व साफ सफाई की व्यवस्था मुहैया कराई जा सके। बैठक मे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे थाना प्रभारी रितेश शर्मा, बलराम गुप्ता, अधिवक्ता मंजू वर्मन, हरिश दुबे, नगर परिषद उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, बंजारी सरपंच छोटे चच्चा, मो सादिक, संजू तिवारी, प्रदुम तिवारी, मो सिराजूल हक, मो समद, विद्युत विभाग से लाईन मैन नईम खान, नगर परिषद से बृजेश सोनी, बड्डे जैसवाल, पत्रकार निजाम खान के अलावा नगर के प्रबुद्धजन व जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# देवलौद में शांति समिति की बैठक सम्पन्न सौहार्द बनाए रखने का संकल्प



**देवलौद।** आगामी गणेश उत्सव एवं मिलादुन्नबी पर्व को लेकर थाना देवलौद परिसर में थाना प्रभारी सुभाष दुबे द्वारा शांति समिति की बैठक बुलाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद खांड के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नलिन कुमार चिन्चलवार, नगर के गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों को उपस्थितजनों के सामने रखते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने-अपने धार्मिक अनुष्ठान पूरी श्रद्धा से करें, किंतु दूसरों की आस्था का सम्मान बनाए रखना सभी का दायित्व है। उन्होंने सभी से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। थाना देवलौद का समस्त स्टाफ भी बैठक में मौजूद रहा, जिसने नागरिकों को सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने का भरोसा दिलाया। सौहार्द और आपसी एकजुटता के संदेश के साथ शांति समिति की यह बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

# कॉलेज मात्र पढ़ाई का स्थान नहीं, क्रिएटिविटी को बढ़ाकर नया मुकाम हासिल करनें का अवसर देता है : आयुक्त शहडोल संभाग




**जागरण शहडोल।** यूआई.टी. आर.जी.पी.व्ही. शहडोल में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ-2025 का आयोजन किया गया। दीक्षारम्भ-2025 कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमति सुरभि गुप्ता, कमिश्नर शहडोल संभाग द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंनें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज मात्र पढ़ाई का स्थान नहीं, अपनी क्रिएटिविटी को बढ़ाकर नया मुकाम हासिल करनें का अवसर देता है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों का कैरियर गाइडेंस करनें के साथ ही हॉस्टल लाइफ के बारे में अपना अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अतिथि श्री दिवेंद्र द्विवेदी एचआर ओरिएंट पेपर मिल अमलाई, श्री उत्कर्ष नामदेव एचआर टीएमसी तथा श्री गौरव झा प्रोजेक्ट हेड टीएमसी ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में पहला कदम है, जो उन्हें ज्ञान, अनुशासन और नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने ए.आई. टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट, पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं करियर संभावनाओं पर विचार साझा किए गए। संस्था के संचालक डॉ. पंकज जैन द्वारा 04 साल की इंजीनियरिंग पढाई का मार्गदर्शन दिया गया एवं माईनिंग विभागाध्यक्ष अमिताभ मिश्रा एवं मैकेनिकलक विभागाध्यक्ष आशीष खरे द्वारा एकेडमिक रिलेटेड सिलेबस से परिचित कराया परिचित कराया।

## निगमायुक्त नें अधिकारियों की ली बैठक

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर निगम क्षेत्रांतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में अन्य ट्रांसपोर्ट सुविधाओं के प्रयोजन हेतु स्थल आरक्षित करनें हेतु भूखंडों में साइन बोर्ड एवं एप्रोच रोड, गेट आदि के निर्माण हेतु कृत कार्यवाही की प्रगति के संबंध में निगमायुक्त नीलेश दुबे की मौजूदगी में मंगलवार को एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।
बैठक के दौरान निगमायुक्त द्वारा एप्रोच रोड एवं गेट निर्माण की कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की जाकर निविदा आदि की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए। स्थल पर भूखंडों की जानकारी चाहे जाने पर उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी द्वारा अवगत कराया गया कि स्थल पर 6 बाई 4 वर्ग मीटर प्रति दुकान के हिसाब से 18 भूखंड दुकानों के निर्माण हेतु आरक्षित किये गए है। इसके अतिरिक्त रिपेयरिंग यार्ड हेतु 60 बाई 80 वर्गमीटर का एक भूखंड, ढ़ाबा निर्माण हेतु 60 बाई 60 वर्ग मीटर का एक भूखंड, धर्मकाटा निर्माण हेतु 35 बाई 50 वर्गमीटर का एक भूखंड, लॉज एवं रेस्टारेंट हेतु 60 बाई 60 वर्ग मीटर का एक भूखंड, पेट्रोल पंप प्रयोजन हेतु 30 बाई 60 वर्गमीटर का एक भूखंड तथा पार्किंग हेतु 60 बाई 60 वर्गमीटर का एक भूखंड पृथक से आवंटन की प्रक्रिया में शामिल किया गया है। निगमायुक्त द्वारा उक्त जानकारी से अवगत होते हुए नक्शे से भूखंडों के साइज का मिलान करते हुए स्थल पर प्लाटों का ले-आउट चिन्हित करने तथा पिलर गडाकर साइन बोर्ड लगाकर भूखंडों की सीमा सुरक्षित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराकरए 10 बाय10 भूखंडों की निविदा प्रकाशन की कार्यवाही करने के निर्देश राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक एवं उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी को दिए। निगमायुक्त द्वारा बैठक के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर में प्रकाश एवं विद्युत व्यवस्था की जानकारी चाहे जाने पर उपयंत्री मोना कारेरा द्वारा बताया गया कि नगर निगम के माध्यम से पूर्व में ही ट्रांसपोर्ट नगर में तार आदि खींचकर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

# जल कार्य एवं सीवरेज समिति की बैठक संपन्न

## कई विषयों पर चर्चा उपरांत लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की विशेष मौजूदगी में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जल कार्य एवं सीवरेज समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाकर नगर विकास के कई अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया जाकर सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा नल कनेक्शनों की बकाया राशि, अवैध नल कनेक्शन को चिन्हित करने, विद्युत कटौती से प्रभावित होने वाली पेयजल आपूर्ति, क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलने, फिल्टर हाउस में बैराज तक बाउंड्रीवाल का निर्माण एवं जल शौधन संयंत्र के रेनोवेशन कार्य सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि लगभग 533 लोगों के द्वारा नल कनेक्शन बंद करने के आवेदन दिए जानें तथा निर्धारित शुल्क 250 रुपये की राशि जमा नहीं किये जानें के कारण उन पर लगभग 1 करोड़ 47 लाख रुपये बकाया है जिसकी वसूली की जाना है जिस पर संबंधितों को अंतिम नोटिस जारी करते हुए कुर्की आदि की कार्यवाही के माध्यम से बकाया राशि की वसूली किये जानें पर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान नागरिकों की सुविधा हेतु जलकर की राशि की जानकारी तथा उसे जमा करने की सूचना नागरिकों को प्रतिमाह मेसेज के माध्यम से दिए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। बैठक में वैध एवं अवैध नल कनेक्शनों की जांच कर उपयोग अनुसार जलकर रिकार्ड अपडेट करने एवं जल कर की वूसली हेतु एजेंसी सेवा प्रदाता नियुक्त कर वूसली करानें, बंद कनेक्शन को पुनः चालू करने, नल कनेक्शनों के सुधार पूर्व शुल्क को पुनरीक्षित किये जाने तथा प्रक्रिया को सरल करनें की दिशा में समिति के सदस्यों के द्वारा चर्चा की जाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वहीं नागरिकों की सूचारू पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत समस्या के निराकरण हेतु एमपीईबी के अधिकारियों से चर्चा कर पृथक से लाईन लाईन खिचवानें के संबंध में सर्वसम्मती से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान निगम की आय में बढ़ोतरी को दृष्टिगत रखते हुए नगर की उच्च स्तरीय पानी की टंकियों, फिल्टर हाउस एवं पंप हाउस की पुताई कराई जाकर विज्ञापन के माध्यम से आय में वृद्धि किये जाने संबंधी विषय पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की जाकर टंकियों की सफाई की तिथि आदि अंकित कर स्थल का पंचनामा तैयार करानें के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान नागरिकों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए शहर की पुरानी पाइप लाइन को बदलकर नवीन पाईपलाईन विस्तार का कार्य निगम मद से करानेए सुरक्षा की दृष्टि से अमकुही स्थित नवीन फिल्टर हाउस में बैराज तक बाउंड्रीवाल निर्माण करानें तथा वर्ष 1957 में निर्मित पुराने 9 एमएलडी जल शोधन संयंत्र का रिनोवेशन कार्य कराने के संबंध में समिति के सदस्यों द्वारा विचार विमर्श किया जाकर आवश्यक निर्णय लिए गए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने एवं समय सीमा में मरम्मत कार्य पूर्ण कर उसकी मॉनिटरिंग नियमित रूप से की जाए।

# एसडीएम ब्यौहारी ने बालिका छात्रावास मऊ का किया निरीक्षण



**जागरण ब्यौहारी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी नरेंद्र सिंह धुर्वे ने संदीपनी आश्रम विद्यालय मऊ के कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनु विभागीय अधिकारी राजस्व ने छात्रावास में रह रही छात्राओं से छात्रावास में मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रही छात्राओं से स्वास्थ्य के संबंध में पूछ-ताछ की। इसके साथ ही उन्होंनें किचन की साफ सफाई एवं छात्रावास में छात्राओं को दिए जाने वाले भोजन एवं नास्ते में उपयोग किए जाने वाले खाद्यान्न, तेल मसाले तथा अन्य खाद्य सामग्री के गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने छात्रावास अधीक्षक को छात्रावास परिसर की बेहतर साफ सफाई, शौचालय एवं बाथरूम की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ पेयजल तथा शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध करानें के निर्देश भी छात्रावास अधीक्षक को दिए। छात्राओं को पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई करने की भी समझाईस दी। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार सनी द्विवेदी, ब्रम्हानंद श्रीवास्तव बीईओ, प्रेमलाल मिश्रा प्राचार्य संदीपनी स्कूल उपस्थित थे।

# कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



**जागरण शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में बस स्टैंड शहडोल के पास निवास करने वाले संजय कुमार गुप्ता ने उपचार हेतु आर्थिक सहायता राशि, ग्राम जमुनिया निवासी रामकृपाल कुशवाहा ने जंगली जानवरो के द्वारा किये गए नुकसान का मुआवजा दिलाने, ग्राम पोस्ट खड्डा निवासी सुगंधी पटेल ने संबल कार्ड बनवाने, ग्राम झिरिया टोला थाना जयसिंहनगर निवासी उपेंद्र कुर्मी ने गरीबी रेखा की सूची में नाम दर्ज कराने, ग्राम झगरहा निवासी ज्योति केवट ने राशन कार्ड बनवाने हेतु जन सुनवाई में आवेदन किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

# आज घर-घर विराजेंगे गजानन गणेश



**कटनी।** गणेश उत्सव की तैयारी शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जोर शोर से शुरू हो गई है। स्थानीय व बाहर से आए म मूर्तिकार पंडालों में विराजने वाली बड़ी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। गणेशोत्सव समिति सदस्यों ने चौराहों पर पंडाल तैयार करना शुरू कर दिया है। छोटी मूर्तियों की दुकानें बाजारों में सज गई हैं। घर घर में भगवान को स्थापित कर उनकी अराधना करने के लिए भक्तों द्वारा उत्साह से तैयारी की जा रही है। जिले भर में बुधवार को गणेश चतुर्थी पर विघ्नहर्ता विराजमान होंगे और 10 दिवसीय उत्सव का शुभारंभ होगा। अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति को भक्तजन विदा करेंगे। बाजार में आई छोटी-बड़ी रंग बिरंगी अगल अलग मूर्तियां हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। नगर में विभिन्न समितियों द्वारा इस बार गणेश उत्सव की विशेष तैयारियां की जा रही है। शहर के सिविल लाइन स्थित श्री विघ्न विनाशक गणेश मंदिर में समिति सदस्यों व भक्तों के द्वारा जोर शोर से उत्सव की तैयारी की जा रही है। यहां पर 10 दिनों तक बड़ी संख्या में भक्त उमड़ते है और भक्तों का मेला लगता है। पंडाल व साज सज्जा को अंतिम रूप देने के लिए भक्त जुटे हुए है। यहां पर शहर का सबसे बड़ा आयोजन होता है।

**पश्चिम मध्य रेल**

अधिसूचना संख्या–02–2025(निर्माण–इंजी)
पश्चिम मध्य रेलवे के निर्माण संगठन में अराजपत्रित सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को संविदा आधार पर पुनर्नियोजना
प्रारंभ तिथि 25.08.2025 अंतिम तिथि 10.09.2025

रेलवे बोर्ड के आर.बी.ई. संख्या–96/2024 दिनांक.15.10.2024 एवं 115/2024 दिनांक–31.12.2024 तथा 55/2025 दिनांक–20.06.2025 के तारतम्य में पश्चिम मध्य रेलवे के निर्माण संगठन में "SSE/JE(Works), SSE/Drg, SSE/JE(P-Way) & Trackman" के कुल 17 पदों पर अराजपत्रित सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को संविदा आधार पर पुनर्नियोजना किया जाना है। विस्तृत अधिसूचना, अन्य निबंधन एवं शर्तें पश्चिम मध्य रेलवे के वैबसाइट (www.wcr.indianrailways.gov.in) पर देखी जा सकती है। आवेदक सीधे निम्नांकित वेबलिंक पर जाकर अधिसूचना व आवेदन का प्रारुप डाउनलोड कर सकते है।
https://wcr.indianrailways.gov.in/view_section.jsp?fontColor=black&backgroundColor=LIGHTSTEELBLUE&lang=0&id=0,4,2238

(हस्ता.)
उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (मुख्या.)/पमरे/जबलपुर
कृते प्रमुख कार्मिक अधिकारी, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक/210/प्रवाचक/2025
रीवा दिनांक 19.08.2025

आवेदक रीवा एलायंज प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निर्देशक संत प्रसाद मिश्र तनय स्व.लक्ष्मण प्रसाद मिश्र निवासी कला मंदिर रोड रीवा सूर्यकिरण बिल्डिंग के पीछे रीवा द्वारा न्यायालय तहसीलदार तहसील हुजूर नगर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 1272/अ–6/2024–25 में पारित आदेश दिनांक 15.05.2024 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जो रीवा एलायंज विरूद्ध अनिल कुमार वर्मा मौजा बाबूपुर से विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई तिथि 19.09.2025 नियत है। नियत तिथि को उत्तरवादीगण के न्यायालय में उपस्थित नही होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग हुजूर
जिला–रीवा (म.प्र.)

RN- 82747

**M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
(A Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly- M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (R) Ltd. Rewa)
REGIONAL OFFICE- REWA
1st Floor, Room No.12, New Collectorate Building, Rewa (M.P.) 486001
E-mail : mdakvnrewa@gmail.com, ed.rorewa@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in,
Erst while : AKVN Rewa, Phone : +917662252218

क्रमांक/एमपीआईडीसी/आरओ-रीवा/तक./2025/1963 रीवा, दिनांक : 26.08.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा क्रमांक 10**

निम्नलिखित कार्यों हेतु परसेंटेज रेट पर आधारित ऑनलाइन निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर शेड्यूल अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. राशि | ई.एम.डी. राशि रु. | निविदा प्रपत्र शुल्क रु. | कार्यावधि | निविदा भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | औद्योगिक क्षेत्र IIDC Nadantola (Amarpatan) में पौधारोपण कार्य | 21,12,500 | 42,250 | 5,000 | 2 माह वर्षाकाल सहित | 07.09.2025 |

किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने एवं निविदा की तिथि बढ़ाने का अधिकार निगम के कार्यकारी संचालक के पास सुरक्षित है। कंडीशनल निविदायें स्वत: निरस्त समझी जावेंगी। निविदा के संबंध में समस्त शर्तें वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** देखी जा सकती हैं।
विस्तृत एन.आई.टी. दिनांक 27.08.2025 से वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।
म.प्र. माध्यम/121723/2025 कार्यकारी संचालक

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिलाध्यक्ष बने अजहरुद्दीन भाई अज्जू



**कटनी।** त्यौहारों के मुख्य आयोजक ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के चेयरमैन हजरत हॉफिज अहमद शाहमीरी खुर्रम चिश्ती साहब के निर्देश के परिपालन में कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष काजी अकलीम उद्दीन भूतपूर्व सचिव म.प्र.विधानसभा ने अजहरूद्दीन भाई को जिला कटनी के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया जाता है। इनका कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। साथ ही क्षेत्र में कर्मठ, लगनशील युवा साथियों के नाम तत्काल तैयार कर भेजने आदेशित किया है। कमेटी के वरिष्ठ नेताओं के निर्देशानुसार नगरीय स्तर की कमेटी में उन्हें सम्मानीय पदों पर नियुक्त कर कमेटी को मजबूत बनाने का संकल्प पूरा किया जा सके। इनकी इस नियुक्ति पर समाजजनों परिवारजनों मित्र जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

**मैरिज गार्डन किराये से देना है**

कोष्ठा रीवा में मैरिज गार्डन किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:- मो. नं. 6260806864
आरएन. 84240 (29/8)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**

क्रमाक 507/विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक 25.08.2025

**इश्तहार**

आवेदक सूरज सोंधिया पिता श्री कमलेश उर्फ मुकलेश सोधिया उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 41 हजरत दाराशाह वार्ड बिछिया तहसील – हुजूर, रीवा आवेदिका शशिकिरण पाण्डेय पिता श्री तारेश प्रसाद पाण्डेय, उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम व पो. तमरा देश तहसील – गुढ़, जिला – रीवा (म.प्र.) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/–रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)

RN- 82757

**गुमशुदगी की सूचना**



रामवती साकेत, उम्र लगभग 60 वर्ष, पति श्री छकौड़ी प्रसाद साकेत, निवासी ग्राम भटलो, पोस्ट भटलो, जिला रीवा दिनांक 21/08/2025 को सुबह लगभग 7:00 बजे घर से लापता हो गई हैं।

यदि किसी सज्जन को इनके बारे में कोई जानकारी मिले या इन्हें कहीं देखा हो तो कृपया नीचे दिए गए मोबाइल नंबर 93032 01517 पर संपर्क करें - परिवारजन अत्यंत चिंतित हैं।

RN-84506

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा**

क्रमांक/पु.अ./पु.प्र.शा./रीवा/यूनिट अस्पताल/D–1829
2025 दिनांक 20/08/2025

**द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पीटीएस रीवा में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु आवश्यक दवाईयों के क्रय किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र. | स्थान | विवरण | अमानत राशि (ईएमडी राशि) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | P.T.S. रीवा | दवाईयों का क्रय | 10000/–रुपये | 2000/–रुपये |

1. निविदाकार निविदा से संबधित निविदा ऑनलाईन MP Tender portel (https://mptenders.gov.in) पोर्टल पर दिनांक 25.08.2025 के 10.00 बजे से 08.09.2025 के 22.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय/भर सकते हैं।
2. निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक 10.09.2025 को 12.00 बजे एवं वित्तीय बिड 11.09.2025 के 12.00 बजे प्रशासनिक भवन पीटीएस रीवा में समिति के सदस्यों एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जायेगी।
3. निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की जाने वाली निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।
4. निविदा से संबधित जानकारी के लिये प्रआर. 05 विजय कुमार द्विवेदी के मोबाइल नंबर 7987269834 पर संपर्क किया जा सकता है।

**G-17796/25**

पुलिस अधीक्षक
पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक –35/PMAY-BLC/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 22.08.2025

**प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 दावा आपत्ति सूची (16)**

| SrNo | Application_No | Name | Father_Name/Husb and Name | Mobile Number | Category | Component | Gender | Ward NO | Construction_Site_Address |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MP034240125194365837 | FIRDOUSH KHAN | ANISH AHAMAD | 7898082755 | OBC | BLC | Female | 1 | WARD 01,NIPANIYA REWA MP,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 2 | MP034240825110565138 | TULASA PATEL | SUNDAR PATEL | 8517883233 | OBC | BLC | Female | 2 | WARD NO 02 TRANCHFORT NAGAR NEAR SCHOOL,GRAM TEPUA POST A G COLLEGE,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 3 | MP034241224199203844 | ANEETA GUPTA | RAM PRASAD GUPTA | 8269227695 | General | BLC | Female | 15 | W N 15,POKHRI TOLA SAMAN HUZUR REWA,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 4 | MP034240125152039492 | RAMDAS | KUARE KOL | 9981172261 | ST | BLC | Male | 16 | WARD 16,JYOTI SCHOOL CHUNA BHATTA REWA,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 5 | MP034240125129661071 | RAM CHARAN SHILPKAR | KUNJILAL SHILPKAR | 9575014954 | SC | BLC | Male | 38 | WARD NO 38/312,NEAR PURANI HAULI RANI TALAB HUZUR,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 6 | MP034240125159333504 | RIZWARI BEGAM | MOHAMMAD SAMI KHAN | 9770367699 | OBC | BLC | Female | 42 | Bichhiya rewa,Bichhiya rewa,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 7 | MP034241224147734215 | JABDA KHAN | MOHAMMAD AHAMAD KHAN | 9893150821 | OBC | BLC | Female | 45 | ADARSH NAGAR BEHIND ROYAL CASEL GARDEN KUTHULIYA REWA,ADARSH NAGAR,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 8 | MP034241224117439678 | RAVI PANDEY | MAHESH PRASAD PANDEY | 9893213921 | General | BLC | Male | 45 | WARD 45,KUTHULIYA REWA MP,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 9 | MP034240125148839930 | SAROJ SAHU | DILIP SAHU | 9522018831 | OBC | BLC | Female | 45 | WARD 45,KUTHILIYA REWA,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 10 | MP034240325187835218 | SANJAY KUMAR VERMA | SANTOSH KUMAR VERMA | 9907008056 | OBC | BLC | Male | 45 | WARD 45,KUTHULIYA REWA MP,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 11 | MP034241224152762927 | RAMLAKHAN CHAUDHARY | PANCHAM LALA CHAUDHARY | 9685194113 | SC | BLC | Male | 45 | WARD 45,KUTHULIYA REWA,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 12 | MP034240125145863914 | Nirmala Kushwaha | BRIJESH KUMAR Kushwaha | 9630884585 | OBC | BLC | Female | 45 | 186/1/3,word 44,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 13 | MP034240125143307385 | SHASHIPRABHA YADAV | YADUVANSI YADAV | 8349965461 | OBC | BLC | Female | 45 | WARD NO 45,VILLAGE KUTHULIYA,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 14 | MP034240125155867127 | Mukesh Kushwaha | INDRAPAL VERMA | 7389363450 | OBC | BLC | Male | 45 | WARD NUMBER 45,KUTHULIYA,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 15 | MP034240125117504297 | Ajay Kumar Verma | Santosh Kumar Verma | 8269361064 | OBC | BLC | Male | 45 | Ward No 45 Near Mukti Dhaam,Ward No 45 Near Mukti Dhaam,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 16 | MP034240125142802916 | SACHIN KUMAR SODHIYA | RAMESH SODHIYA | 7389209565 | OBC | BLC | Male | 45 | WARD 45,KUTHULIYA REWA,,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |

Assistant Engineer
PMAY
Municipal Corporation
Rewa (M.P.)

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी 2 करोड़ 77 लाख की ठोंगा-जमुआ सड़क




## मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी की जांच में उजागर हुआ मामला

### नए सिरे से सड़क निर्माण कराने के दिए गए निर्देश

अखिलेश पाण्डेय, सीधी



जिले में लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क निर्माण में ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कारनामे आए दिन उजागर हो रहे हैं। संविदाकारों द्वारा तकनीकी प्राक्कलन को दरकिनार कर मनमानी तरीके से गुणवत्ता विहीन सड़क बनाने का हर संभव प्रयास उपयंत्री व सहायक यंत्री से मिलकर किया जाता है। जिले में धौहनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य सड़क ठोंगा मैर टोला से जमुआ तक निर्माण क्रमांक 2 की 3.30 किलोमीटर लंबाई की सड़क लागत 2 करोड़ 77 लाख लोक निर्माण विभाग के सहायक यंत्री को संभाग मझौली एवं उपयंत्री की देख-रेख में संविदाकार के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था। ठेकेदार को लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त सड़क के निर्माण के नाम पर लगभग 2 करोड़ 8 लाख 37 हजार का भुगतान किया जा चुका है। विगत 23 जुलाई 2025 को एसएल सूर्यवंशी मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी जोन ग्वालियर, दिलीप जैनिया अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी सर्किल शहडोल के द्वारा मुख्य सड़क ठोंगा मैर टोला से जमुआ तक के सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जिसमें व्यापक पैमाने पर कमियां देखने को मिली। जांच के दौरान सड़क निर्माण में मात्र उप ग्रेड की मोटाई सही पाई गई। इसके अतिरिक्त उपाधार की मोटाई डब्ल्यूएमएम व डब्ल्यूबीएम बेस कोर्स की मोटाई, सड़क के आधार की मोटाई, सतह की मोटाई, पीक्यूसी की मोटाई तकनीकी प्राक्कलन के अनुसार फेल पाई गई। इतना ही नहीं जांच के दौरान सड़क की लंबाई 3.3 किलोमीटर के स्थान पर 3.2 किलोमीटर पाई गई।

जिले के धौहनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 3.30 किलोमीटर की सड़क लोक निर्माण विभाग की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। जबकि उक्त सड़क ग्रामीण जनों के लिए वरदान साबित होगी। जब सड़क निर्माण ही घटिया कराया जा रहा है तो आने वाले समय में बेहतर सड़क कैसे रह सकती है। यही कारण है कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाई गई सड़कें बनने के साथ ही उखड़ने लगती हैं और एक वर्ष के अंदर नष्ट हो जाती हैं।

### सड़क गुणवत्ता की स्थिति

1. उप ग्रेड मोटाई - उत्तीर्ण
2. उप आधार की मोटाई - फेल
3. WMM/WBM बेस मोटाई- फेल
4. आधार की मोटाई - फेल
5. सतह की मोटाई - फेल
4. PQC की मोटाई - फेल

### सड़क निर्माण की स्थिति

| | |
|---|---|
| सड़क की प्रशासनिक स्वीकृति | 277 लाख |
| सड़क की तकनीकी स्वीकृति | 234.79 लाख |
| अब तक व्यय राशि | 208.37 लाख |

### जांच में पाई गई कमियां

मुख्य अभियंता के द्वारा उक्त सड़क निर्माण में कमियां ही कमियां देखने को मिली। उक्त सड़क के चैनल 2990 में चैनल के ऊपर क्रॉसिंग करते समय एक एचपीसी का काम किया गया। जिसे शार्प टर्निंग किया गया। जबकि दो अतिरिक्त पाइप डाल कर सड़क के हॉरिजोन्टल एलाइमेंट को सुधारा जा सकता था। कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया जाता है कि अतिरिक्त पाइप लगाकर सुधार कार्य किया जावे। इसके साथ ही शोल्डर में साइड स्लोप एवं कम्पैक्शन में सुधार किया जावे।

### मुख्य अभियंता की जांच में भ्रष्टाचार हुआ उजागर

मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता ने अपने निरीक्षण शीट में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया है कि ठेकेदार द्वारा तकनीकी प्राक्कलन के मापदंडों का पालन नहीं किया है। इस कारण कार्य की मात्रा एवं गुणवत्ता में कमी दिखाई दे रही है। चूंकि कास्ट की मोटाई कम है अतः पुनः कार्य किया जाना उचित होगा। इसके साथ ही चैनल 2000 में बिटुमिनस लेयर की मोटाई 71 एमएम एल/एस एवं सेंटर में 61 पाई गई जो निर्धारित प्रावधान से काफी कम है। सीआरएम, डब्ल्यूएमएम, डीजीबीएम, बीसी की कुल मोटाई 39 सेमी. पाई गई। जबकि कुल मोटाई 48 सेमी. होनी चाहिए। तकनीकि प्राक्कलन के अनुसार 9 सेमी. मोटाई कम पाई गई। ठेकेदार के आग्रह पर चैनल 2020 में भी कोर काटा गया। वहां भी बिटुमिनस लेयर की मोटाई 48 एमएम पाई गई जो प्रावधान से कम है। चैनेज 2680 में कैरीजवे इलेक्ट्रिक पोल है। जिसे 5.0 मी. पहले शिफ्ट कराया जा सकता था। जिससे कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। इसमें उपयंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी की लापरवाही स्पष्ट गोचर हो रही है।

## शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

### दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास


**जागरण, सीधी।** दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय विशेष न्यायाधीश सीधी द्वारा पॉक्सो एक्ट के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा की सजा सुनाई है। बताया गया कि 10 अगस्त 2024 को अवयस्क अभियोक्त्री अपनी मौसी के घर उनके ग्राम मौसी की लड़की के बुलाने पर गई थी। मौसी की लड़की ने उसे फोन करके बताया था कि आरोपी को उसे लेने के लिए भेजेगी तो उनके साथ आना है। तब अभियोक्त्री, आरोपी के साथ उसकी बाईक से मौसी के घर घूमने के लिए गई तो रास्ते में करीब रात्रि 9 बजे आरोपी आंगनबाड़ी केन्द्र के पास अमरपुर में उसके साथ जबरदस्ती गलत काम बलात्संग किया। अभियोक्त्री ने मना किया तो आरोपी ने उसे किसी को बताने पर मार डालने की धमकी दी। अभियोक्त्री ने डर के कारण किसी को नहीं बताया फिर 14 अगस्त 2024 के शाम 4 बजे जब मौसी के घर में कोई नहीं था तो आरोपी आया और अभियोक्त्री के साथ गलत करने की कोशिश करने लगा तो अभियोक्त्री हल्ला करने लगी, जिससे अभियोक्त्री की मौसी की लड़के के चाचा आ गये। तब आरोपी उसे छोड़ दिया, फिर अभियोक्त्री ने अपनी मौसी और उनकी लड़कियों को घटना बतायी तो उन्होंने उसका विश्वास नहीं किया फिर अभियोक्त्री ने दिनांक 16 जुलाई 2024 को आरोपी का चुपके से फोन लेकर अपनी मम्मी को फोन लगाकर सारी बात बतायी तो अगले दिन उसकी मम्मी उसे उसकी मौसी के घर से लेकर अपने ग्राम आ गई फिर अभियोक्त्री ने अपनी मां के साथ थाना जाकर रिपोर्ट की। उक्त रिपोर्ट पर थाना बहरी में अपराध क्रमांक 0530/2024 धारा 65(1), 64(2)एफ, 351(3) भान्यासं एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम धारा 3/4(2), 5(एन)/6 के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया एवं मामला विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र तैयार कर विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट सीधी में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक 68/2024 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रशान्त कुमार पाण्डेय के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सीधी के द्वारा अभियुक्त को धारा 65(1) बीएनएस एवं धारा 5(एन)/6 एवं 18 पॉक्सो एक्ट में दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास जिसका अभिप्राय आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए कारावास होगा तथा कुल 25,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। साथ ही अर्थदण्ड की संपूर्ण राशि 25,000 रूपये अभियोक्त्री को अपील अवधि पश्चात अपील न होने की स्थिति में अभियोक्त्री को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान किये जाने का आदेश पारित किया गया। इसके अतिरिक्त अभियोक्त्री को एक लाख रूपये प्रतिकर के रूप में अदा किये जाने के परिप्रेक्ष्य में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला सीधी मप्र को पत्र सहित निर्णय की प्रति प्रेषित की गई।

### थाना चुरहट में शांति समिति की बैठक संपन्न



**जागरण, सीधी।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत थाना चुरहट में आगामी त्यौहारों को देखते हुए थाना प्रभारी दीपक बघेल के मार्गदर्शन में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। बैठक में प्रमुख रूप से हिंद-मुस्लिम भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई। विशेष रूप से गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोगों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं गाइडलाइन का पालन करते हुए ही गणेश प्रतिमा की स्थापना एवं विसर्जन करने की बात कही गई। थाना प्रभारी ने बताया कि इस समय नदी-नालों में पानी अधिक होने के कारण मूर्ति विसर्जन के लिए प्रशासन द्वारा तय स्थानों का ही उपयोग किया जाए, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि क्षेत्र के युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक रहकर रोकथाम करनी चाहिए। थाना प्रभारी ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि उनकी हर समस्या पर ध्यान दिया जाएगा और प्रशासन हर संभव सुविधा उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने अपने विचार साझा किए।

### सव्यसांची की छात्राएं जूड़ो में सम्भाग के लिए चयनित



**जागरण, सीधी।** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ। जहां जिले भर से शालेय प्रतियोगी शामिल हुए। इसी तारतम्य में सव्यसॉची कन्या शिक्षा परिसर सरेठी की बालिकाएं जूड़ो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और इनका चयन सम्भाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में हुआ, जिनका नाम कल्पना सिंह, आयुष सिंह, अंजली सिंह, रामवती सिंह, सीनू सिंह ये सभी खिलाड़ी संस्था सव्यसांची सेन्टर द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर सरेठी में अध्ययनरत हैं। संभाग स्तरीय आयोजन सतना जिले में दिनांक 26 अगस्त से 27 अगस्त तक किया जावेगा। इन सभी खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन में बधाई देने वाले संस्था सचिव संजय भदौरिया, शिक्षा परिसर के प्राचार्य अवधेश सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी एपी सिंह, जिला क्रीड़ा प्रभारी हरिशंकर पाण्डेय, ब्लाक क्रीड़ा प्रभारी दिलीप वर्मा, पीटीआई कीर्ती सिंह, मो. अशरफ, आरबी सिंह, नुरू स्लाम खेल युवा कल्याण विभाग खेल प्रशिक्षक मानिन्द खान, पीटीआई मामुन अंसारी, स्कूल क्रीड़ा प्रभारी निरसिया सिंह एवं धर्मेन्द्र सिंह व अन्य ने अपनी बधाई एवं शुभकामनाए दीं।

### मड़वास थाने में त्योहारों को लेकर हुई शांति समिति बैठक

**जागरण, सीधी।** पुलिस थाना मड़वास में 27 अगस्त को आगामी त्यौहार गणेश उत्सव को लेकर शांति व्यवस्था बनी रहे। इसी परिपेक्ष में पुलिस थाना मड़वास में शांति सभा की बैठक आयोजित हुई जिसमें थाना प्रभारी भूपेश वैस के द्वारा उपरोक्त जानकारी देते हुए कहा गया कि 6 सितंबर को गणेश विसर्जन किया जाएगा। थाना प्रभारी मड़वास भूपेश वैस ने कहा कि साइबर अपराध, धोखा धड़ी रोकने के लिए विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा कि हम सभी हिंदू, मुस्लिम भाईचारा के साथ अपना अपना त्यौहार शांतिपूर्वक से मनाएं। बैठक में उपस्थित व्यापारियों से थाना प्रभारी ने आग्रह किया कि अपने-अपने ग्राहकों से निवेदन पूर्वक निवेदन करें कि व दो पहिया व चार पहिया वाहन को व्यवस्थित रूप से सड़क पर खड़ा करें जिसमें आवा गवन अवरुद्ध न हों यातायात व्यवस्था बनी रहे मड़वास क्षेत्र की अन्य विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख रूप से उप निरीक्षक रघुवीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक पीडी सोमवंशी, सहायक उपनिरीक्षक संजय सोनी, प्रधान आरक्षक लालमणि कोल, प्रधान आरक्षक मुकेश मरावी, आरक्षक मोनू राठौर, आरक्षक राकेश पटेल, मोहम्मद ताहिर, सुजय सिंह, सरपंच मझिगवा मो. मुस्ताक, राधारमण मिश्रा, अनुपम तिवारी महखोर, राकेश इत्यादि ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## आम जनता का विश्वास बनी पुलिस अधीक्षक की जन सुनवाई

### जन सुनवाई में गांव-गांव से पहुंच रही है गरीब जनता

### पुलिस अधीक्षक से आम जनता की जागी उम्मीदें

जागरण, सीधी



जिले भर से गांव-गांव सुदूर अंचल की गरीब जनता, महिलाएं अपनी फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक की जन सुनवाई में काफी संख्या में पहुंच रही हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा आम जनता की वन-टू-वन सुनवाई कर त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित थाना प्रभारियों को देते हैं। जन सुनवाई के दौरान जिले भर के समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी ऑनलाईन जन सुनवाई से जुड़े रहते हैं। जिस थाना से संबंधित शिकायतें रहती हैं पुलिस अधीक्षक तत्काल मौके पर ही उस थाना प्रभारी से बात कर गरीब जनता को त्वरित न्याय दिलाने का प्रयास करते हैं। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिकों ने घरेलू विवाद, भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, मारपीट एवं साइबर अपराध संबंधी शिकायतें दर्ज कराईं। पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रमुख रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, डीएसपी मुख्यालय अमन मिश्रा, परिविक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक सुजीत कड़वे, नवनियुक्त डीएसपी शुभम जैन, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रीता त्रिपाठी, थाना अजाक प्रभारी निरीक्षक आरएल साकेत, थाना जमोड़ी प्रभारी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से जुड़े। जन सुनवाई में महिला फरियादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता दी गई और तत्काल कार्यवाही हेतु आदेश दिए गए। अधिकतर शिकायतें जमीन व पारिवारिक विवादों से संबंधित रहीं, जिनके यथाउचित शीघ्र निपटारे हेतु थाना प्रभारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। कई मामलों में सुनवाई के दौरान ही संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए, ताकि शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो। यह जनसुनवाई केवल प्रशासनिक प्रक्रिया न होकर पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं सहयोग का मजबूत माध्यम सिद्ध हो रही है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 114 समस्याएं

**जागरण, सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 114 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अपर कलेक्टर बी पी पाण्डेय, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाना मझौली में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

### थाना प्रभारी विशाल शर्मा ने आम जनों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील

जागरण, मझौली



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आगामी त्यौहार मिलादुन्नबी, गणेश उत्सव, नवदुर्गा उत्सव, दीपावली इत्यादि में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मझौली विशाल शर्मा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मझौली आरपी त्रिपाठी के उपस्थित में थाना प्रांगण में शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसडीएम व थाना प्रभारी द्वारा गणेश मूर्ति व दुर्गा मूर्ति स्थापना व विसर्जन को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया जिसमें साफ तौर पर कहा गया है। निर्धारित गाइडलाइन का पालन करते हुए नियत किए गए स्थान पर ही मूर्ति स्थापना की जाय ताकि आवागमन में कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो साथ ही लोगों को भी असुविधा ना हो। इस अवसर पर यदि डिजे लाए तो निर्धारित रुट व नियमों का पालन करना सुनिश्चित करें। यानि जिस रूट का परमिशन हो उसी रूट जाये ऐसे कोई भी डिजे पर आपत्तिजनक गाना व ध्वनि का प्रयोग ना करें कि दुसरे को ठेस पहुंचे। अशोभनीय टिप्पणी करने से बचे दुसरो को भी बचाये किसी भी प्रकार से ऐसा कोई भी काम ना करे जिससे लोगों को तकलीफ पहुंचे और ऐसी कोई भी बात हो तो तत्काल पुलिस को बताये पुलिस आप के साथ है। सभी त्यौहार भाई चारी के साथ मनायें। बैठक के अंत में एसडीएम मझौली एवं थाना प्रभारी मझौली आने वाले त्योहारों में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कहां है कि मनमानी और उड़नता तथा अशांति फैलाने करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसलिए आप सभी शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में खण्ड एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें किसी तरह की अव्यवस्था ना फैलाएं। बैठक में तहसीलदार मझौली दिलीप सिंह, नायब तहसीलदार वेदवती सिंह, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नप मझौली अमित सिंह, जनपद मझौली से अरविंद तिवारी, कृषि विभाग एपीएचई प्रतिनिधि, नगर अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र सिंह गौतम, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुधीद्र शुक्ला, पार्षद हिमांशु तिवारी, गोविंद साकेत, गणमान्य नागरिकों में आकाश सिंह चन्देल, जगत भान यादव, रजनीश गुप्ता एवं दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य व क्षेत्रीय पत्रकार शामिल रहे।

### तीन माह पूर्व लापता हुई नाबालिग किशोरी सकुशल बरामद

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में रामपुर नैकिन पुलिस ने लगभग तीन माह पूर्व गुम हुई नाबालिक किशोरी को दस्तयाब कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार 28 मई 2025 को थाना रामपुर नैकिन में फरियादी द्वारा अपनी नाबालिक पुत्री के अचानक लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिजनों ने बताया कि आसपास, रिश्तेदारी एवं नातेदारी में भी कोई सुराग नहीं मिला तथा आशंका व्यक्त की गई कि किसी के द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध दर्ज कर पुलिस ने विवेचना प्रारंभ की। निरंतर प्रयास एवं तलाश के दौरान दिनांक 25 अगस्त 2025 को किशोरी को ग्राम रामनगर, थाना चुरहट, जिला सीधी से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, उप निरीक्षक मोतीलाल रावत, प्रधान आरक्षक प्रसन्न मिश्रा, आरक्षक महेन्द्र तिवारी, महिला आरक्षक अंजली सिंह, थाना चुरहट से आरक्षक आनंद सिंह, सायबर सेल सीधी से आरक्षक प्रदीप मिश्रा एवं कृष्ण मुरारी द्विवेदी का विशेष योगदान रहा।

### गणेश स्कूल में बच्चों ने मनाई गणेश चतुर्थी

**जागरण, सीधी।** स्थनीय श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल पड़रा में गणेश चतुर्थी की पूर्वसंध्या पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक गतिविधियों में भाग लेकर गणपति बप्पा के प्रति अपनी श्रद्धा और कला कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मूर्ति शिल्प, चित्रकला, थाली सज्जा, श्लोक वाचन एवं लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक पर्वों से जोड़ना है। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति का परिचय दिया बल्कि सहयोग, एकाग्रता और परंपराओं का महत्व भी सीखा। स्कूल के प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें आगे भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। तथा उन्होंने भगवान श्रीगणेश से विद्यालय, विद्यार्थियों और समस्त समाज की उन्नति व खुशहाली की मंगलकामनाएँ कीं। राजकपूर चितेरा ने बताया, बच्चों ने रेखा व रंगों की सहायता से भगवान गणेश जी की मनमोहक सुंदर छवि बनाई, तो वही पर्यावरण अनुकूल मिट्टी से गणेश मूर्ति बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। साथ ही फूलों, सिंदूर, ज्योतए दीये और अन्य वस्तुओं से पूजा की थाली सजाकर भगवान के प्रति प्रेम और कृतज्ञता प्रकट किया।

## खरबर छात्रावास में बालिका की सर्पदंश से हुई मौत

### सड़क के अभाव में अस्पताल देर से पहुंचना बना मौत का कारण

### छात्रावास प्रबंधन पर भी उठ रहे सवाल

जागरण, मझौली



एक तरफ जहां प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा सुगम यातायात के लिए तमाम सड़कों का जाल बिछाए जाने का दावा किया जा रहा है लेकिन जब समाज के अंतिम छोर में जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति या अनुचित जनजाति के परिवारों के बच्चे बच्चियों की मौत का कारण सुगम यातायात ना होना बनता हो तब सारे दावे ढकोसले साबित होने लगते हैं। कुछ इसी तरह का मामला जिले के वनांचल क्षेत्र जनपद पंचायत कुसमी के आदिवासी बालिका छात्रावास खरबर का प्रकाश में आया है जहां छात्रावास में कक्षा 7 में अध्यनरत बालिका पूजा बैगा पिता इंद्रपाल बैगा उम्र 13 वर्ष की मौत सर्प काटने से हो गई जिसमें मौत का कारण सड़क के अभाव में समय पर अस्पताल न पहुंचना माना जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना मंगलवार 26 अगस्त को प्रातः 4 बजे की बताई जा रही है जब बालिका छात्रावास में अपने चारपाई पर सोई हुई थी और सर्प चारपाई में चढ़कर उसे काट दिया बच्ची द्वारा तत्काल आश्रम के बॉर्डन एवं अन्य बच्चियों को बताया छात्रावास प्रबन्धन द्वारा वाहन की व्यवस्था कर 7 बजे सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया और जहां कुछ देर तक उपचार भी चला लेकिन बालिका को नहीं बचाया जा सका और उसकी मौत हो गई।

### क्षेत्र में नहीं है शुगम यातायात सुविधा

बताते चलें कि खरबर से मझौली की दूरी लगभग 25 किलोमीटर है, अगर पूर्ण रूप से सड़क बनी होती तो बच्ची को लेकर आधे घंटे में अस्पताल पहुंचाया जा सकता था और समय पर उपचार होता तो शायद उसकी जान भी बच जाती लेकिन नदियों में पुल का ना होना एवं वन मार्ग में खराब सड़क होना जिससे आने में 3 घंटा लग गया यही देरी बालिका के मौत का कारण बना जिसको लेकर क्षेत्र में मातम एवं असंतोष व्याप्त है।

### छात्रावास प्रबंधन की भी है खास जिम्मेदारी

छात्रावास एवं आश्रमों के लिए समय-समय पर पर्याप्त बजट जारी किया जाता है, ताकि अध्ययन करने वाले बालक बालिकाओं के सुरक्षा में कमी ना हो जिसके लिए 24 घंटे सेवा देने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं। समुचित साफ-सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था होनी चाहिए, अधीक्षक को नियमित रूप से संस्था में रहना चाहिए, प्राथमिक उपचार के लिए दवा किट भी होना चाहिए, अगर इन सभी बातों का सही तरीके से पालन होता तो शायद ऐसी घटना ना घटती।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# शांति बहाल करने के मुद्दे पर भारत का रुख स्पष्ट

***भारत ने शुरुआत से स्टैंड क्लियर रखा कि वह किसी के साथ नहीं, युद्ध के खिलाफ है। भारत के पास मौका है कि वह संवाद की राह में आ रही रुकावटों को दूर करे। जेलेंस्की को भारत आने का न्योता देकर सरकार ने इस बात का संकेत दे दिया है।***

*यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का न्योता देकर सरकार ने संकेत दिया है कि शांति समझौता कराने में नई दिल्ली सक्रिय भूमिका निभा सकती है। इस कदम का स्वागत होना चाहिए। रूस और यूक्रेन को अगर भारत बातचीत की मेज पर ले आता है, तो यह पूरी दुनिया के हित में होगा।*

*पिछले साल अगस्त में नरेंद्र मोदीयूक्रेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। इससे पहले उन्होंने रूस की यात्रा की थी। दोनों जगह उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट किया कि शांति बहाल होनी चाहिए, यह युद्ध का दौर नहीं है। हाल में अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई शिखर वार्ता का भी भारत ने स्वागत करते हुए कहा था कि बातचीत व कूटनीति ही आगे बढ़ने का रास्ता है।*

*ट्रंप के दोबारा सत्ता संभालने से लेकर अभी तक, यूक्रेन युद्ध का समीकरण काफी कुछ बदल चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति चाहते हैं कि यह लड़ाई जल्द से जल्द खत्म हो। लेकिन, उनकी यह जल्दबाजी नीतियों में अस्थिरता के रूप में सामने आ रही है। कभी वह जेलेंस्की पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं, कभी पूतिन पर। हालांकि जब तक सहमति न बने, शांति थोपी नहीं जा सकती। इस मामले में भारत का नजरिया शुरू से संतुलित रहा है कि रूस और यूक्रेन, दोनों को शामिल किए बिना समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता।*

*रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरा जोर लगाए हुए हैं। इस बीच यूक्रेन को उम्मीद है कि भारत इस संघर्ष को रुकवाने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। भारत में यूक्रेन के दूत ओलेक्सांद्र पोलिशचुक ने रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने में भारत से और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कीव, मास्को के साथ अपने दीर्घकालिक संबंधों के कारण, संभावित शांति वार्ता में भारत को एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में देखता है। पोलिशचुक ने यूक्रेन और भारत के बीच बढ़ते संवाद का स्वागत किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत युद्ध में तटस्थ नहीं है, लेकिन शांति, कूटनीति और राजनीतिक संवाद का दृढ़ता से समर्थन करता है।*

*यूक्रेन को लेकर ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन की पॉलिसी ने अमेरिका की साख को चोट पहुंचाई है। यूक्रेन भी अब इस बात को मान रहा है कि भारत शांति, कूटनीति और राजनीतिक संवाद का समर्थन कर रहा है। किसी और देश की तुलना में भारत आज रूस औरयूक्रेन, दोनों के बीच संवाद स्थापित कराने के लिए बेहतर स्थिति में है। उसे यह ताकत उसकी तटस्थता से ही मिली है। कीव और मॉस्को, दोनों उस पर भरोसा कर रहे हैं और दोनों को नई दिल्ली से ज्यादा सक्रियता की उम्मीद है। भारत के पास मौका है कि वह संवाद की राह में आ रही रुकावटों को दूर करे। भारत जैसे देश तब चुपचाप खड़े होकर नजारा नहीं देख सकते, जबकि वे निर्णायक भूमिका निभाने की हैसियत रखते हों।*

# अमेरिकी चौधराहट का विकृत रूप दिखा व्हाइट हाउस की बैठक में

ट्रंप की मेजबानी

**पुष्परंजन**

फ्रांसीसी-पोलिश भू-अर्थशास्त्री डैनियल फूबर्ट ने एक्स पर कहा कि 'यूरोपीय संघ ने यूरोप को अर्थहीन बना दिया है।' फूबर्ट ने कहा, 'यूरोपीय नेता बड़ी संख्या में वाशिंगटन पहुंचे। अपनी बात कहने के लिए बेताब। वे साझेदार के रूप में नहीं, बल्कि याचिकाकर्ता के रूप में आए थे, एक ऐसे व्यक्ति के शब्दों का इंतज़ार कर रहे थे जिसके पास अब सारे पत्ते हैं।'

व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर तस्वीर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ओवल ऑफिस के सिंहासन पर विराजे हुए थे। उनके गिर्द यूरोप के प्रमुख नेता इस अंदाज में बैठे दिख रहे हैं, गोया ट्रंप की पाठशाला चल रही हो। ब्रिटिश ऑनलाइन समाचार पत्र, 'द इंडिपेंडेंट' के अनुसार, 'सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने कहा, कि ट्रंप के रेज़ोल्यूट डेस्क के सामने वाली कुर्सियों पर यूरोपीय नेताओं के बैठने की व्यवस्था देखकर ऐसा लगा जैसे अमेरिकी राष्ट्रपति 'अनियंत्रित स्कूली बच्चों' के एक समूह की मेज़बानी कर रहे हों।'

ट्रंप ने पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की मेजबानी की, और फिर यूक्रेन संकट के समाधान के हवाले से व्हाइट हाउस में सात यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में ट्रंप, ज़ेलेंस्की, ब्रिटेन के सर कीर स्टारमर, फ्रांस के इमैनुएल मैक्रों, इटली की जियोर्जिया मेलोनी, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, फिनलैंड के अलेक्जेंडर स्टब, नाटो महासचिव मार्क रूट, और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन देयर लेयेन शामिल थीं। जर्मन मीडिया के अनुसार, 'यूरोपीय नेता ज़ेलेंस्की के चारों ओर एक सुरक्षात्मक अर्धवृत्ताकार घेरे में बैठे थे, वो यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक थे कि ओवल ऑफिस में एक और अपमान न हो, और ट्रांस-अटलांटिक गठबंधन कायम रहे।' ब्रसेल्स स्थित यूरोपियन पॉलिसी सेंटर में यूरोपीय और वैश्विक मामलों के निदेशक अल्मुट मोलर ने एक ईमेल के जरिये रिएक्ट किया, 'यह एक ऐसी बैठक थी, जहां यूरोपीय लोगों को अपनी एकता और दृढ़ संकल्प दिखाने का मौका मिला। यूरोप शक्तिहीन नहीं है।' लेकिन ठीक से देखा जाये, तो इसमें यूरोप-अमेरिकी सुप्रीमेसी झलक रही थी। दुनिया को यह बताना था, कि ट्रांस-अटलांटिक मसलों को कोई एशियाई-अफ्रीकी नेता नहीं सुलझाएगा। पीएम मोदी तो जैसे अप्रासंगिक हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 से 23 अगस्त 2024 के बीच पोलैंड एवं यूक्रेन की यात्रा पर गए थे। तब ट्रंप, अमेरिकी चुनाव में व्यस्त थे। लेकिन, शायद उन्होंने तय कर लिया था, कि यूक्रेन की शांतिवार्ता का श्रेय किसी एशियाई नेता को नहीं मिलना चाहिए।



> **व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर एक तस्वीर को जिसने भी देखा, जुगुप्सा से भर गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ओवल ऑफिस के सिंहासन पर विराजे हुए। उनके गिर्द यूरोप के प्रमुख नेता इस अंदाज में बैठे हैं, गोया ट्रंप की पाठशाला चल रही हो। इसे सत्ता का 'शर्मनाक खेल' बताया गया। इस कवायद को अमेरिकी चौधराहट का विकृत रूप कहा जा रहा है।**

वर्ष 1991 में यूक्रेन की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से कीव की यात्रा करने वाले मोदी पहले भारतीय नेता बन गए। मोदी की कीव यात्रा ने ग्लोबल सुर्खियां बटोरी थी। शांतिदूत के रूप में मोदी की भूमिका, यूरोपीय नेताओं के गले से नीचे नहीं उतर रही थी। गुजरे सोमवार को व्हाइट हाउस ने उन प्रमुख यूरोपीय नेताओं से घिरे ट्रंप की तस्वीर पोस्ट करते हुए, इसे 'एक ऐतिहासिक दिन' बताया, और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति 'शांति के राष्ट्रपति' हैं। यह जबरदस्ती और बेशर्मी भरा सन्देश है, कि 'पीस प्रेसिडेंट' को 'नोबेल पीस प्राइज' चाहिए। यह सारा प्रपंच उसी के वास्ते है।

हालांकि, एक्स प्लेटफ़ॉर्म पर कुछ भू-राजनीतिक पर्यवेक्षकों और नेटिज़न्स ने माना कि ट्रंप की मेज के सामने बैठे यूरोपीय नेताओं की यह नई तस्वीर 'शर्मिंदगी और अपमान' के क्षण का संकेत देती है। इस तस्वीर पर टिप्पणी करते हुए, फ्रांसीसी-पोलिश भू-अर्थशास्त्री डैनियल फूबर्ट ने एक्स पर कहा कि 'यूरोपीय संघ ने यूरोप को अर्थहीन बना दिया है।'

'आई मीम देयर फोर आई एम' नाम के एक अन्य नेटिजन ने एक्स पोस्ट की गई तस्वीर पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'इतिहास हमारे सामने घटित हो रहा है! यूरोपीय नेता राष्ट्रपति ट्रंप की मेज के चारों ओर बैठे हैं। यकीन नहीं हो रहा कि ये लोग इतने क्षुद्र हो सकते हैं।' एक स्तंभकार अभिषेक ने एक्स पर कहा कि 'ट्रंप भारत से नाराज़ क्यों हैं? क्योंकि यूरोपीय नेता असंभव स्तर का अपमान सह रहे हैं। इतालवी प्रधानमंत्री, जर्मन चांसलर, फ्रांसीसी राष्ट्रपति... सभी प्रिंसिपल के कार्यालय में बच्चों की तरह बैठे हैं... लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी का इस तरह बैठना असंभव है।' ऐसी टिप्पणी पर कैसे तार्किक मानें? लेकिन मुश्किल पुतिन के साथ है। अलास्का में ट्रम्प से मुलाकात को पुतिन ने शेयर किया, लेकिन वो भी खुलकर नहीं कहते कि शांतिवार्ता भारत के किसी लोकेशन में हो। क्यों आखिर? पुतिन के लिए, भारत में शांति वार्ता तो सबसे सुरक्षित है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) का गिरफ़्तारी वारंट जारी है। गैर-नाटो सदस्य स्विट्ज़रलैंड और ऑस्ट्रिया ने कहा है कि वे यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ संभावित शिखर सम्मेलन के लिए पुतिन की मेज़बानी के लिए तैयार हैं। पीएम मोदी जिनसे बेहिचक गले मिलते हैं, उनमें से एक हैं फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों। मैक्रों ने भी जिनेवा को एक संभावित स्थल के रूप में सुझाया है, और इसे तटस्थ स्थान बताया है। क्या भारत 'तटस्थ स्थल' नहीं है? ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर ने वियना की लंबी परंपरा का हवाला देते हुए शांति वार्ता की मेज़बानी की पेशकश की। नाटो का सदस्य तुर्की भी, 'मान न मान मैं तेरा मेहबान' बनने को व्याकुल है। पिछली द्विपक्षीय रूस-यूक्रेन वार्ता इस्तांबुल में हुई थी। डबल गेम खेलने वाला तुर्की दावा करता है, कि हम मास्को से अधिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को निभा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने अब तक पोलिटिको की उस रिपोर्ट पर आधिकारिक रूप से टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि वह पुतिन, ज़ेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की त्रिपक्षीय बैठक के लिए बुडापेस्ट को स्थल के रूप में विचार कर रहा है। लेकिन व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने मंगलवार को समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया, कि दोनों नेताओं ने हंगरी की राजधानी में शिखर सम्मेलन आयोजित करने की संभावना पर चर्चा की थी। पोलिश प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने यूक्रेन के लिए निरंतर समर्थन की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। यह सारी कवायद, 'जैसी बही बयार, पीठ तब तैसी कीजिये', वाली है।

# बेंच हंटिंग से न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता आ रही खतरे में

न्यायिक शुचिता

**डॉ सुधीर कुमार**

कानूनी दुनिया में 'बेंच हंटिंग' शब्द इन दिनों सुर्खियों में है, खासकर 16 वकीलों को बार काउंसिल द्वारा मिले नोटिस के बाद। यह केवल एक कानूनी शब्दावली नहीं, बल्कि हमारी न्यायपालिका की स्वतंत्रता और अखंडता पर एक चिंता पैदा करती है। यह न्याय को प्रभावित करने और अपनी सुविधानुसार परिणाम प्राप्त करने का एक सीधा प्रयास है, जो न्यायिक नैतिकता के खिलाफ है। बेंच हंटिंग न केवल न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता को खतरे में डालती है, बल्कि आम जनता के न्याय प्रणाली में विश्वास को भी गहरी चोट पहुंचाती है। यह प्रथा न्याय के मार्ग को बाधित करती है। न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।

सरल शब्दों में, बेंच हंटिंग का मतलब है किसी खास मामले की सुनवाई के लिए अपनी पसंद के जज या पीठ (बेंच) की तलाश करना। वकील या उनके मुवक्किल ऐसे जज के सामने अपना मामला ले जाने की कोशिश करते हैं, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि वे उनके पक्ष में फैसला दे सकते हैं, या ऐसे जज से बचने की कोशिश करते हैं जिनके बारे में उन्हें लगता है कि वे उनके खिलाफ जा सकते हैं। यह अक्सर कानूनी दांव-पेंच का हिस्सा बन जाता है, जहां मामले को सूचीबद्ध कराने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाए जाते हैं, जैसे कि बार-बार मामले को वापस लेना और फिर से दायर करना, या फिर मामले को इस तरह से प्रस्तुत करना कि वह एक विशिष्ट बेंच के सामने आ जाए। यह न्यायपालिका के 'रैंडम एलोकेशन' सिद्धांत का सीधा उल्लंघन है, जिसके तहत मामलों को बेतरतीब ढंग से न्यायाधीशों को सौंपा जाना चाहिए। यह न्यायिक प्रक्रिया का एक अनुचित और अनैतिक हेरफेर है, जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।



> **बेंच हंटिंग न केवल न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता को खतरे में डालती है, बल्कि आम जनता के न्याय प्रणाली में विश्वास को भी गहरी चोट पहुंचाती है। यह न्याय को प्रभावित करने और अपनी सुविधानुसार परिणाम प्राप्त करने का एक सीधा प्रयास है, जो न्यायिक नैतिकता के खिलाफ है।**

बेंच हंटिंग पर बढ़ती चर्चा के मुख्य कारणों में से एक डिजिटलीकरण और सूचना की सुलभता है। अदालती कार्यवाही और न्यायाधीशों के पिछले फैसलों से जुड़ी जानकारी अब आसानी से उपलब्ध है, जिससे वकीलों के लिए न्यायाधीशों के रुझानों को समझना आसान हो गया है। हालांकि, यह पारदर्शिता के लिए अच्छा है, लेकिन इस जानकारी का दुरुपयोग बेंच हंटिंग के रूप में भी हो सकता है।

भारत में 'बेंच हंटिंग' के आरोप कई बार सामने आए हैं, हालांकि किसी विशेष मामले में इसे सीधे तौर पर साबित करना अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है। जस्टिस चेलामेश्वर बनाम भारत संघ (2018), हालांकि यह मामला सीधे तौर पर बेंच हंटिंग का नहीं था, लेकिन इसने न्यायपालिका के भीतर 'मास्टर ऑफ रोस्टर' की शक्ति और उसके संभावित दुरुपयोग पर एक महत्वपूर्ण चर्चा छेड़ दी थी। चेन्नई वाटर केस के मामले में, एक पार्टी ने लगातार अलग-अलग याचिकाएं दायर कीं ताकि मामला एक विशेष न्यायाधीश के सामने आ सके।

सुप्रीम कोर्ट ने इसे स्पष्ट रूप से बेंच हंटिंग माना और इसकी कड़ी आलोचना की। प्रशांत भूषण बनाम भारत संघ मामले में इस अवमानना मामले की सुनवाई के दौरान, ऐसी चर्चाएं उठी थीं कि प्रशांत भूषण अपनी पसंद की बेंच के सामने मामले की सुनवाई करवाना चाहते थे। कोर्ट ने इस पर सख्त रुख अपनाया और स्पष्ट किया कि कोई भी वकील या पक्षकार अपनी पसंद की बेंच नहीं चुन सकता।

विभिन्न देशों की न्यायिक प्रणालियों से हम भारत की न्यायपालिका में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण सबक ले सकते हैं। अमेरिकी न्याय प्रणाली में कंप्यूटरीकृत आवंटन प्रणाली और हितों के टकराव को रोकने के लिए सख्त नियम बेंच हंटिंग को कम करते हैं, जिससे हमें स्वचालित प्रणालियों और न्यायाधीशों की स्व-निवृत्ति के महत्व का पता चलता है। यूनाइटेड किंगडम (यूके) न्यायाधीशों के लिए पूर्वाग्रह की आशंका होने पर खुद को अलग करने को अनिवार्य करता है, जो नैतिक प्रशिक्षण और सख्त निगरानी की आवश्यकता पर जोर देता है। वहीं, कनाडा का मॉडल निष्पक्ष आवंटन और न्यायिक आचरण पर कड़ी निगरानी के माध्यम से न्यायिक स्वतंत्रता को बनाए रखता है, जो एक मजबूत निगरानी तंत्र के महत्व को दर्शाता है। इन मॉडलों को अपनाकर भारत अपनी न्यायिक प्रक्रिया में ईमानदारी और निष्पक्षता को मजबूत कर सकता है।

न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। अदालतों में मामलों के आवंटन के लिए पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत और रैंडम प्रणाली अपनाई जानी चाहिए, जिससे मानवीय हस्तक्षेप कम हो और पक्षपात की संभावना नगण्य हो जाए। काउंसिल को बेंच हंटिंग में शामिल वकीलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। वकीलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे न्याय प्रक्रिया का सम्मान करें।

जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय मानता है, यह न्यायिक प्रक्रिया की शुचिता और विश्वसनीयता को गंभीर रूप से कमजोर करता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि न्यायाधीशों का आवंटन मुख्य न्यायाधीश का विशेषाधिकार है और इसमें किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप अस्वीकार्य है।

प्रसंगवश

# बेरोजगारी निम्नतम स्तर पर शहरों पर अभी भी असर नहीं

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में देश की बेरोजगारी दर घटकर पिछले तीन महीनों में सबसे कम यानी 5.2 फीसदी पर आ गई, जो अर्थव्यवस्था के लिहाज से आश्वस्त करने वाली खबर कही जा सकती है, लेकिन इससे जुड़े कई अन्य पहलू भी विचारणीय हैं। दरअसल, पिछले कुछ हफ्ते त्योहारों के रहे हैं और इसके अलावा कृषि व संबंधित गतिविधियों में कामगारों की मौसमी मांग भी रही है।

> **एनएसओ के अनुसार, देश की बेरोजगारी दर का बीते तीन महीनों के निम्नतम स्तर पर पहुंचना राष्ट्रीय रोजगार परिदृश्य की बेहतरी के लिहाज से सकारात्मक संकेत हैं। इसके विपरीत, जुलाई में ही शहरी बेरोजगारी दर में कुछ वृद्धि देखी गई है।**

यही वजह रही कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर में कुछ कमी देखने को मिली है। इसके विपरीत, जुलाई में ही शहरी बेरोजगारी दर में कुछ वृद्धि, शहरों में रोजगार के अवसरों के घटने की ओर इशारा करती है, जो चिंताजनक है। यह असमानता शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच रोजगार के अवसरों में अंतर को रेखांकित करती है और नीतिगत हस्तक्षेप की मांग भी करती है।

मासिक आंकड़े बताते हैं कि जुलाई के दौरान महिलाओं की बेरोजगारी दर में कमी आई है और महिला श्रमबल की हिस्सेदारी बढ़ी है, जो उत्साह बढ़ाने वाला है। गौर करने वाली बात है कि ये आंकड़े वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, एसएंडपी द्वारा भारत की दीर्घकालिक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीबीबी माइनस' से बढ़ाकर 'बीबीबी' करने के बाद आए हैं, जो 18 वर्षों में इस तरह की पहली प्रगति है।

एसएंडपी के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 और 2024 के बीच हमारी वास्तविक जीडीपी वृद्धि औसतन 8.8 फीसदी रही, जो एशिया-प्रशांत में सबसे अधिक है, और अगले तीन वर्षों में इसके 6.8 फीसदी वार्षिक दर से बढ़ने की उम्मीद है, जिसका फायदा देश के रोजगार परिदृश्य को भी यकीनन मिलेगा। सरकार ने हाल ही में घोषणा की है कि वह अक्तूबर तक वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती करेगी। इससे घरेलू विनिर्माण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, रोजगार सृजन भी बढ़ने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विकसित भारत रोजगार योजना की शुरुआत भी देश के रोजगार परिदृश्य के रूपांतरण की क्षमता रखती है, जिसका अगले दो वर्षों में साढ़े तीन करोड़ नौकरियां देने का लक्ष्य है। कुल मिलाकर देखें, तो दूसरी तिमाही के शुरुआती महीने में बेरोजगारी दर में कमी और नई रोजगार योजना का शुभारंभ स्वागतयोग्य है, लेकिन सरकार को कौशल विकास और नवाचार पर आधारित अपनी नीतियों से देश को एक मजबूत व समावेशी रोजगार बाजार की ओर बढ़ाना होगा। फिलहाल इस सकारात्मक गति को बनाए रखने और अर्थव्यवस्था को ऐसा रूप देने की जरूरत है, जिसमें सभी के लिए अवसरों के द्वार खुले हों।



## ।।गीता।।



**श्लोक**

**विद्याविनयसंपन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि।**
**शुनि चैव श्वपाके च पंडिताः**
**समदर्शिनः ।।**

**भावार्थ**

ज्ञानी महापुरुष विद्या-विनययुक्त ब्राह्मण में और चाण्डाल में तथा गाय, हाथी एवं कुत्ते में भी समरूप परमात्मा को देखने वाले होते हैं।

जीवन दर्शन

# समय-समय पर मन को डिटॉक्स करने की आवश्यकता

कई बार हमारा मन भी बेहद टॉक्सिक हो जाता है और फिर हमें नुकसान पहुंचाने लगता है। इसलिए, समय-समय पर इसे डिटॉक्स करने की आवश्यकता है। हमारा मन एक खाली स्पेस की तरह है जिसमें बहुत सारी चीजें भर लेते हैं। उसमें कई सकारात्मक और कुछ नकारात्मक चीजें होती हैं। ये नकारात्मक चीजें हमारे मन और बुद्धि को टॉक्सिक करने लगती है, जिसका प्रभाव हमारे व्यवहार, दिनचर्या और फैसलों में दिखने लगता है। हम इतने टॉक्सिक हो जाते हैं कि खुद के साथ-साथ दूसरों को भी नुकसान पहुंचाने लगते हैं। लेकिन आप टॉक्सिक हो गए हैं, इसका जब तक आपको एहसास होता है, बहुत कुछ खराब हो चुका होता है।

अगर आपके मन में अक्सर नकारात्मक विचार आते रहते हैं, कुछ भी अच्छा या सकारात्मक नहीं सोच पाते हैं, तो यह एक संकेत है कि आपको माइंड डिटॉक्स की जरूरत है। कुछ लोगों को आपने देखा होगा कि वो छोटी-छोटी बातों पर इरिटेट होने लगते हैं या उन्हें गुस्सा आने लगता है। यह इस बात का संकेत है कि आपको मेंटल डिटॉक्स की जरूरत है। लोगों से कनेक्ट करने में परेशानी या लो कॉन्फिडेंस यानी अगर आप लोगों से जुड़ने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं, या अकेलापन महसूस कर रहे हैं या फिर नए कामों में ध्यान नहीं लगा पा रहे, कोई नया फैसला नहीं ले पा रहे, तो यह भी एक संकेत है। अगर आपको हर समय मानसिक थकान महसूस होती है, कुछ भी सोचने या करने का मन नहीं होता है, तो यह भी एक संकेत है कि आपको माइंड डिटॉक्स की जरूरत है।

मानसिक स्वास्थ्य के लिए मेंटल डिटॉक्स बहुत महत्वपूर्ण है वर्ना आप चिड़चिड़े, गुस्सैल, नकारात्मक, डिप्रेस और एक थके हुए व्यक्ति जैसा व्यवहार करेंगे। आप न केवल अपने जीवन में पीछे होते जायेंगे बल्कि अपने आसपास के लोगों से सम्बन्ध भी खराब कर लेंगे।

इसके कुछ खास तरीके बताए गए हैं। मन को शांत और तनावमुक्त करने के लिए मेडिटेशन बहुत ही उपयोगी है। रोजाना कुछ मिनट ध्यान करने से आपके मन की चेतना में वृद्धि होती है। सुबह उठकर उन चीजों की सूची बनाएं जिनके लिए आप आभारी हैं। यह अभ्यास आपको जो भी मिला है उसकी कद्र करना सिखाता है और असंतोष, ईर्ष्या और असफलता जैसे नकारात्मक विचारों से दूर करता है।

सुबह के समय फोन और अन्य डिजिटल डिवाइसेज से दूर रहें। शारीरिक गतिविधियाँ न केवल शरीर के लिए बल्कि मन के लिए भी अच्छी होती हैं। योग, डांस, या तेज चाल से चलना जैसे व्यायाम आपके मन को तरोताजा कर सकते हैं। अगर आपको व्यायाम करना पसंद नहीं, तो आप जगह-जगह घूम सकते हैं। यह आपको लोगों से जुड़ने और अपने टॉक्सिक माहौल से बाहर आने में मदद करेगा।

**-चंदा कुमारी**

# कांग्रेस अमावस्या है, भाजपा पूर्णमासी : नड्डा

## जबलपुर में चार संभागों के कार्यकर्ताओं को नड्डा ने दिया मार्गदर्शन, कहा-संगठन के मामले में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने जबलपुर में कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता की पार्टी और हमारी सरकार से जो अपेक्षा है, उसे पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं को अपना पूरा समर्पण देना होगा। उन्होंने कहा कि हमें जनता को बार-बार यह बताना होगा कि कांग्रेस अमावस्या है और भाजपा पूर्णमासी। नड्डा सोमवार को जबलपुर में जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा और कांग्रेस के बीच के फर्क जनता को समझाएं। 2014 भारतीय राजनीति का टर्निंग पाइंट है, जनता को बार-बार इस बारे में बताएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिस्पांसिबल, रिस्पांसिव और रिपोर्ट कॉर्ड वाली सरकारों का दौर शुरू किया। डेड कांग्रेस के डेड लीडर ही हमारी अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी बता रहे हैं, जबकि हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। विरोधी भी मानते हैं कि राष्ट्रीयता और संगठन के मामले में भाजपा से कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। भारतीय जनता पार्टी देश का इकलौता वैचारिक दल है। हमने सत्ता के लिए कभी समझौते नहीं किए, अपने रास्ते नहीं बदले। नड्डा ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति की संस्कृति बदल दी। पहले सरकारें किसी एक समुदाय की, जाति की, वर्ग की या इलाके की हुआ करती थी। लेकिन 2014 के बाद सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का दौर शुरू हुआ। अब जो सरकार है, वो किसी एक वर्ग या जाति की नहीं, बल्कि सभी की सरकार है।



### हर बूथ पर कमल खिलाने के लिए करें काम: खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मध्यप्रदेश डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलने वाला प्रदेश है, यह स्व. अटलजी और स्व. ठाकरे जी की कर्मभूमि वाला प्रदेश है। मध्यप्रदेश का संगठन लगातार ऊंचाइयों पर रहा है और पहले से ही मजबूत है। लेकिन हमारा प्रयास होगा कि यहां हर दिल में भाजपा रहे, कोई बूथ, विधानसभा हम से न छूटे, कोई समाज हमारी पहुंच से दूर न रहे। प्रदेश के सभी कार्यकर्ता हर बूथ में कमल खिलाने के लिए जुटे रहें। हर गरीब के आंसू पोंछने का काम प्रधानमंत्री कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में हम वह सारे काम कर पाए हैं जिसकी उम्मीद आज से 15 साल पहले का समाज नहीं करता था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार इंफ्रास्ट्र. र, उद्योग और रोजगार के मामले में मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। प्रदेश के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और डॉ. मोहन यादव के कामों को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे। नड्डा के नेतृत्व में पार्टी को जो मजबूती मिली है, उसे बरकरार रखते हुए हम प्रदेश के कोने-कोने में भारतीय जनता पार्टी को पहुंचाने का काम करेंगे।

### दूसरे दलों में नहीं भाजपा जैसी कार्य संस्कृति : मुख्यमंत्री

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कार्य संस्कृति भाजपा के अलावा देश के किसी अन्य राजनीतिक दल में नहीं है। नेशनल मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की स्थापना कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किया है। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार तेजी से कर रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात भाजपा की जनजातियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाता है।

### महिला सांसद को पुलिस ने रोका, टूटा चश्मा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल होने पहुंची राज्यसभा सांसद को पुलिस ने बाहर रोक दिया। इस पर उनकी पुलिस से बहस हुई और इस दौरान उनका चश्मा टूट गया। बताया गया है कि सांसद सुमित्रा बाल्मिक जब बैठक में भाग लेने पार्टी के संभागीय मुख्यालय पहुंची,तो वहां तैनात पुलिस कर्मी ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया,जिससे उनकी पुलिस कर्मी से बहस होने लगी,तभी उनके समर्थकों ने नारेबाजी शुरु कर दी। सांसद बाल्मिक ने बताया कि मेरा चश्मा टूट गया। हमने सुरक्षा गार्ड से बोला कि हमें जाने दीजिए, लेकिन उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से पूरा गेट बंद कर दिया। प्रक्रिया में उनका हाथ लगा, तो मेरा चश्मा टूट गया। जिससे मुझे समझ में नहीं आया कि मैं अंदर जाऊं या बाहर जाऊं। इसलिए थोड़ी गहमा-गहमी हुई।

# जमीन के नीचे छिपाया था 500 लीटर लाहन और कच्ची शराब



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के आबकारी अमले ने सोमवार को अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कजली खेड़ा पर छापा मारा। यहां से अवैध कच्ची मदिरा और महुआ लाहन जब्त किया गया। आरोपियों ने बचने के लिए लाहन और शराब को जमीन के नीचे गड्ढे कर छिपा रखा था। टीम ने जब दबिश दी तो प्लास्टिक के केन में जमीन में दबा लगभग 500 लीटर महुआ लाहन व कच्ची शराब मिली। आबकारी टीम ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) और 34(एफ) के तहत कुल 4 प्रकरण दर्ज किए हैं। आबकारी अमले ने 50 वर्षीय गीता बाई पैंसठ वर्षीय शांतिबाई साठ वर्षीय कर्ण सिंह तोमर को गिरफ्तार किया है जो कजली खेड़ा के निवासी हैं। आबकारी के अनुसार एक आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। टीम ने मौके पर मिले 475 किलो महुआ लाहन को नष्ट कर दिया जबकि 25 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची मदिरा जब्त कर ली, जिसकी कीमत लगभग 28 हजार है।

## कारोबारी जैन की हत्या के आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित

**जागरण, इंदौर।** कारोबारी चिराग जैन की हत्या के आरोपी विवेक जैन अब तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है। डीसीपी हंसराज सिंह ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है, उसकी गिरफ्तारी के लिए दो थानों की टीम भी गठित की है। एक टीम को भिंड व दूसरी को ग्वालियर भेजा गया है। एडिशनल डीसीपी जोन-2 अमरेंद्र सिंह के मुताबिक विवेक जैन निवासी बख्तावरराम नगर (तिलक नगर) ने 39 साल के चिराग जैन की शनिवार सुबह चाकू मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद पुलिस ने विवेक के घर की तलाशी ली तो चार मोबाइल मिले। पुलिस ने उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया, उसने पूछताछ में बताया कि चिराग से व्यावसायिक विवाद था। दो महीने पूर्व ही दोनों में समझौता हो गया था। विवेक बंटवारे से संतुष्ट नहीं था। वह चिराग का बचपन का दोस्त है, उसे लगा कि चिराग ने धोखा दिया है।

# जीतू बोले औचित्यहीन, नरोत्तम ने कहा- कप्तान ने ही डुबोया

कांग्रेस सरकार गिरने को लेकर दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बयान का मामला

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्रियों के बीच हुई बयानबाजी को पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने औचित्यहीन करार दिया है, तो वहीं भाजपा ने इस पर तंज कसा है। वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की नाव को कप्तान ने ही छेद कर डुबोया। कांग्रेस की सरकार के गिरने को लेकर पिछले कुछ दिनों से दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बीच बयानों का दौर जारी रहा है। इस पर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की भी प्रतिक्रिया सामने आयी है। उन्होंने पीसीसी में बुलाई गई पत्रकार वार्ता में कहा कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ बड़े छोटे भाई हैं, दोनों की केमिस्ट्री है। दोनों का 45 साल का रिश्ता है, उनकी केमिस्ट्री समझना बहुत मुश्किल है। पुरानी बातों का कोई औचित्य नहीं है। हमें पीछे की बात नहीं करनी है। मुझे आने वाले भविष्य की ओर देखना है। हालांकि सरकार गिराने की सजा ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिलनी चाहिए।



### सबसे ज्यादा कर्जदार राज्य मध्यप्रदेश

पत्रकार वार्ता में जीतू पटवारी ने कहा कि आज देश में जनसंख्या अनुपात के हिसाब से सबसे ज्यादा कर्जदार राच्य मध्यप्रदेश है। सरकार जनता के नाम पर कर्ज लेती हैं और उसका इस्तेमाल विधायकों की तनख्वाह बढ़ाने, मंत्रियों के घरों के सौंदर्यीकरण, महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए कर रहे हैं। प्रदेश में अद्भुत भ्रष्टाचार का आलम है। सरकार का हर विभाग और हर योजना कमीशनखोरी पर चल रही है।

### नेताओं ने चूम-चूम कर मार डाला: मिश्रा



पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सोशल मीडिया पर सरकार गिरने पर शायराना अंदाज में तंज कसा। उन्होंने कहा कि ये काफिले वालों, तुम इतना भी नहीं समझे थे, लूटा है तुम्हें रहजन ने, रहबर के इशारे पर। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बुढ़ापे में बच्चा रूपी सरकार मिली थी, लेकिन नेताओं ने उसे चूम-चूमकर ही मार डाला।

## डीआईजी को एसएएफ का भी अतिरिक्त प्रभार


**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने राच्य शासन के गृह विभाग ने इंदौर और ग्वालियर के डीआईजी को विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) में डीआईजी पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। सोमवार को डीजीपी कैलाश मकवाणा द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्वालियर रेंज के डीआईजी अमित सांघी को ग्वालियर रेंज एसएएफ और इंदौर ग्रामीण रेंज के डीआईजी निमिष अग्रवाल को इंदौर रेंज एसएएफ के डीआईजी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। गौरतलब है कि अमित सांघी 2009 और निमिष अग्रवाल 2010 बैच के आईपीएस हैं।

## मजदूरों से भरा पिकअप पलटा, 22 लोग घायल

**जागरण, धार।** जिले में सोमवार सुबह बड़ा हादसा सामने आया है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत देदला-धरावरा फाटे के बीच मजदूरों से भरा एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अचानक पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में 22 मजदूर घायल हो गए हैं। जिनमें से एक की हालत गंभीर है। कईयों को गहरी चोटें आई हैं, घायलों में कई नाबालिग बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार ये सभी मजदूर नालछा के मेघापूरा और आसपास के सेवरी, भटकिया गांव से पिकअप वाहन में सवार होकर सादलपुर की ओर मजदूरी करने जा रहे थे। तभी अचानक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और घायल मजदूरों की चीख-पुकार गूंजने लगी। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने तुरंत कोतवाली पुलिस को खबर दी और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला भोज चिकित्सालय धार पहुंचाया।

# बाड़े से निकलने के बाद नेशनल पार्क के बाहर घूम रही गामिनी

## शावकों के साथ रिहायशी इलाकों में चहलकदमी



### मादा चीता ने किया गाय का शिकार

**जागरण, श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से एक बार फिर चिंताजनक खबर सामने आई है। दरअसल दक्षिण अफ्रीकी मादा चीता गामिनी, जो अपने चार शावकों के साथ पिछले साल मार्च में खुले जंगल में छोड़ी गई थी, अब वह पार्क में वापस नहीं लौट रही है। यह चीता अपने शावकों के साथ लगातार रिहायशी इलाकों में घूम रही है। गसवानी कस्बे के पास विजयपुर-धोबनी मुख्य मार्ग पर गामिनी और उसके शावकों को कई बार देखा गया है। भूख मिटाने गामिनी ने हाल में एक गाय का शिकार भी किया, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत है। इस इलाके से होकर हजारों श्रद्धालु पैदल यात्रा करके छिमछिमा मंदिर जा रहे हैं और चीतों को देखकर वे भयभीत हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि चीतों का रिहायशी क्षेत्रों में आना आम बात हो गई है, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है।

### दहशत में ग्रामीण

वन विभाग के अधिकारियों ने स्थिति पर नजर रखने की बात कही है, लेकिन स्थानीय लोग प्रशासन से चीतों को नियंत्रित करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि कूनो नेशनल पार्क में कुल 26 चीते हैं, जिनमें 14 शावक शामिल हैं और यह परियोजना वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखती है, लेकिन गामिनी और उसके शावकों का रिहायशी इलाकों में आना स्थानीय लोगों के लिए एक चुनौती बन गया है।

# भोपाल-बैंगलुरु में डीआरआई छापे में 72 करोड़ का गांजा मिलने का मामला

# मास्टरमाइंड समेत छह आरोपी गए जेल बैंगलुरु यूनिट को सौंपा जांच का जिम्मा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल, कर्नाटक के बेंगलुरू और दिल्ली में डीआरआई की छापेमारी में 72 करोड़ के गांजे (हाइड्रोपोनिक वीड) की जब्ती और सरगना समेत सभी छह आरोपियों को बेंगलुरू कोर्ट ने 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है। इन सभी को डीआरआई की बेंगलुरू यूनिट स्पेशल कोर्ट में पेश किया और अदालत ने सभी को दो सप्ताह की न्यायिक रिमांड पर सेंट्रल जेल में रखने का आदेश दिया है। न्यायिक रिमांड के दौरान इन सभी से डीआरआई की टीम जेल जाकर पूछताछ कर सकेगी। मामले में एक चौंका देने वाला खुलासा भी हुआ है। डीआरआई की बेंगलुरू यूनिट ने इसकी जानकारी भोपाल डीआरआई यूनिट को दी थी लेकिन यहां की यूनिट पहल से ही ड्रग्स फैक्ट्री के केस में उलझी थी। इस कारण डीआरआई की इंदौर यूनिट में पदस्थ डिप्टी डायरेक्टर के नेतृत्व में 10 सदस्सीय टीम ने भोपाल स्टेशन पर छापा मारा था। इस टीम में भोपाल यूनिट के केवल दो ही अफसर थे।

**सिंडिकेट के बारे में मिली अहम जानकारी:** 20 अगस्त की देर शाम भोपाल, बेंगलुरु के क्रांतिवीरा सांगोल्ली रायन्ना (केएसआर) रेलवे स्टेशन और दिल्ली डीआरआई यूनिट ने सरगना को एक करोड़ की नकदी के साथ पकड़ लिया। अगले दिन सुबह बैंकॉक से बेंगलुरू आए एक अन्य तस्कर को भी पकड़ा। बेंगलुरू और भोपाल की यूनिट ने इस दौरान कुल 72 करोड़ का गांजा पकड़ा। छानबीन में पता चला है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस, कस्टम और डीआरआई की सख्ती के कारण अब दक्षिणी राच्यों के कई शहरों से यह गांजा देश में लाया जा रहा है, क्योंकि वहां थाईलैंड से भारत की सीधी उड़ानें हैं। तस्कर इन राच्यों में गांजा लाकर वहां से देश में अलग-अलग जगह सप्लाई करते हैं। गिरोह के सरगना से सिंडिकेट के बारे में अहम जानकारी मिली है, जो बैंकॉक में बैठकर इस तस्करी के काले कारोबार को ऑपरेट कर रहा है। उसके खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है।



### गिरोह के तस्करों में अधिकांश दिल्ली के

डीआरआई के सूत्रों के अनुसार भोपाल में गिरफ्तार दोनों तस्कर दिल्ली के ही निवासी हैं और वे दिल्ली में इस धंधे के मास्टर माइंड के लिए बेंगलुरू और दक्षिण भारत के शहरों से गांजे लाने का काम करते थे। इसके अलावा बेंगलुरू से भी हिरात में लिए गए दो युवक दिल्ली-एनसीआर के ही निवासी बताए जा रहे हैं। ये सभी बेरोजगारी के कारण लालच में तस्करी से जुड़े थे। इस गिरोह के मास्टरमाइंड ने इन सभी से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क किया था। इन सभी को दत्रिण भारत में ठहराने से लेकर उनकी एसी क्लास की टिकट कराने का खर्च दिल्ली में बैठा मास्टरमाइंड उठा रहा था और इन्हें प्रति ट्रिप के हिसाब से 15 हजार रूपए तक का भुगतान किया जाता था।

### पांच संदिग्धों का इनपुट, केवल दो के पास मिला गांजा

गिरोह के बारे में सबसे पहले इनपुट डीआरआई बेंगलुरू यूनिट को मिला। इसी आधार पर ऑपरेशन वीडआउट की योजना बनाई। बेंगलुरू यूनिट 19 अगस्त को जब छापे की तैयारी कर रही थी, उसी समय पता चला कि पांच संदिग्ध बैंकॉक से आए गांजे की 25 करोड़ की खेप लेकर राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली रवाना हो चुके हैं। इसके बाद डीआऱआई की भोपाल यूनिट से संपर्क किया गया। भोपाल की टीम स समय ऑपरेशन किस्टल ब्रेक में व्यस्त थी। इसका कारण इंदौर की टीम को भोपाल जाकर संदिग्धों को दबोचने की जिम्मेदारी मिली। इंदौर डीआरआई टीम भोपाल पहुंची और जीआऱपी एवं रेलवे के अफसरों से संपर्क किया। रेल अफसरों ने कार्रवाई के दौरान ट्रेन को रोके रखने के निर्देश दिए। डीआरआई की टीम ने जब ट्रेन में जाकर पांचों संदिग्धों की जांच की तो केवल दो के पास ही पैकेटों में रखा हुआ 25 करोड़ का गांजा मिला। शेष तीन के पास मादक पदार्थ नहीं मिले। इन तीनों को सफर जारी रखने की अनुमति दे दी और दोनों आरोपियों को इंदौर ?ूनिट हिरासत में लेकर बेंगलुरू रवाना हो गई थी।


## नीट काउंसलिंग: फिर बढ़ी प्रवेश की अवधि

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** नीट यूजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ गई है। पहले राउंड में यह तीसरी बार हुआ है जब प्रवेश की तारीख को आगे बढ़ाया गया है। जानकारी अनुसार संचालक चिकित्सा शिक्षा ने प्रवेश प्रक्रिया में कुछ परिवर्तन किया है। पहले जब परिवर्तन किया था तो उसका कारण सीट अलॉटमेंट को रद्द होना बताया था। इस बार तिथि आगे बढ़ाने का कोई कारण नहीं बताया गया है। जानकारी अनुसार पहले 25 अगस्त तक प्रवेश होना थे, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 28 अगस्त कर दिया गया है। इसी प्रकार सीट छोड़ने या प्रवेश निरस्त कराने के लिए 24 अगस्त तक का समय था, अब इसे बढ़ाकर 30 अगस्त कर दिया गया है।

# अनियमितताओं की दोषी देवरी नपाध्यक्ष को हटाया

**जागरण, सागर।** वित्तीय अनियमितताओं की दोषी देवरी नपा अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन को पद से हटा दिया है। वे भाजपा के टिकट पर चुनाव जीती थीं। उन पर भाजपा के ही पार्षदों ने भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लगाए थे। जांच में 4 में से तीन आरोप सही पाए गए, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई हैं। सोमवार को मप्र नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अवर सचिव शिवराज सिंह वर्मा ने आदेश जारी किया है। इसमें देवरी नगर पालिका परिषद की निर्वाचित अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन को पद से हटाने का उल्लेख है। बता दें कि अध्यक्ष नेहा जैन के खिलाफ उनकी ही पार्टी भाजपा के पार्षद विरोध में अविश्वास प्रस्ताव लाए थे। अध्यक्ष पर उपेक्षा, भ्रष्टाचार, अनियमितता, तानाशाही के आरोप लगे थे। इस मामले में भाजपा नेता व देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया भी इस मामले में सरकार तक ले गए थे। उन्होंने विस तक में यह मामला उठाया था। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अध्यक्ष नेहा जैन पर कुल चार आरोप लगाए गए थे। इनमें से तीन आरोप सही पाए गए हैं। उन पर बगैर अनुमति व बगैर अधिकार के स्वयं के अनुमोदन से मस्टर पर 13 कर्मचारी व 2 आपरेटर भर्ती करने का आरोप सही पाया गया।





## इम्यूनोग्रिट करेगा अजरता-अमरता के वरदान को सिद्ध

**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने पुनः सिद्ध कर दिया है कि हमारे पौराणिक ग्रंथों में वर्णित अष्टवर्ग जड़ी-बूटियों के द्वारा प्राप्त अजरता-अमरता का वरदान मात्र मिथ्या नहीं हैं, इसमें सत्यता भी निहित है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अष्टवर्ग एवं अन्य प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधि इम्यूनोग्रिट पर किए गए शोध के द्वारा सिद्ध कर दिया है कि इस औषधि के द्वारा असमय आने वाले बुढ़ापे को प्रभावी रूप से धीमा किया जा सकता है। इस शोध का प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल Archives of Gerontology and Geriatrics में किया गया है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि तनाव, चिंता, प्रदूषण और गलत जीवनशैली हमें असमय बुढ़ापे की ओर ले जा रही है। एलोपैथिक चिकित्सा और महंगे-महंगे इंजेक्शन द्वारा लोग इस समस्या का अस्थाई समाधान खोजने में लगे हैं। इसका स्थाई हल भी हमारे पौराणिक ग्रंथों में ही निहित है, हमने अष्टवर्ग जड़ी-बूटियों को वर्तमान युग के अनुरूप, वैज्ञानिक प्रमाणिकता के साथ इम्युनोग्रिट के रूप में प्रस्तुत किया है। आयुर्वेद के अनुसार अष्टवर्ग जड़ी-बूटियां बलवर्धक, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली एवं आयु को बढ़ने से रोकने वाली विशेषताओं से निहित हैं। इस अवसर पर पतंजलि अनुसन्धान संस्थान के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि यह शोध उन लोगों के लिए एक आशा की किरण है जो बढ़ती आयु और उस कारण त्वचा पर असमय होने वाली झुर्रियों से चिंतित हैं। इम्यूनोग्रिट मात्र एक हर्बल सप्लीमेंट नहीं, अपितु एक वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित आयुर्वेदिक समाधान है, जो आने वाले वर्षों में एंटी-एजिंग उपचार की दिशा में बड़ी भूमिका निभाएगा।

# विदेशों के बजाय अपनी योग्यता और कौशल का उपयोग भारत के हित में करें युवा: चौहान

आईसर में 12वें दीक्षांत समारोह का आयोजन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईसर) में सोमवार को 12वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार और निदेशक प्रो. गोवर्धन दास, प्रभारी कुलसचिव गौरव अवस्थी मौजूद थे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत के उज्ज्वलतम प्रतिभाओं को देश में ही बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों से भावुक अपील की कि वे विदेशों में अवसर तलाशने के बजाय भारत के विकास और नवाचार प्रणाली में सक्रिय रूप से योगदान दें। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि सिलिकॉन वैली जैसे वैश्विक तकनीकी केंद्रों में बड़ी संख्या में भारतीय प्रतिभाएं काम कर रही हैं। मंत्री चौहान ने युवाओं को प्रेरित किया कि वे अपनी योग्यता और कौशल का उपयोग भारत के हित में करें। उन्होंने ब्रेनड्रेन की प्रवृत्ति को उलटने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि युवा देश में ही सफल करियर और उद्यम खड़े करें, जिससे विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता के क्षेत्र में भारत की नींव मजबूत हो। इस दौरान मंत्री परमार ने सभी मेधावी शोधार्थियों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। मंत्री परमार ने कहा कि विश्व एक बाजार नहीं, बल्कि विश्व एक परिवार है। वसुधैव कुटुंबकम् का यही मूल भाव, भारत का दृष्टिकोण है। यह भारतीय दृष्टिकोण विश्वमंच पर जितना प्रभावशाली एवं व्यापक होगा, वैश्विक परिधियों में लोक कल्याण का मार्ग उतना ही प्रशस्त होगा। मंत्री परमार ने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में भारतीय भाषाओं को पढ़ाया जाएगा। एक विश्वविद्यालय में एक भारतीय भाषा सिखाने की कार्ययोजना तैयार कर रहे हैं और इसका विद्यार्थियों को उनके मूल्यांकन में वेटेज देने की भी कार्ययोजना है।



### 423 विद्यार्थियों की मिलीं उपाधियां

समारोह में बीएस में 51, बीएस-एमएस में 227, एमएससी, एमएस में 56 और पीएचडी में 89 सहित 423 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गईं। राष्ट्रपति स्वर्ण पदक और निदेशक स्वर्ण पदक कौशिक मेधी (बीएस-एमएस) दिया गया। 16 विद्यार्थियों को प्रवीणता पदक प्रदान किए गए। छह विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ थीसिस प्रस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्थान की इनोवेशन मैगजीन का विमोचन भी हुआ। समारोह में आईसर के शासक मंडल के अध्यक्ष प्रो.अरविंद ए नातू और प्रभारी कुलसचिव गौरव अवस्थी सहित सभी विभागों के एचओडी, प्रोफेसर, विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# जगदीशपुर ड्रग फैक्ट्री: पहली बार बनाया मेफेड्रोन सप्लाई से पहले ही जब्त हुई 92 करोड़ रु. की खेप

**मुख्य सवाददाता, भोपाल।** 16 अगस्त को भोपाल के जगदीशपुर में एक घर के भीतर बनाए जा रहे मेफेड्रोन की फैक्ट्री पर छापा मारने वाली टीम के अधिकारी अब भी आंखों में जलन जैसी परेशानी का सामना कर रहे हैं। निदेशालय राजस्व खुफिया (डीआरआई) की 10 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने जब फैक्ट्री पर छापा मारा था तो वे मादक पदार्थ की रासायनिक तीव्रता से अवगत नहीं थे। जब वे घर में घुसे और रासायनिक गैसों का सामना किया, तो उन्होंने खुद को बचाने की कोशिश के लिए ग्लाब्ज, मास्क और चश्मे पहने। इसके साथ ही यह भी एक संभावना थी कि कारखाने के अंदर मौजूद आरोपी रसायनों को बहा सकते हैं। इसलिए टीम ने पहले दोनों आरोपियों फैजल और रज्जाक को अपनी गिरफ्त में लिया और इशके बाद कारखाने पर कब्जा करने का तरीका खोजा।

**छापे का बाद चार दिनों तक घर नहीं गए अफसर:** भोपाल में इस छापे के लिए पांच दिन तक डीआरआई की टीम ने दिन रात मेहनत की। इन्हें आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के साथ कागजी कार्रवाई भी करनी थी। इसलिए छापा मारने के बाद अगले चार दिनों तक टीम के सभी सदस्य घर भी नहीं गए। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर से आंखों में जलन से बचाव का उपचार लिया। शुक्रवार को कार्रवाई खत्म होने के बाद अफसरों और कर्मचारियों ने घर जाकर आराम किया। छापामार वाली टीम के पास दस्ताने और मास्क थे लेकिन केमिकल से निकल रही गैसों से बचाव के लिए उनके पास प्रयोगशाला के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चश्मे नहीं थे। इसके बाद भी डीआरआई की टीम ने किसी तरह मेफेड्रोन को जब्त किया। एक घटनाक्रम इस दौरान यह रहा कि जिनके पास चश्मे नहीं थे, उन्होंने अन्य अधिकारियों से चश्मे लिए और फिर वे फैक्ट्री के अंदर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि उपयोग के बाद जो रसायन बाहर गिरा था, उसने घर के बाहर खरपतवार को भी जला दिया था।

### फैक्ट्री लगाने से पहले ही मिला इनपुट

डीआरआई को इस फैक्ट्री की भनक इसे लगाने के दौरान ही लग गई थी। डीआरआई मुंबई को इसका इनपुट मिलने के बाद इसकी जानकारी भोपाल यूनिट को दी गई थी। अफसर इस इंटेलिजेंस इनपुट के बाद किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहते थे इसलिए इस बारे में स्थानीय पुलिस को भी जानकारी नहीं दी गई। फैजल और रज्जाक जब जगदीशपुर में इस फैक्ट्री में मेफेड्रोन का पहला बैच तैयार कर रहे थे तभी डीआरआई की टीम ने छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# कक्षाओं तथा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

## विद्यार्थी परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

## डीपीएस निगाही में धूमधाम से मनाया गया 28 वाँ स्थापना दिवस



जागरण, निगाही

दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में 28 वाँ स्थापना दिवस अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महाप्रबंधक निगाही तथा प्रो. वाइस चेयरमैन डीपीएस निगाही राजेंद्र वर्मा थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत प्राचार्य श्री थापर ने पुष्पगुच्छ के माध्यम से किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप. प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत बच्चों ने अपनी मधुर वाणी में स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों एवं अभिभावकों का अभिनंदन किया।तत् पश्चात सत्र 24.-25 के कक्षा तीसरी से नवीं व11वीं के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 30 विद्यार्थियों को ट्रॉफी बोर्ड परीक्षा की 10 वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चार बच्चों को चेयरमैन ट्रॉफी तथा अलग.अलग विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 20 विद्यार्थियों को प्रिंसिपल ट्रॉफी के माध्यम से सम्मानित किया गया। इसके अलावा कक्षा में शत.प्रतिशत उपस्थित रहने वाले 32 बच्चों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं 21वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनर. अप ट्रॉफी अपने नाम करने वाली विद्यालय की टीम को भी मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। तत्पश्चात विद्यालय के नन्हें. मुन्ने बच्चों ने प्रेम और भक्ति का सर्वोच्च उदाहरण श्रीकृष्ण और गोपियों की रासलीला को नृत्य. नाटिका के माध्यम से मंचन कर सभी का मनमोह लिया। उनकी प्रस्तुति को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए और तालियों के गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। तत्पश्चात विद्यार्थी परिषद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ने सभी नव.निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को कर्तव्यनिष्ठा ईमानदारी और नेतृत्व क्षमता का परिचय देने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज कल परिश्रम और प्रतिभा के बल पर भारत के युवा विश्व की अग्रणी कंपनियों में शीर्ष स्थान प्राप्त कर रहे हैं। विश्व की टॉप टेन कंपनियों के सीईओ में से अधिकांश भारतीय मूल के हैं। यह सभी कभी आपकी ही तरह स्कूली बच्चे थे। जिन्होंने अपने सपनों को साकार किया। इसी तरह आपको भी अपने व्यक्तित्व को निखारने का सतत प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर विद्यालय अपने आप में एक कार्यशाला होता है। जहाँ केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि चरित्र निर्माण नेतृत्व क्षमता अनुशासन और सामाजिक मूल्यों की भी शिक्षा दी जाती है। यह संपूर्ण विकास ही भविष्य में सफलता की आधार शिला बनता है। उन्होंने डीपीएस सोसाइटी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज वह देशभर में अपने विद्यालय के माध्यम से भारत के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों की भी सराहना करते हुए कहा कि हमें मिलकर देश को और अधिक ऊँचाइयों तक पहुँचना है। मुख्य अतिथि ने कक्षाओं तथा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आपके परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। साथ ही जो विद्यार्थी थोड़ा पीछे रह गए हैं उन्हें निराश न होकर भविष्य में और बेहतर प्रयास करने की जरूरत है। तत्पश्चात प्राचार्य श्री थापर ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न देकर कृतज्ञता व्यक्त की तथा विद्यालय के विद्यार्थी परिषद की वरिष्ठ वर्ग की प्रधान छात्रा अभिरुपा विश्वास ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक अजीत सिंह जसवीर कौर मान तथा मनोज कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक तथा प्रो.वाइस चेयरमैन डीपीएस निगाही राजेंद्र वर्मा सृष्टि महिला समिति की अध्यक्षा मीना वर्मा स्टाफ अधिकारी कार्मिक गौरव बाजपेई उप-प्रबंधक मानव संसाधन और कल्याण आदित्य द्विवेदी श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों में कमलेश्वर पटेल आरसी प्रसाद एसडी तिवारी कौशल सिंह दिलीप पांडे तथा अभिभावक-शिक्षक संघ के सचिव विजय कुमार दुबे उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**जागरण बैढ़न।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया। विदित हो कि हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत कलेक्टर श्री शुक्ला के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में ऑनलाइन स्वच्छता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 अगस्त के बीच किया गया था। क्विज प्रतियोगिता चार चरणों में कुल 5021 प्रतिभागियों ने भाग लिया । जिन्हें इनाम स्वरूप क्रमशः 3000/ 2000 एवं 1500 तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले 10 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया किया गया। कलेक्टर श्री चंद्रशेखर शुक्ला ने क्विज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों कुसुम सिंह सुयश यादव प्रियांशु गुप्ता आशुतोष दुब श्रद्धा सिंह नैन्सी मान्या दुबे रंग देव सिंह प्रतिमा दुब अंजली हर्ष यादव को सम्मानित किया। उन्होंने प्रतियोगिता में के भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित की है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडेय एसडीएम सृजन बर्मा राजेश शुक्ला आयुक्त नगर निगम सविता प्रधान डिप्टी कलेक्टर माइकल तिर्की नंदन तिवारी सौरभ मिश्रा उपस्थित रहे।

# गणेश चतुर्थी का त्योहार आज होगी गणपति की स्थापना



**जागरण, बैढ़न।** वैसे तो रोजाना ही भगवान गणेश की पूजा.अर्चना की जाती है लेकिन भादों माह प्रभु की उपासना के लिए अत्यंत शुभ है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। इस दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था जिसकी खुशी में देशभर में गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। इस दौरान भक्तजन घरों दफ्तरों दुकानों और मंदिरों में गणपति जी की मूर्ति को स्थापित करते हैं और 10 दिनों तक उनकी विधिनुसार उपासना करते हैं। इसके अलावा प्रभु की विशेष कृपा प्राप्ति के लिए मोदक मोतीचूर लड्डू खीर और मालपुआ जैस भोग लगाए जाते हैं जिसे बेहद शुभ माना जाता है। ज्योतिषविद् पं डॉ एन पी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर वैढ़न के अनुसार गणेश चतुर्थी दुर्लभ संयोग इस बार गणेश चतुर्थी पर प्रीति सर्वार्थ सिद्धि रवि के साथ इंद्र.ब्रह्म योग का संयोग बना रहेगा। वहीं कर्क में बुध और शुक्र के होने से लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा। इसके अलावा गणेश चतुर्थी पर बुधवार का महासंयोग तिथि की महत्ता को गई गुना बढ़ा रहा है।

### गणेश चतुर्थी शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग व ज्योतिषविद् पं डॉ एन पी मिश्र के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि आज दोपहर 1.53 बजे से शुरुआत होगी। इसका समापन आज दोपहर 3.43 बजे हो रहा है। उदया तिथि को देखते हुए गणेश चतुर्थी का त्योहार आज मनाया जाएगा। इसी दिन गणपति की स्थापना की जाएगी। ज्योतिषविद् पं डॉ एन पी मिश्र के अनुसार वैदिक पंचांग के तहत आज सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक गणेश जी की स्थापाना का अभिजीत मुहूर्त है। यह बिल्कुल शुभ और लाभदायक है। आज सूर्योदय से पहले स्नान करके भगवान गणेश के सामने व्रत का संकल्प लेकर व्रत करें। इससे गणेश चतुर्थी सिद्धि विनायक व्रत का फल कई गुना बढ़ जाएगा। परिवार में खुशियां आने लगती है। सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

# परियोजना प्रमुख ने संविदा कर्मियों को दिलाई सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा



## एनटीपीसी विंध्याचल में संविदा कर्मियों ने लिया संकल्प

**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के आह्वान पर चलाए जा रहे तीन माह के सतर्कता अभियान के अंतर्गत ईमानदारी पारदर्शिता और नैतिक आचरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख विंध्याचल ने संविदा कर्मियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ उच्चतम मानकों को अपनाने तथा सामूहिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। लगभग 200 संविदा कर्मियों ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर नैतिक आचरण के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही जिनमें एम. सुरेश महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम सत्येन्द्र कुमार सिन्हा महाप्रबंधक प्रचालन एवं एफ एम प्रगीत उपाध्याय अपर महाप्रबंधक बीएमडी संदीप कोहली अपर महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल टी.आर.राधीश अपर महाप्रबंधक सतर्कता आशीष कुमार अग्रवाल अपर महाप्रबंधक सुरक्षा मंजीत सिंह अपर महाप्रबंधक एएचडी तथा मुनेन्द्र शर्मा अपर महाप्रबंधक ईएमडी शामिल रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सत्यनिष्ठा केवल अनुपालन की औपचारिकता नही है बल्कि यह एनटीपीसी की कार्यसंस्कृति का मूल मूल्य है। संविदा कर्मियों में जागरूकता बढ़ाकर स्टेशन ने पारदर्शिता जवाबदेही और नैतिक शासन की मजबूत नींव को और सुदृढ़ किया है।

## राह वीर योजना के प्रकरणों के मूल्यांकन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित

**जागरण, बैढ़न।** मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग मंत्रालय वल्लभभवन के द्वारा राह बीर योजना हेतु सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार सड़क सुरक्षा सेल द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के अनुक्रम में सिंगरौली जिले में राह वीर योजना के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों के मूल्यांकन हेतु कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के अध्यक्षता में जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह तथा जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर सदस्य होगे। समिति जिला स्तर पर राह वीर योजनान्तर्गत प्राप्त होने वाले प्रकरणों के निराकरण हेतु स्तरीय मूल्यांकन समिति का गठन करते हुए योजना के सफल संचालन हेतु जिला परिवहन अधिकारी जिला सिंगरौली को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 25 में शिक्षक केपी सिंह ने हासिल किया तीसरा स्थान



**जागरण, सरई।** भोपाल में आयोजित 6जी सीनियर एंड फोर्थ मास्टर स्टेट लेवल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 25 में मध्यप्रदेश के सीधी जिले के बघबारी निवासी शिक्षक केपी. सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा भोपाल के टी टी नगर में आयोजित की गई थी जिसमें प्रदेशभर से खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच केपी सिंह ने अपने उत्कृष्ट योगाभ्यास और संतुलन से निर्णायकों को प्रभावित किया और सीधी जिले का मान बढ़ाया। खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने के.पी. सिंह की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है जिनमें स्कूल के प्राचार्य तथा स्टाफ के लोग और परिवार के नायब तहसीलदार प्रदीप सिंह रामायण सिंह सुरेंद्र बहादुर सिंह प्राचार्य कन्या महाविद्यालय सीधी पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष सिंह चौहान फार्मासिस्ट मनोज सिंह सी ए नीरज सिंह भाजपा नेता सरपंच संजय सिंह कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीधी ज्ञान सिंह युवा कांग्रेस नेता शेर बहादुर सिंह भोले चंदन सिंह और शुभचिंतकों ने भी उन्हें भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर और भी बड़ी सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी हैं।

# सुलियरी कोल ब्लॉक परियोजना के विस्थापितों के लिए सर्वसुविधा युक्त पुनर्वास कॉलोनी

## आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त 32 बेड की क्षमता वाला हॉस्पिटल

## अब बच्चों को अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिए 20 किलोमीटर दूर जाना नहीं पड़ेगा



**जागरण, बैढ़न।** सरई तहसील अन्तर्गत एपीएमडीसी आंध्रप्रदेश मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को आवंटित सुलियरी कोल ब्लॉक परियोजना से प्रभावित गांवों के विस्थापितों के लिए पुनर्वास एवं पुनर्व्यस्थापन स्कीम के तहत सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक शानदार पुनर्वास कॉलोनी का निर्माण किया गया है। खनुआ नया टोला स्थित 123 हेक्टेयर में फैले इस पुनर्वास कॉलोनी में विस्थापित परिवारों के लिए मकान और प्लॉट की व्यवस्था पक्की सड़क जल निकासी पाइप योजना रौशनी की व्यवस्था शुद्ध पेय जल उचित मूल्य दूकान आंगनबाड़ी भवन हाट बाजार विद्यालय भवन सार्वजनिक खेल का मैदान स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक भवन की स्थापना और शौचालयों की व्यवस्था जैसी बुनियादी जरूरतों का खास ख्याल रखा गया है। परियोजना से विस्थापित परिवार को पुनर्वास के लिए इस कॉलोनी में 90 गुणे 60 वर्ग फुट का प्लाट आवंटित किया गया है जो किसी भी परिवार के आवास के लिए पर्याप्त माना जाता है।

**अंग्रेजी माध्यम में संचालित एक आधुनिक स्कूल का निर्माण :** एपीएमडीसी मॉडल स्कूल में अब स्थानीय बच्चे अंग्रेजी माध्यम में नर्सरी से 10वीं तक की पढ़ाई कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि यहां स्थानीय बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई के लिए प्रतिकूल मौसम के बावजूद करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित सरई जाना पड़ता था लेकिन अब उन्हें इसके लिए बाहर जाने की जरुरत नहीं है। पुनर्वास कॉलोनी के लगभग 1400 छात्र.छात्राओं की बेहतर पढ़ाई के लिए एक भव्य स्कूल का निर्माण किया गया है। इस स्कूल अत्याधुनिक स्कूल में 38 कमरे हैं। यहां विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास एवं एक अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाने के लिए आवश्यक लिए पुस्तकालय प्रयोगशालाएं खेल सुविधाएं और कंप्यूटर लैब जैसी पर्याप्त सुविधाएँ उपलबध कराई गयी हैं। विद्यालय के प्रबंधन की जिम्मेदारी डीएवी को दी गयी है। उनकी पढ़ाई सीबीएसई बोर्ड के तहत प्रशिक्षित एवं योग्य शिक्षकों से करवाने की व्यवस्था की गयी है। स्थानीय ग्रामीण अपने बच्चों को इस मॉडल स्कूल में भेजकर काफी खुश एवं सन्तुष्ट हैं। मझौली पाठ गांव से विस्थापित एवं आर एंड आर कॉलोनी में रह रही इन्द्र कुमारी साह कहती हैं किए इस स्कूल में दाखिला के बाद उनके सभी तीन बच्चों की पढ़ाई के स्तर में काफी सुधार हुआ है। जबकि संगीता साहू का कहना है किए पहले उनके बच्चों को गांव के स्कूल में ठीक से शिक्षा नहीं मिल पा रही थी लेकिन खनुआ इस स्कूल में नामांकन के बाद उनका काफी विकास तेजी से हुआ है। उल्लेखनीय है कि आनेवाले दिनों में यहाँ के बच्चे अच्छी पढाई कर इस क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे साथ हीं सामाजिक और आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।

**आधुनिक चिकित्सा उपकरण और उपचार व्यवस्था से लैस हॉस्पिटल का निर्माण :** स्वास्थ्य सुविधा के मद्देनज़र कॉलोनी परिसर में हीं आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त 32 बेड की क्षमता वाला हॉस्पिटल का निर्माण किया गया हैए अब तक स्थानीय मरीजों को जिन सुविधाओं के लिए लगभग 70 किलोमीटर की दूरी तय कर वैढ़न स्थित जिला अस्पताल आना पड़ता था अब कोलोनीमें स्थित अस्पताल में अल्ट्रासाउंड एक्स.रेए इसीजी जांच एवं विभिन्न प्रकार के रक्त परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध है। स्थानीय मरीजों के लिए 24 घंटे एम्बुलेंस एवं ऑक्सीजन की सुविधा मौजूद है। इस अस्पताल के आरम्भ होने से यहां के निवासियों ने राहत की सांस ली है। गौरतलब है कि किसी भी आपदा के समय एम्बुलेंस सेवाएँ एक महत्वपूर्ण जीवनरेखा होती हैं। ये सेवाएँ पीड़ितों की त्वरित प्राथमिक चिकित्सा चिकित्सा देखभाल और परिवहन प्रदान करती हैं जिससे स्थिति को संभालने और जीवन बचाने में मदद मिलती है।

**एपीएमडीसी द्वारा सभी बुनियादी आवश्यकताओं का रखा गया विशेष ख्याल :** पुनर्वास कॉलोनी के अंतर्गत 18 किलोमीटर पक्की सड़क और जल प्रवाह के लिए 28 किलोमीटर पक्की जल निकासी पाइप योजना का निर्माण किया गया है ताकि सालोभर जल जमाव की स्थिति नहीं हो। खास बात यह है कि हर प्लॉट रोड से जुड़ी है जिससे हर घर को सीधा सड़क से जोड़ा गया है। विस्थापितों को रात में भी आवागमन में कोई दिक्कतें नहीं हो इसके लिए कॉलोनी के सभी सड़कों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ हीं बिजली की निरंतर आपूर्ति के लिए इस कॉलोनी के लिए अलग से विद्युत् सब स्टेशन का निर्माण करवाया गया है। विस्थापितों को पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था हेतु 550 लाख लीटर क्षमता वाले पानी का दो बड़े टैंक का निर्माण करवाया गया है साथ हीं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। इसके लिए आठ लाख लीटर पानी की क्षमता के दो प्लांट लगाए गए हैं। अन्य सुविधाओं में सामुदायिक भवन हाट बाजार परिसर सार्वजनिक खेल का मैदान उचित मूल्य की दूकान आंगनवाड़ी केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित की गयी है। बेहतरीन सुविधाओं से लैस सुलियरी कोल ब्लॉक परियोजना के विस्थापितों के लिए बनाई गयी पुनर्वास कॉलोनी निश्चित तौर पर आसपास के क्षेत्रों के क्षमता लिए एक उदहारण है।

# व्रती महिलाओं ने श्रद्धा भक्ति भाव के साथ किया शिव पार्वती जी का पूजन

**जागरण बैढ़न।** हरतालिका तीज के उपलक्ष्य में शिवधाम मंदिर वैढ़न में मंदिर के महाप्रबंधक ज्योतिषविद् पं डॉ एन पी मिश्र के सानिध्य में प्रातः काल से ही व्रती महिलाओं ने बड़े ही श्रद्धा भक्ति भाव के साथ शिव पार्वती जी का पूजन किया एवं रात्रि जागरण कर भूत भावन भोलेनाथ महामृत्युंजय भगवान माता पार्वती गणेश जी एवं कार्तिकेय जी की पूजन कर दांपत्य सुख की कामना की।



## समीक्षा बैठक आज

**बैढ़न।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आज दोपहर 12 बजे से आयोजित होगी। बैठक में समस्त परियोजना अधिकारी समस्त पर्यवेक्षकए समस्त ब्लाक समन्वयक उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है। उन्होने कहा है कि समस्त पर्यवेक्षकों एवं ब्लाक समन्वयक के साथ विभागीय योजनाओं की सेक्टरवार लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि की जानकारी सीएम हेल्पलाईन की जानकारी के साथ जिला कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करगें।


## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है। कि मैं सावित्री देवी वर्मा पति-देवधारी वर्मा निवासी दुधमनियां सिंगरौली (म.प्र.) यह घोषणा करती हूॅ। कि रीवा सीधी ग्रामीण बैंक शाखा बरगवां वर्तमान मध्यांचल बैंक शाखा बरगवां के खाता क्रमांक- 8086086219 में मेंरा नाम सरिता देवी पति-देवधारी बारी दर्ज है, जो कि सही नहीं है। जबकि मेंरे आधार कार्ड क्रमांक 595956711645 में मेंरा नाम सावित्री देवी वर्मा पति- देवधारी वर्मा अंकित है। अत: मेंरे खाते में मेंरा नाम सावित्री देवी वर्मा पति- देवधारी वर्मा अंकित किया जाय, जो कि सही एवं सत्य है।

**घोषणाकर्ता**
**सवित्री देवी वर्मा पति-देवधारी वर्मा**
**मों. 7723931554**



# राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 : जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर खेल कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में हुई बैठक




**जागरण, पन्ना।** जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर खेल कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में हुई बैठक खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर आगामी 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य फिटनेस के प्रति जागरूकता तथा फिट रहने के लिए सतत् खेल एवं योग इत्यादि गतिविधियों से जोड़ना है। जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न खेल कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में आज जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभाग के अधिकारियों, क्रीड़ा शिक्षक एवं प्रशिक्षकों की बैठक लेकर शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों की सहभागिता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक दिवस की खेल गतिविधियों के आयोजन की रूपरेखा, मेजर ध्यानचंद की जयंती पर शपथ कार्यक्रम और जागरूकता साइकिल रैली के दृष्टिगत भी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रथम दिवस शुक्रवार को सभी विद्यालयों में सुबह की सभा में मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि, फिट इंडिया शपथ और 60 मिनट के टीम एवं मनोरंजक खेल होंगे। इसके अलावा छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में प्रतिदिन सुबह एवं शाम को निर्धारित खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस क्रम में द्वितीय दिवस शनिवार को स्कूल-कॉलेज स्तर की खेल वाद-विवाद, फिटनेस वार्ता, स्वदेशी खेलो पर आधारित खेल प्रतियोगिताएं और इनडोर खेल की गतिविधि निर्धारित है। तृतीय एवं अंतिम दिवस रविवार को नगरवासियों सहित खिलाड़ी एवं विद्यार्थियों की सहभागिता से शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए संडे ऑन जागरूकता साइकिल रैली भी निकाली जाएगी। खुली श्रेणी में वरिष्ठ नागरिक भी विभिन्न खेल एवं योग की गतिविधियों में शामिल हो सकेंगे, जबकि शाला एवं महाविद्यालय स्तर पर खेल की अलग-अलग विधाओं में पंजीयन कराया जा सकता है। फिट इंडिया वेबसाइट के अतिरिक्त क्यूआर कोड के जरिए भी पंजीकरण कराने की सुविधा उपलब्ध है।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि खेल कार्यक्रमों के दृष्टिगत समय पूर्व आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लें। स्कूल एवं कॉलेज द्वारा बेहतर खिलाड़ियों के चयन की कार्यवाही की जाए। उन्होंने महिला एवं पुरूष टीम के चयन सहित साइकिल रैली के आयोजन के संबंध में जरूरी तैयारी तथा विकासखण्ड स्तर पर आयोजित किए जाने वाले खेल कार्यक्रमों के भी सफल आयोजन के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने खेल विधाओं में शामिल होने वाले स्कूल तथा समस्त विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजन के संबंध में निर्देशित किया। साथ ही छात्र खिलाड़ियों की सहभागिता, खेल गतिविधियों के आयोजन सहित टीम और निर्णायक मंडल के गठन के संबंध में चर्चा की। बताया गया कि इसमें आयु सीमा का कोई बंधन नहीं रहेगा। प्रत्येक स्कूल से महिला एवं पुरूष की दो-दो टीम का गठन किया जाएगा, जबकि महाविद्यालय स्तर पर बैडमिंटन एवं खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन टीम गठित कर किया जाएगा। बैठक में उपस्थितजनों द्वारा आवश्यक सुझाव भी दिए गए।

### एथलेटिक्स में दो श्रेणी निर्धारित

खेल कार्यक्रमों के आयोजन के लिए हुई बैठक में जानकारी दी गई कि हर स्कूल से एथलेटिक्स, गोला फेंक, भाला फेंक, खो-खो और कबड्डी के लिए विद्यार्थियों का चयन किया जाना है। एथलेटिक्स की दो श्रेणियों क्रमशः 100 मीटर एवं 400 मीटर के लिए तीन-तीन टीम बनाई जाएगी, जबकि खो-खो एवं कबड्डी के लिए दो-दो टीम गठित होंगी। गोला एवं भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए एक-एक खिलाड़ी का चयन स्कूलों द्वारा किया जाएगा। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एस.पी.एस. बघेल सहित सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन, क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली रोहित मिश्रा, धीरज कुमार वर्मा एवं खेल प्रशिक्षक निधि राय, प्रीति रजक, समन्वयक मुस्तकीम खान, गोसिया, मनोज खरे के अलावा पीटीआई तेज बहादुर, रामचरण खंगार, हर्षिता विश्वकर्मा, छत्रसाल महाविद्यालय के खेल अधिकारी धर्मेन्द्र यादव, शिवप्रसाद मिश्रा, जिला फुटबॉल संघ से सुरेन्द्र सिंह परमार, अमर बहादुर सिंह, एथलेटिक्स संघ से मनोज गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# आज आएंगे गजानन : तीन दशकों से चला आ रहा मूर्तिकला का संगम

## पवई के रामसजीवन कुशवाहा परिवार ने बनाया अपनी कला को आजीविका का आधार



**जागरण, पवई।** नगर का एक परिवार तीन दशक से अपनी मेहनत, लगन और कला से लोगों की आस्था को आकार दे रहा है। रामसजीवन कुशवाहा और उनका 15 सदस्यीय परिवार मूर्तिकला के जरिए न केवल अपनी रोज़ी-रोटी चला रहा है, बल्कि धार्मिक आयोजनों की रौनक भी बढ़ा रहा है। रामसजीवन कुशवाहा ने मूर्ति निर्माण का सफर 30 साल पहले दुर्गा जी की तस्वीर देखकर शुरू किया था। धीरे-धीरे उनके भाई, पुत्र, भतीजे और परिवार की महिलाएँ भी इस कार्य से जुड़ गईं। आज यह पूरा परिवार मूर्ति निर्माण की परंपरा को जीवित रखे हुए है। परिवार की महिलाएँ और युवा मूर्तियों को आकार देने का प्रारंभिक कार्य करती हैं, जबकि अंतिम रूप रामसजीवन और उनके भाई नाथू कुशवाहा अपने अनुभव से देते हैं इस वर्ष परिवार ने करीब 150 गणेश प्रतिमाएँ और 100 दुर्गा प्रतिमाएँ बनाई हैं। इन प्रतिमाओं की माँग न केवल नगर में बल्कि आसपास के गाँवों—अमानगंज, सिमरिया, मुहंद्रा, कृष्णगढ़ और अन्य क्षेत्रों में भी है। लोग दूर-दूर से आकर इनकी प्रतिमाएँ खरीदते हैं। रामसनेही कुशवाहा बताते हैं कि पहले इस कला से केवल मेहनताना ही निकलता था। लेकिन जैसे-जैसे नगर का विस्तार हुआ और धार्मिक आयोजनों में आस्था बढ़ी, वैसे-वैसे इस कला से आजीविका भी सुदृढ़ हुई। अब परिवार को आर्थिक संकट की चिंता नहीं है। परिवार के नत्थू कुशवाहा बताते हैं कि पहले साज-सज्जा का सामान लाने में बहुत कठिनाई होती थी। अब परिवहन सुविधाएँ बेहतर होने से कटनी से आसानी से सामग्री मंगाई जाती है। रामसजीवन का कहना है कि उनके पास मूर्ति निर्माण के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। यदि नगर परिषद हमें जगह उपलब्ध कराए तो हम पूरे पन्ना जिले तक अपनी मूर्तियाँ पहुँचा सकते हैं, वे कहते हैं। मूर्तियों के निर्माण में परिवार पंचरंग मिट्टी का उपयोग करता है। यह मिट्टी प्रतिमाओं को मजबूती और आकर्षण देती है, जिससे वे टिकाऊ और सुंदर बनती हैं। यही कारण है कि इनकी प्रतिमाएँ न सिर्फ स्थानीय लोगों में बल्कि बाहर से आने वाले खरीदारों में भी लोकप्रिय हो चुकी हैं।

# जंगली सुअर के शिकार के फरार आरोपियों को वन विभाग ने दबोचा

**जागरण, पन्ना।** डेढ़ साल पुराने जंगली सूअर के शिकार प्रकरण में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। वन परिक्षेत्र पवई अंतर्गत बीट खमरिया में वन्यप्राणी सूअर के शिकार के मामले जिसमें 7 आरोपी शामिल थे, उनमें से 4 आरोपियों को वन विभाग ने पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया था तथा शेष 3 आरोपी फरार थे जो करेलाल पटेल, जयहिंद सिंह, लवकुश पटेल निवासी खमरिया थे। आज वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीनों को गिरफ्तार करने के पश्चात पवई न्यायालय में प्रस्तुत किया जिसके बाद न्यायालय द्वारा आरोपियों को पवई जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल, प स शरद नागर, पुष्पेंद्र सिंह, व र अशोक बागरी, महेंद्र पटेल, राहुल पटेल, पुष्पेंद्र पाल एवं परिक्षेत्र का अन्य स्टाफ शामिल रहे।

# मार्ग अवरूद्ध करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**जागरण, पन्ना।** अजयगढ़ धवारी, एवं उसरन पुरवा के ग्रमीणों द्वारा अजयगढ़ तहसीलदार को मार्ग अवरुद्ध होने पर ज्ञापन सौपा गया ग्राम धावरी राजापुर उसरन परवा कै बीच एकमात्र मार्ग कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा मार्ग अवरुद्ध किया गया इसके विरोध में सभी ग्रामीणों ने तहसीलदार अजयगढ़ को ज्ञापन सौंप कर रोष व्यक्त किया ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही कार्यवाही नहीं की गई तो आगे चलकर हम आंदोलन की राह पर जाएंगे जिन लोगों ने मार्ग अवरुद्ध किया है उनके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही शीघ्र की जानी चाहिए अन्यथा बच्चे जिन्हें स्कूल जाने में परेशानी हो रही है वह भी आंदोलन में शारीक होंगे।

# नवोदय विद्यालय की छात्रा आस्था अहिरवार की संदिग्ध मौत पर जन आक्रोश

## श्रद्धांजलि सभा के बाद कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च, उच्च स्तरीय जांच की मांग

**जागरण, टीकमगढ़।** नवोदय विद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा आस्था अहिरवार की संदिग्ध मौत को लेकर जिले में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को शहर में विभिन्न संगठनों और समाजजनों ने जन आक्रोश रैली निकालकर जिला प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच की मांग की। रैली की शुरुआत सिविल लाइन रोड स्थित एक निजी गार्डन से हुई, जहां पर आस्था और नितिन अहिरवार को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा के बाद बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भीम आर्मी, अहिरवार समाज, पिछड़ा वर्ग संगठन सहित कई सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए। गौरतलब है कि 14 अगस्त को कुंडेश्वर स्थित नवोदय विद्यालय में छात्रा आस्था अहिरवार का शव हॉस्टल परिसर में मिला था। वहीं इससे कुछ दिन पहले गणेशगंज निवासी नितिन अहिरवार का शव महेंद्र सागर तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। दोनों की मौत को लेकर लोगों में गहरी शंका है। जिला अस्पताल की शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आस्था की मौत का कारण फांसी बताया गया है, हालांकि अंतिम पुष्टि के लिए फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है और विद्यालय के प्रिंसिपल, स्टाफ एवं विद्यार्थियों से लगातार पूछताछ की जा रही है। इधर मृतिका आस्था के पिता कृष्ण कुमार अहिरवार ने बेटी की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि आस्था का शव हॉस्टल की सीढ़ियों की रेलिंग पर मिला था। गले में मात्र एक हाथ लंबी पतली रस्सी थी, जबकि एक हाथ सीढ़ियों पर रखा हुआ था। परिजनों का कहना है कि इतनी पतली रस्सी से फांसी लगाना संभव नहीं है, क्योंकि झटके से रस्सी टूट सकती थी। इस आधार पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। जन आक्रोश रैली में शामिल लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

# अपहरण मामले में लापरवाही उजागर, दिगौड़ा थाना प्रभारी और आरक्षक लाइन अटैच

## वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी नहीं देने और नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई

**जागरण, टीकमगढ़।** जिले के दिगौड़ा थाना प्रभारी संदीप सोनी और आरक्षक कपिल शर्मा पर बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई ने अपहरण मामले में गंभीर लापरवाही बरतने और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना न देने पर दोनों को लाइन अटैच कर दिया है। यह मामला 24 अगस्त को सामने आया था, जब दिगौड़ा थाना क्षेत्र से एक युवक के अपहरण की शिकायत दर्ज हुई थी।

**शिकायत से लेकर कार्रवाई तक का घटनाक्रम :** 24 अगस्त को दिगौड़ा निवासी अजीत सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई पंकज सेन अचानक लापता हो गया है। इस घटना के पीछे अवैध शराब के परिवहन का मामला भी जुड़ा हुआ बताया गया। शिकायत दर्ज होने के बाद दिगौड़ा थाना प्रभारी संदीप सोनी अपनी टीम के साथ जांच के लिए टीकमगढ़ पहुँचे टीकमगढ़ के नए बस स्टैंड पर पुलिस को एक सफेद रंग की ग्रांड विटारा कार में गुमशुदा पंकज सेन अपने साथियों संजू राय, संजय राय, अभिलाष राय और मनोज सेन के साथ मिला। वहीं अनिल राय कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने संदिग्ध हालात में मिला। पुलिस ने सभी को पकड़ा और थाने ले जाकर पूछताछ की।

**जांच के बाद हुई कार्रवाई :** जांच के दौरान यह तथ्य सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी संदीप सोनी और आरक्षक कपिल शर्मा को लाइन अटैच करने के आदेश जारी किए।

**विभाग में मचा हड़कंप :** इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। माना जा रहा है कि अपहरण और अवैध शराब के मामलों को लेकर पुलिस मुख्यालय पहले से ही सख्त है। ऐसे में बिना अनुमति और बिना सूचना दिए कार्रवाई करना अधिकारियों की नजर में बड़ी चूक माना गया। इस प्रकरण को अन्य थाना क्षेत्रों के लिए भी चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पन्ना विधायक ने मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए अनुबंध हस्ताक्षर पर जताया आभार

**जागरण, पन्ना।** विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने आज मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर निष्पादन पर केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा सहित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा का आभार व्यक्त किया है। विधायक ने कहा कि अब मेडिकल कॉलेज की स्थापना एवं बहुप्रतीक्षित मांग का सपना साकार होने से क्षेत्रीयजनों में भी हर्ष व्याप्त है। इससे स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हो सकेंगी। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर भी लोगों को बीमारी के उपचार में बड़ी मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान ही विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के पूर्व पन्ना जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने संबंधी सैद्धांतिक स्वीकृति दिलवाई थी।

# विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में अभिभाषकों के साथ की प्रिसिटिंग बैठक

## नेशनल लोक अदालत

**जागरण, पन्ना।** आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिकतम प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण और इसके सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन व विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में क्लेम प्रकरणों के आवेदक व अनावेदक तथा बीमा कंपनी के अभिभाषकों के साथ प्रिसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय के एडीआर सेंटर सभाकक्ष में संपन्न हुई बैठक में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड राजकुमार गौड़ एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन सहित बीमा कंपनी के अभिभाषक एम.एल. अवस्थी, आवेदक अधिवक्ता नरेन्द्र श्रीवास्तव, विजय शंकर पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंह परमार, रोशन तिवारी, राजेश तिवारी, दिलीप चौरसिया, लक्ष्मीनारायण द्विवेदी, आर.सी. तिवारी, महेन्द्र द्विवेदी, अमित सेन, एस.के. खरे, के.पी. मिश्रा, आनंद त्रिपाठी, करण सिंह, राजकुमार कुशवाहा, अशोक द्विवेदी एवं विजय सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

प्रिसिटिंग बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा क्लेम प्रकरणों में प्रतिकर राशि के संबंध में जारी गाइडलाइन अनुसार उभयपक्ष के मध्य विस्तार से चर्चा कर सहमति बनाई गई। साथ ही प्रपोजल भी तैयार करवाया गया। बीमा कंपनी से सहमति प्राप्त होते ही सभी प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत में राजीनाम के माध्यम से निराकरण होगा।

# दो नाबालिग बालिकाओं को अलग-अलग स्थानों से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया




**जागरण, पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना सलेहा क्षेत्रान्तर्गत अलग-अलग दिनांक को लापता हुई दो नाबालिग बालिकाओं को पन्ना पुलिस द्वारा सतना एवं महाराष्ट्र से सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। अलग-अलग फरियादियों द्वारा अलग-अलग दिनांक को थाना सलेहा में अपहरण संबंधी रिपोर्ट करने पर फरियादियों के बताये अनुसार अलग-अलग अपराध क्रमांक 240/2025 एवं 241/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध किये जाकर विवेचना में लिये गये थे । दर्ज किये गये अपराधो की जानकारी थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया जाकर अपहृत बालिकाओं की दस्तायबी हेतु उचित दिशा निर्देश दिये गये । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार गठित टीम द्वारा अपहृताओं की जानकारी के संबंध में लगातार प्रयास किये गये एवं अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । मामले में मुखबिर सूचना के आधार पर दोनो अपहृताओं को अलग-अलग दिनांक को महाराष्ट्र एवं सतना से सकुशल दस्तयाब किया गया है । उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उप निरीक्षक बलबीर सिंह, सउनि भैयामन सिंह, सउनि सुशील तिर्की, प्र.आर. गोविन्द सिंह, विपिन पाण्डेय, आदित्य कुशवाहा, आर. बीपेन्द्र कुशवाहा, महिला आरक्षक सृष्टि तिवारी, नेहा रैकवार, चालक प्र.आर. अशोक चौरसिया एवं सायबर सेल पन्ना टीम का विशेष योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है। अपनी-अपनी नाबालिग बेटियों के सकुशल घर लौटने पर परिजनों द्वारा पुलिस टीम को धन्यवाद देते हुए कार्य की सराहना की गई है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत ईको गणेश बीज गणेश गतिविधि

**जागरण, टीकमगढ़।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के निर्देशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण नोडल अधिकारी अजय दीक्षित की उपस्थिति में मंगलवार को शासकीय वीरांगना अवंती बाई लोधी कन्या महाविद्यालय में ईको गणेश मूर्ति निर्माण बीज गणेश की विशेष गतिविधि आयोजित की गई।बइस अनूठी पहल में स्वच्छता दल की टीम ने छात्राओं के साथ मिलकर मिट्टी से गणेश प्रतिमाएँ बनाईं। खास बात यह रही कि इन प्रतिमाओं के भीतर किसी फल, फूल या हर्बल पौधे का बीज रखा गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य परंपरा और पर्यावरण संरक्षण को साथ जोड़ते हुए इको-फ्रेंडली गणेश उत्सव मनाना है। प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर बच्चों को विशेष निर्देश दिए गए कि वे घर पर ही किसी गमले, बर्तन या बाल्टी में गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन करें। जैसे-जैसे मिट्टी घुलेगी, अंदर रखे गए बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप लेंगे। इससे न केवल जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाया जा सकेगा बल्कि हर घर में पौधों का संवर्धन भी होगा। स्वच्छता दल के सदस्यों ने छात्राओं को मिट्टी की प्रतिमाएँ बनाने का प्रशिक्षण दिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस पहल को छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनाया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने की बात कही।

**परंपराओं को संजोए, रखे बीज गणेश- सीएमओ भदौरिया :** वही सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया का कहना है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में जनभागीदारी हमारी प्राथमिकता है। बीज गणेश जैसी पहल से हम परंपराओं को संजोते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। जल प्रदूषण रोकने के साथ ही हर घर में पौधे पनपेंगे, जिससे शहर हरा-भरा बनेगा। नगर पालिका ऐसी गतिविधियों को लगातार बढ़ावा देती रहेगी।

# विशाल रक्तदान शिविर के साथ मनाया दादी जी का पुण्य स्मृति दिवस



## 91 यूनिट के साथ हुआ विशाल रक्तदान शिविर समापन

**जागरण, पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में परम आदरणीय प्रकाशमणि दादी जी के 18 वें पुण्य स्मृति दिवस को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहन ने दादी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी जी का संपूर्ण जीवन सरलता,सहजता निस्वार्थ सेवा का अद्वितीय उदाहरण था उनका व्यक्तित्व स्नेह करुणा और उदारता से परिपूर्ण था दादी जी हर परिस्थिति में धैर्य और सहनशीलता के साथ मधुर वाणी से सबका मार्गदर्शन करती थी वे सदा एकता और विश्व बंधुत्व का संदेश देती रही और उनका विश्वास था की आत्मा भाईचारे की भावना से ही विश्व शांति की स्थापना संभव है, दादी जी का जीवन आज भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है,

**दादी जी के बताए हुए आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प :** दादी जी के पुण्य स्मृति दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जो 22 अगस्त को देवेंद्र नगर से प्रारंभ हुआ डॉ अभिषेक जैन, तहसीलदार, टीआई साहब साहब, ब्लड बैंक मैनेजर सहित अन्य लोग की मौजूदगी में 18 यूनिट कलेक्ट किया गया, पवई में 24 यूनिट कलेक्ट किया गया, उपस्थिति रहे विधानसभा के विधायक प्रहलाद लोधी, डॉ नगायच समस्त स्टाफ पन्ना ब्लड बैंक में 30 यूनिट कलेक्ट किया गया, 25 अगस्त दादी जी की पुण्य स्मृति पर हुआ समापन जो की सुबह 10ः00 बजे से ब्लड बैंक पन्ना में आरंभ हुआ देर रात 8ः00 बजे तक दानदाताओं का ताता लगा रहा, संस्था की तरफ से सभी रक्तदान दाताओं को सर्टिफिकेट, ईश्वरीय उपहार एवं प्रसाद आदि सप्रेम भेंट किया गया, कुल 91 यूनिट ब्लड बैंक पन्ना में जमा किया गया, ब्लड बैंक से जानकारी हुई की पहली बार इतना यूनिट जमा किया गया ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी रक्तदान दाताओं का दिल से धन्यवाद देते हुए उनके स्वस्थ रहने की शुभकामना की।

# पांच दिवसीय रासलीला समारोह 27 अगस्त से

**जागरण, पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा राधा अष्टमी पर्व पर जिला प्रशासन के सहयोग से पहली बार श्री जुगल किशोर प्रांगण में पांच दिवसीय रासलीला समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा श्रीराधा प्रकटोत्सव पर केन्द्रित रासलीला एवं अन्य लोक कलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मथुरा के माधव आचार्य एवं साथी कलाकारों द्वारा 27 से 31 अगस्त तक रासलीला कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस क्रम में 27 अगस्त को गुनौर की शांति पटेल भक्ति गायन एवं कटनी की ज्ञानेश्वरी नायडू राई नृत्य, 28 अगस्त को छतरपुर की चन्दा कुशवाहा भक्ति गायन एवं राजू यादव राई नृत्य, 29 अगस्त को छतरपुर के रवीन्द्र अहिरवार बरेदी नृत्य एवं रचना लोधी भक्ति गायन तथा 30 अगस्त को टीकमगढ़ के शैलेन्द्र सिसोदिया मोनिया नृत्य एवं दतिया की आकांक्षा राजपूत बधाई नृत्य की प्रस्तुति देंगी। रविवार, 31 अगस्त को राधाष्टमी पर संपूर्ण दिवस नृत्य एवं भक्ति गायन के कार्यक्रम होंगे। डिंडोरी के तुलेश्वर भार्वे द्वारा गोण्ड जनजातीय एवं धनीराम बगदरिया द्वारा बैगा जनजातीय कर्मा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी, जबकि सागर की रचना तिवारी बधाई नृत्य, सतना के अमितेश सेन अहिराई नृत्य तथा दमोह के प्रदीप-नितिन अग्रवाल एवं साथी कलाकरों द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। रासलीला समारोह अंतर्गत 27 से 30 अगस्त के निर्धारित कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से प्रारंभ होगे। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है।

# जनसुनवाई में हुई 24 आवेदनों पर कार्यवाही




**जागरण, पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 24 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और तत्परता से समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर अनिल तलैया एवं अधीक्षक भू-अभिलेख मेघेन्द्र बंदोपाध्याय ने जनसुनवाई की। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई। इसके अलावा ग्राम पंचायत, विकासखण्ड और तहसील मुख्यालयों पर भी जनसुनवाई हुई और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना और निराकरण किया गया।

# खजुराहो सांसद के विशेष प्रयास से पन्ना में बनेगा मेडिकल कॉलेज

**जागरण, पन्ना।** खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा के विशेष प्रयास से पन्ना में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का सपना साकार होने जा रहा है। आज जबलपुर में अनुबंध हस्ताक्षर उपरांत अब पन्ना जिला मुख्यालय के निकट ग्राम जनवार में सार्वजनिक निजी भागीदारी से बनने वाले चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज बनने से स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होने के साथ ही स्थानीय स्तर पर लोगों को बेहतर उपचार की सुविधा भी आसानी से मिल सकेगी। सांसद श्री शर्मा ने इस उपलब्धि पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रसाद नड्डा सहित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रति आभार जताया है। साथ ही पन्ना जिलेवासियों को भी शुभकामनाएं दीं।

# जिला मजिस्ट्रेट ने पन्ना नगर में अलग-अलग मार्गो से बसों का आवागमन किया प्रतिबंधित

**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर मोटर व्हीकल अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं म.प्र. मोटर व्हीकल नियम 1994 के नियम 215 के अंतर्गत पन्ना शहर के अंदर यात्री बसों के आने जाने का मार्ग निर्धारित कर अलग-अलग मार्गों से बसों का आवागमन प्रतिबंधित किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया था कि शहर के अंदर यात्री बसों के आने जाने का मार्ग निर्धारण न होने के कारण बस संचालकों एवं चालकों द्वारा मनमाने तरीके से अलग-अलग मार्गों से बसों का आवागमन किया जाता है। इस कारण शहर की यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। अब पन्ना नगर के अंदर यात्री बसों के आवागमन के निर्धारित मार्ग अनुसार सतना, अमानगंज एवं छतरपुर की ओर से आने वाली सभी यात्री बसें बस स्टैंड जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 से डायमंड चौराहा से ब्लॉक तिराहा होकर, बीटीआई तिराहा होते हुए बस स्टैंड जाएंगी। इसी तरह अजयगढ़ और पहाड़ीखेरा की ओर से आने जाने वाली सभी बसें सिटी पोस्ट ऑफिस तिराहा से छतरपुर बायपास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 से मोहन निवास चौराहा-डायमंड चौराहा-ब्लॉक तिराहा होकर बीटीआई तिराहा से बस स्टैंड जाएंगी, जबकि बस स्टैंड से जाने वाली सभी बसें बेनीसागर तिराहा से अस्पताल तिराहा होकर ब्लॉक तिराहा से डायमंड चौराहा होते हुए गंतव्य स्थान की ओर जाएंगी।



पर्यटन मंत्रालय
MINISTRY OF TOURISM
सत्यमेव जयते
मध्यप्रदेश शासन
The heart of Incredible India
PHDCCI
आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करता
मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव
रूह Mantic
शुभारंभ
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
विशिष्ट अतिथि
गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय
27 अगस्त, 2025 । प्रात: 9:00 बजे । होटल अंजुश्री, उज्जैन, मध्यप्रदेश
"मध्यप्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन विकास के नये अध्याय की शुरुआत"
प्रमुख गतिविधियां
राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस । अधोसंरचना विकास, आध्यात्मिक पर्यटन में सांस्कृतिक संवर्धन पर चर्चा । आध्यात्मिक पर्यटन के आयामों पर संवाद
महत्वपूर्ण सत्र
मंदिर अर्थव्यवस्थाएं । महाकाल का मंडल । डिजिटल में दिव्य । पवित्र धुरी के संरक्षक
D-11090/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

# इंदौर पहुंची महिला विश्व कप ट्रॉफी



जेएनएन, इंदौर

आईसीसी महिला वनडे विश्व कप ट्रॉफी टूर ने शहर के सबसे ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों, जैसे राजवाड़ा पैलेस, गांधी हॉल, केंद्रीय संग्रहालय, सिरपुर झील और पितृ पर्वत का भ्रमण करते हुए इंदौर में अपना पड़ाव डाला। 30 सितंबर से शुरू होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के दौरान इंदौर पांच मैचों की मेजबानी करेगा। इस पांच दिवसीय दौरे का एक प्रमुख आकर्षण इंदौर के स्कूलों का दौरा था। छात्रों ने 'गार्ड ऑफ ऑनर' के साथ ट्रॉफी का स्वागत किया। क्रिकेट की थीम वाले खेलों और क्विज में भाग लिया। आईसीसी का टूर्नामेंट से जुड़ा विशेष सामान और उपहार जीते। भारत की अंडर-19 क्रिकेटर आयुषी शुक्ला भी ट्रॉफी के इस दौरे का हिस्सा बनीं। प्रतिष्ठित स्थानों पर कई कार्यक्रमों और मीडिया रोड शो के माध्यम से इस दौरे का उद्देश्य हजारों प्रशंसकों को इस बहुप्रतीक्षित वैश्विक प्रतियोगिता से पहले इस बेशकीमती ट्रॉफी से जुड़ने का अवसर प्रदान करना है। यह टूर भारत और श्रीलंका के चुनिंदा शहरों की यात्रा करेगा और इसका अगला पड़ाव मुंबई होगा।

# विश्व चैंपियनशिप : सिंधू ने 69वीं रैंक की खिलाड़ी को हराया, प्रणय 47 मिनट में जीते

## दूसरे दौर में सिंधू का सामना थाईलैंड की लेटशाना से, प्रणय की भिड़ंत एंटोनसेन से

जेएनएन, पेरिस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता व पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में सीधे गेम में जीत के साथ क्रमशः महिला और पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए। विश्व की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू शुरुआत में थोड़ी असहज नजर आई, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली और अपने आक्रामक खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए महिला एकल के अपने पहले दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग की बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा को 23-21, 21-6 से हराया। विश्व में 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने 47 मिनट तक चले मुकाबले में फिनलैंड के विश्व में 47वें नंबर के खिलाड़ी जोकिम ओल्डॉर्फ को 21-18, 21-15 से हराया। सिंधू का अगला मुकाबला थाईलैंड की करुपाथेवन लेटशाना से होगा, जबकि प्रणय का सामना दूसरे वरीय एंडर्स एंटोनसेन से हो सकता है। भारत की 30 वर्षीय खिलाड़ी सिंधू को शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने कुछ गलतियां की, जिसके कारण एक समय वह 0-4 से पीछे चल रही थी। नलबांटोवा ने दबाव बनाए रखते हुए 9-5 की बढ़त बना ली थी और इंटरवल तक वह 11-7 से आगे थी। नलबांटोवा के पास 19-20 के स्कोर पर एक गेम प्वाइंट था, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाईं। बुल्गारिया की खिलाड़ी को एक और गेम प्वाइंट मिला, लेकिन वह इसे भुनाने में भी नाकाम रही। सिंधू ने इसके बाद पहले गेम प्वाइंट पर ही गेम अपने नाम कर दिया। सिंधू ने दूसरे गेम में अच्छी शुरुआत की और जल्द ही 5-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद नलबांटोवा ने अंतर को 5-6 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी इंटरवल तक छह अंक से आगे थी। इसके बाद यह मैच एकतरफा हो गया, क्योंकि सिंधू ने अपनी बढ़त 17-5 कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद 15 मैच प्वाइंट हासिल किए और दूसरे को भुनाकर मैच अपने नाम कर दिया। प्रणय शुरुआत में थोड़ा पीछे हो गए, लेकिन जल्द ही उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली और क्रॉस कोर्ट स्मैश से स्कोर 8-7 कर दिया। उन्होंने फोरहैंड क्रॉस से स्कोर 10-8 किया और फिर सीधे स्मैश से दो अंकों की बढ़त बना ली। ओल्डॉर्फ ने हालांकि अच्छी वापसी करके स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया।







## खेल एक नजर

### सिंकफील्ड कप : प्रज्ञानानंदा को संयुक्त बढ़त, गुकेश हारे

**सेंट लुइस, जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सिंकफील्ड कप के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढ़त बना ली। लगातार ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा की यह दूसरी जीत है। वह अमेरिका के फेबियानो कारूआना के साथ 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं, जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश को अमेरिका के वेसली सो के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। लेवोन आरोनियन और वेसली चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव, पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ और अमेरिका के सैमुअल सेवियान संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश और अलीरजा तीन-तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं, जबकि नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव डेढ अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं। पिछले दो दौर में सारे मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद सातवें दौर में पांच में से तीन मुकाबलों के नतीजे निकले। अलीरजा और गुकेश के अलावा नोदिरबेक को भी पराजय झेलनी पड़ी, जिन्हें डुडा ने हराया।



### एशियाई खेलों पर टिकी हैं जोशना चिनप्पा की निगाहें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अनुभवी स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा 30 की उम्र पार करने के बावजूद खेल में बने रहना चाहती हैं और उनका तात्कालिक लक्ष्य अगले साल होने वाले एशियाई खेल हैं। विश्व की पूर्व नंबर 10 खिलाड़ी जोशना अगले महीने 39 साल की हो जाएगी। वह दीपिका पल्लीकल और सौरव घोषाल के संन्यास लेने के बाद भारतीय स्क्वाश की स्वर्णिम पीढ़ी की अंतिम सक्रिय सदस्य हैं। जोशना ने एचसीएल और भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के मौके पर कहा कि मैं अभी एक समय में एक ही टूर्नामेंट पर ध्यान दे रही हूं और इस साल के अंत में कुछ और पीएसए प्रतियोगिताओं में खेलने जा रही हूं। उन्होंने कहा कि मैं अभी जिंदगी के उस पड़ाव पर हूं, जहां मुझे यह देखना पड़ता है कि मेरा शरीर टूर्नामेंट में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट है या नहीं। इसलिए मैं चुनिंदा टूर्नामेंट में ही भाग ले रही हूं। खेल से शरीर पर पड़ने वाले असर को देखते हुए जोशना तत्काल और आसानी से हासिल किए जा सकने वाले लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उनमें से एक अगले साल जापान में होने वाले एशियाई खेल हैं। उन्होंने कहा कि एशियाई खेल निश्चित रूप से मेरे दिमाग में हैं। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि मैं अन्य टूर्नामेंट में कैसा प्रदर्शन करती हूं, क्योंकि मुझे ट्रायल्स से भी गुजरना पड़ सकता है। लेकिन निश्चित तौर पर मैं एशियाई खेलों को ध्यान में रखकर तैयारी कर रही हूं। स्क्वाश का 2028 लॉस एंजिलिस खेलों में ओलंपिक में पदार्पण होना तय है, लेकिन जोशना इतनी दूर की नहीं सोच रही हैं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं अभी ओलंपिक के बारे में नहीं सोच रही हूं।





### खेल को बढ़ावा देने ब्रिटेन में बनेगा नया क्रिकेट डोम

**लंदन, जेएनएन।** ब्रिटिश भारतीय खेल मंत्री लिसा नंदी ने 2026 महिला टी-20 विश्व कप से पहले ब्रिटेन में महिलाओं और लड़कियों के खेल को बढ़ावा देने के लिए इंडोर स्थल के रूप में अत्याधुनिक क्रिकेट डोम के निर्माण हेतु नए सरकारी वित्तपोषण की घोषणा की है। संस्कृति, मीडिया और खेल विभाग (डीसीएमएस) ने सोमवार को कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को उन क्षेत्रों में उच्चस्तरीय सुविधाएं बनाने में मदद के लिए 15 लाख पाउंड का निवेश प्रदान किया जा रहा है जहां खेलने के लिए उपयुक्त स्थानों की सख्त कमी है। पूर्वी इंग्लैंड में ल्यूटन और उत्तर में लंकाशर उन शुरुआती क्षेत्रों में शामिल होंगे जहां ये डोम बनाए जाएंगे जिससे क्रिकेट प्रेमी पूरे साल क्रिकेट खेल सकेंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीस 82वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी से हारकर बाहर

## यूएस ओपनः मैक्सिको की रेनेटा ने किया उलटफेर, क्वितोवा पहले राउंड में हारी

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मेडिसन कीस को यूएस ओपन के पहले दौर में मैक्सिको की 82वीं रैंकिंग वाली रेनेटा जाराजुआ ने हराकर उलटफेर कर दिया। छठी वरीयता प्राप्त कीस ने 89 सहज गलतियां और 14 डबल फाल्ट किए, जिसकी वजह से उन्हें 7-6, 6-7, 5-6 से पराजय का सामना करना पड़ा। अन्य मुकाबलों में ब्राजील के 19 वर्ष के जोओ फोंसेका ने अमेरिकी ओपन में पदार्पण के साथ जीत दर्ज करते हुए मियोमीर केसमानोविच को 7-6, 7-6, 6-3 से हराया। वहीं कनाडा की 18 वर्ष की विकी एमबोको ने दो बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-2 से मात दी। दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को डायने पैरी ने 6-1, 6-0 से हराया। वहीं 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंची कैरोलिन गार्सिया अपने करियर के आखिरी टूर्नामेंट में कामिला रखिमोवा से 6-4, 4-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गई। पेत्रा क्वितोवा ने हार के बाद टेनिस को अलविदा कह दिया। मुकाबला खत्म होने के बाद क्वितोवा की आंखें भर आई। दर्शक दीर्घा में मौजूद उनके पति और कोच जिरि वानेक ने उन्हें गले लगाया। पिछले साल जुलाई में बेटे को जन्म देने वाली क्वितोवा 17 महीने बाद कोर्ट पर लौटी थी। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ही कह दिया था कि यूएस ओपन उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले वह कोविड 19 संक्रमण का शिकार होने के कारण नाम वापिस लेने की सोच रही थी। उन्होंने कहा कि सुबह उठने के बाद से मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा नहीं होगा। मैं खा नहीं सकी। मैं काफी नर्वस थी और कुछ कर नहीं पा रही थी। यह काफी कठिन था। मैंने कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था। क्वितोवा ने 2011 में मारिया शारापोवा को हराकर विंबलडन खिताब जीता था। इसके बाद 2014 में यूजीन बूचार्ड को हराकर खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2019 के फाइनल में उन्हें नाओमी ओसाका ने हराया था।



### हांगकांग के खिलाड़ी वोंग ने बनाया रिकॉर्ड

21 साल के कोलमैन वोंग 1968 के बाद से ओपन युग में किसी ग्रैंडस्लैम में एकल मैच जीतने वाले हांगकांग के पहले खिलाड़ी बन गए। वोंग ने अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच को सीधे सेटों में 6-4, 7-5, 7-6 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह बड़ा पल है। मेरे परिवार और हांगकांग के लोगों के लिए भी। वोंग के आदर्श रफेल नडाल हैं और उनका परिवार स्पेन जा बसा था, ताकि वह राफा नडाल अकादमी में प्रशिक्षण ले सकें। वोंग ने कहा कि यह टूर्नामेंट हर टेनिस खिलाड़ी का सपना है। हर खिलाड़ी यहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। मैं इस लय को कायम रखना चाहता हूं।

# सरफराज का आठ दिन में दूसरा शतक, टीम को संकट से निकाला

## हरियाणा के खिलाफ 84 पर 4 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी मुंबई

**चेन्नई, जेएनएन।** सरफराज खान की 111 रन की आक्रामक पारी की बदौलत मुंबई ने अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को हरियाणा के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए नौ विकेट पर 346 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने एक समय 84 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद सरफराज ने 112 गेंद में नौ चौकों और पांच छक्कों से आक्रामक शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इसी प्रतियोगिता में टीएनसीए एकादश के खिलाफ 138 रन की पारी खेलने वाले सरफराज ने छक्के की मदद से 99 गेंद में शतक पूरा किया। टीएनसीए के खिलाफ उनका शतक 18 अगस्त को आया था। मुंबई को सलामी बल्लेबाजों दिव्यांश सक्सेना (46) और मुशीर खान (30) ने 69 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई थी, लेकिन इसके बाद टीम ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के अलावा प्रग्नेश कंपिलेवार (03) और सूर्यांश शेडगे (01) के विकेट भी जल्दी-जल्दी गंवाए और उसका स्कोर चार विकेट पर 84 रन हो गया। तनुष कोटियान (48) और शम्स मुलानी (नाबाद 50) ने भी उपयोगी पारियां खेली। इस बीच रुतुराज गायकवाड़ (133 रन, 10 चौके, चार छक्के) और अर्शिन कुलकर्णी (146 रन, 16 चौके और एक छक्का) के शतक की बदौलत महाराष्ट्र ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 440 रन बनाए। हिमाचल की तरफ से प्रिंस ठाकुर ने 144 रन देकर सात विकेट चटकाए। छत्तीसगढ़ ने शशांक तिवारी के 54 रन पर पांच विकेट की बदौलत टीएनसीए अध्यक्ष एकादश को 266 रन पर समेटने के बाद बिना विकेट खोए चार रन बनाए।



# आंध्र प्रदेश को छोड़कर त्रिपुरा के लिए खेलेंगे हनुमा विहारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए त्रिपुरा की टीम में शामिल हुए हैं। विहारी हालिया समय में काफी अच्छे लय में दिख रहे हैं। हाल ही में वे आंध्रा प्रीमियर लीग में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। त्रिपुरा की तरफ से खेलने के लिए उन्हें आंध्रा क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) भी मिल चुका है। जानकारी के अनुसार त्रिपुरा की टीम से विहारी का अनुबंध फिलहाल एक सीजन के लिए है। हालांकि इसमें यह भी विकल्प है कि आपसी सहमति से इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। इस निर्णय के पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि विहारी सभी प्रारूपों में हिस्सा लेना चाहते थे और आंध्रा की टीम इसे लेकर किसी भी तरह का वादा या सहमति नहीं जता रही थी। विहारी ने कहा, मैं तीनों प्रारूप खेलने के काबिल हूं। मैं चाहता था कि मुझे कुछ और अवसर मिले और उसके लिए काफी उत्साहित भी था। हालांकि आंध्रा की टीम ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वे टी-20 के लिए युवा खिलाड़ियों पर ज्यादा भरोसा दिखाएंगे। इस कारण से मेरे लिए निजी तौर पर 50 ओवर की क्रिकेट मायने नहीं रखती थी। इसलिए मैंने विजय हजारे ट्रॉफी से खुद को अलग कर लिया था। साथ ही मेरी इच्छा थी कि मैं अब एक नए माहौल में खेलूं। 2023-24 के रणजी सीजन के बाद विहारी और एसीए के बीच मतभेद हुआ था। तब विहारी ने कहा था कि उन्हें अपमानित और शर्मिंदा महसूस कराया गया था।



# एशिया कप टूर्नामेंट से पहले ब्रेक मेरे लिए अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर लौटने का अवसर : सूर्यकुमार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी हाल की चोट के बारे में खुलकर बात करते हुए कहा कि यह ब्रेक अगले महीने होने वाले एशिया कप से पहले अपने 'सर्वश्रेष्ठ स्तर' पर लौटने का एक मौका था। उन्हें चोट के कारण सर्जरी करानी पड़ी और छह हफ्ते के रिहैबिलिटेशन से गुजरना पड़ा। 34 साल के सूर्यकुमार ने जून में आईपीएल के अंत में पेट के दाहिने निचले हिस्से में समस्या का पता चलने के बाद म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया में हिस्सा लिया। सूर्यकुमार अब पूरी तरह से फिट हो गए हैं और नौ सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप में टीम की अगुआई करेंगे। बीसीसीआई द्वारा मंगलवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो में सूर्यकुमार ने कहा, मैं अभी अच्छा महसूस कर रहा हूं। पांच-छह हफ्ते हो गए हैं। यह एक अच्छी प्रक्रिया है। पिछले छह हफ्तों से अच्छी दिनचर्या है और उम्मीद है कि मैं बहुत अच्छा महसूस करूंगा। उन्होंने कहा कि रिहैब के दौरान सबसे जरूरी बात यह है कि आपके आस-पास अच्छे लोग हों जो आपका अच्छी तरह से मार्गदर्शन करें और पिछले दो-तीन वर्षों में मैं जब भी मैं रिहैब में था तो मैंने यही किया। मैंने इसे अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर में वापसी करने के अवसर के रूप में देखा। भारतीय टी-20 कप्तान ने कहा कि अगर मैं यहां छह हफ्ते, आठ हफ्ते या 12 हफ्ते के लिए होता तो मैं एक-एक हफ्ते को ध्यान में रखकर योजना बना सकता था। खुद को मानसिक रूप से उस तरह तैयार कर सकता था और बस सुविधाओं का उपयोग करता और सही दिशा में आगे बढ़ सकता था।



## सिटी स्पोर्ट्स

# एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : आशी और अहान ने जीता टीम स्पर्धा में गोल्ड

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राज्य अकादमी की खिलाड़ी आशी चौकसे और सैय्यद अहान अली ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। अहान का इस चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक भी है। उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में एक कांस्य पदक हासिल किया। कजाखस्तान के शिमकेंट में खेली जा रही चैंपियनशिप में भोपाल की आशी ने ओलंपियन सिफत कौर सामरा और अंजूम मुद्गिल के साथ महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस टीम स्पर्धा में भारत को पीला तमगा दिलाया। क्वालिफिकेशन में सामरा ने 589 स्कोर किया, जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। एक दिन पहले मप्र की राष्ट्रीय खेल चैंपियन नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप वर्ग में स्वर्ण जीता था। वहीं अहान ने व्यक्तिगत स्पर्धा में एक कांस्य और टीम स्पर्धा में एक स्वर्ण पदक जीता। अहान ने शॉटगन ट्रैप स्पर्धा में 102 अंक लेकर कांस्य पदक जीता। ट्रैप टीम स्पर्धा में युगान मुथुकुमार सक्थवेल (116 अंक), अहान (102 अंक) और मानवराज सिंह (90 अंक) ने 308 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। पदक विजेता खिलाड़ियों को खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी।



# बालक वर्ग में भोपाल बना ओवरऑल चैंपियन, बालिकाओं में दूसरे स्थान पर

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल के खिलाड़ियों ने छठवीं राज्य स्तरीय थांगता (मार्शल आर्ट्स) चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग में 27 स्वर्ण पदक के साथ खिताब जीता। वहीं बालिका वर्ग में 22 स्वर्ण जीतकर छिंदवाड़ा ओवरऑल चैंपियन रहा। मप्र थांगता एसोसिएशन के तत्वाधान में यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता एलएनसीटी में खेली गई। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालक वर्ग में दतिया दूसरे और छिंदवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में भोपाल द्वितीय और दतिया तृतीय स्थान पर रहा। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।



**कनिष्का, सारा व गौरव को स्वर्ण :** एजी कॉन्वेंट स्कूल के खिलाड़ियों ने थांगता प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक जीते। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में कनिष्का यादव, सारा नाज व गौरव लोहत है। हुजैफा सैफी, अली असगर, अनमोल यादव व साकिना ने रजत और उम्मेहानी व यासिर ने कांस्य पदक जीता।

दैनिक जागरण
सतना जागरण
रीवा, 27 अगस्त, 2025
www.dainikjagranmpcg.com


### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 1 सितंबर को

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित किया जाने वाला समाधान आनलाइन कार्यक्रम संशोधित तिथि के अनुसार अब 1 सितंबर 2025 को सायं 4 बजे से आयोजित किया जायेगा।

### उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह संबंधी बैठक 4 को

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह संबंधी बैठक 4 सितंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में आयोजित की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैहर दिव्या पटेल ने बैठक में सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# भैंस चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार 62 लाख से अधिक की सामग्री जब्त

## उचेहरा पुलिस ने कार्यवाही कर पकड़ा




**जागरण सतना**

भैस चोरी के चार आरोपियों को उचेहरा थाना प्रभारी सतीश मिश्रा ने चंद घंटो के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पकडे गये आरोपियों के कब्जे से 40 नग भैस सहित 62 लाख 28 हजार रूपये की सामग्री जप्त की गई है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी प्रेमलाल कुवे एसडीओपी नागौद रघु केशरी के मार्गदर्शन में उचेहरा पुलिस ने की है।

### ये है मामला

फरियादी सुशील कुमार विश्वकर्मा पिता रामनाथ विश्वकर्मा उम्र 35 साल निवासी पिपरिया परसमनिया चौकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि भैसबांधने के सार में दो नग छोटे बडे भैसे को बांध कर खाना खाने गया था वापस लौटा तो वहां से भैसे गायब थी अज्ञात व्यक्यिों द्वारा 98 हजार रूपये कीमत की भैसे चोरी की गई है। ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू की तभी कुछ व्यक्ति ग्राम पोंडी गरदा में दो वाहनो में भैसो को लोड किये हुये है। ऐसी जानकारी पुलिस को मिली थी जिसके बाद मौके पर पहुचकर पुलिस ने रेड कार्यवाही कर दी जिसमें चार आरोपियों को पकड़ लिया गया।

### ये आरोपी गिरफ्तार

भैस चोरी के मामले में उचेहरा पुलिस ने जिन चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमे रामानुज सिंह पिता हरिहर सिंह उम्र 54 साल निवासी पोंडी गरादा जैन मो. पिता नरिरूदीन उम्र 24 साल निवासी सरनसवा फतेहपुर उ.प्र. , सफिक खान पिता अंदज अहमद उम्र 35 साल निवासी सचौली फतहपुर उ.प्र. और मो.अरसद पिता मो. इस्लाम उम्र 24 साल निवासी हसवा फतेहपुर उ.प्र. का नाम शामिल है आरोपियो के कब्जे से 40 नग भैसे जप्त की गई है जिनकी कीमत 20 लाख रूपये बताई गई है। इसी प्रकार 20 लाख रूपये कीमत का डीईएम वाहन क्रमांक यूपी 71सीटी 3053 और 20 लाख कीमत का यूपी 71 एटी 0644 , 2 लाख 28 हजार रूपये की चार बाइक सहित 62 लाख 28 हजार रूपये की जप्ती बनाई गई है।

## जनसुनवाई में सुनी गई 94 आवेदकों की समस्यायें



**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपर कलेक्टर विकास सिंह तथा डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 94 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

## विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति के विद्यार्थी अब 2 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**जागरण सतना।** अनुसूचित जाति विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति योजनांतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 2 सितंबर 2025 कर दी गई है। योजना में स्नातकोत्तर और शोध उपाधि (पीएच.डी.) के लिए इंजीनियरिंग, प्योर साइंस, एप्लाइड साइंस, एग्रीकल्चर साइंस, मेडिकल, मैनेजमेंट, इंटरनेशनल कॉमर्स, एकाउंटिंग फइनांस, फॉरेस्ट्री, नेचुरल साइंस, विधि और मानविकी जैसे विषयों में छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। पीएच.डी. के लिए आवेदक को स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी या 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 38 आवेदन

**जागरण सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 38 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम दिव्या पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।















# सरकारी रोड पर बना रखी थी बाउंड्री, नगर निगम ने तोड़ा

## जेसीबी से ध्वस्त किया गया अवैध निर्माण

**जागरण सतना।** सरकारी रोड पर अतिक्रमण कर बनाई गई बाउंड्रीवाल को नगर निगम ने ध्वस्त कर दिया है। यह कार्यवाही मंगलवार को एसडीएम रघुराजनगर सिटी राहुल सिलाडिया एवं नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी अंशुमान की मौजूदगी में की गई है। दरअसल यह पूरा मामला बगहा क्षेत्र का बताया जा रहा है जहां पर दिनेश सिंह के द्वारा सड़क पर बाउंड्री बनाकर रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया था। इस पूरे मामले की शिकायत राजेन्द्र सिंह द्वारा महापौर से की गई थी। जिसके बाद इस बडी कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

### बंद कर दिया था आवागवन





शिकायतकर्ता राजेन्द्र सिंह ने शिकायती पत्र में बताया था कि अनावेदक द्वारा शासकीय रोड पर दिवाल खड़ी कर आवागवन बंद कर दिया गया। फरियादी ने जांच कराकर दिवाल हटवाने और सार्वजनिक आम रास्ता पूर्व की भांति खुलवाये जाने की मांग की थी जिसके चलते मंगलवार को यह कार्यवाही की गई है।

# परिवहन विभाग द्वारा वाहन रजिस्ट्रेशन के डेटाबेस में मोबाइल नम्बर अपडेशन के लिये अभियान

## विभाग के सारथी पोर्टल पर दी गई है लिंक

**जागरण सतना।** वाहन के पंजीयन और ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करते वक्त आवेदक को अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य होता है। कई बार वाहन स्वामी की जगह डीलर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करा देते हैं। वाहन स्वामी और डीलर द्वारा सही मोबाइल नम्बर दर्ज कराने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल नम्बर कुछ वर्षो बाद परिवर्तित कर देने के कारण डेटाबेस में संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रह पाता है। मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिये इन दिनों परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वाहन स्वामी अथवा डीलर नेशनल इंफोर्मेशन सेन्टर (एनआईसी) के वाहन सारथी पोर्टल पर जाकर स्वयं ही आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। वाहन सारथी पोर्टल पर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से मोबाइल नम्बर अपडेट करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। आधार में दर्ज आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का वाहन पंजीयन और ड्रायविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम से शत-प्रतिशत मिलान होने पर डेटाबेस में मोबाइल नम्बर तत्काल अपडेट हो जाता है। आधार पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम में भिन्नता पाई जाती है, तो आवेदक को पोर्टल पर अपना कोई दूसरा परिचय पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र और पासपोर्ट अपलोड करना पड़ता है। आरटीओ कार्यालय द्वारा दर्ज दस्तावेज और आधार से आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस में दर्ज नाम का सत्यापन किया जाता है। अप्रूवल के बाद मोबाइल नंबर डेटाबेस में अपडेट हो जाता है। अपडेड प्रक्रिया को विस्तृत रूप से स्क्रीन शॉट के माध्यम से समझाने के लिए मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पोर्टल के होमपेज पर लिंक उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में वाहन रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लायसेंस संबंधी समस्त सेवाओं के लिये ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे है। डेटाबेस रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर आवेदक को अपना सत्यापन कराना होता है। मोबाइल नंबर डेटाबेस पर उपलब्ध न होने पर कई बार आवेदक इन सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। संबंधित वाहन के विरूद्ध अन्य प्रणालियों से चालान जारी होने पर डेटाबेस पर सही नंबर न होने के कारण कई बार वाहन स्वामियों को चालान के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। चालान का भुगतान लंबित होने पर ऐसे व्यक्तियों को परिवहन विभाग की सेवाओं से वंचित रहना पड़ सकता है। न्यायालयीन कार्रवाई की जाने पर उन्हें कोर्ट से समन भी आ सकते हैं। इन कारणों से मोबाइल नंबर अपडेट होना आवश्यक है।













# होर्डिंग में लगी फोटो के चेहरे को धारदार हथियार से काटा

## कलेक्टर से शिकायत करने पहुंची जिला पंचायत सदस्य, मांगी सुरक्षा



**जागरण सतना।** मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जयंती महेश तिवारी ने कलेक्टर मैहर को आवेदन सौप कर सुरक्षा की मांग की है। दरअसल उनके मैहर स्थित कार्यालय में लगी होर्डिंग में जो फोटो लगे हुये है उनके चेहरे धारदार हथियार से कूरूता पूर्वक काटे गये है। जिसको लेकर जिला पंचायत सदस्य ने कलेक्टर से शिकायत की है साथ ही एसपी से मुलाकात कर सुरक्षा की मांग करने की बात भी सामने आई है। अपने आवेदन में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जयंती महेश तिवारी ने कलेक्टर को बताया है कि होर्डिंग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल, प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह , सांसद गणेश सिंह मैहर विधायक श्रीकान्त चतर्वुेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने , जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत सदस्य जयंती तिवारी एवं उनके पति महेश तिवारी की फोटो लगी हुई है जिसे आधे धड से ब्लेड से चाकू से काटा गया है। इस मामले पर बताया गया है कि कुछ दिनो पूर्व धार्मिक नगरी मैहर में हिन्दू विरोधी गतिविधियो द्वारा संकुटा तालाब स्थित शिवमंदिर में भगवान नंदी की प्रतिमा खंडित की गई थी। जिसको लेकर सामाज में भारी आक्रोश था।

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com